

आईडीबीआई बैंक लिमिटेड IDBI Bank Limited
वार्षिक रिपोर्ट Annual Report 2010-11

विषय सूची

1	**निदेशकों की रिपोर्ट**
	प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण
11	कारोबार परिदृश्य
13	कारोबार समीक्षा
19	जोखिम प्रबंध
21	प्रबंध, नियंत्रण एवं प्रणालियां
25	सूचना प्रौद्योगिकी
27	कॉर्पोरेट अभिशासन
	लेखे
69	बैंक के लेखे
135	समेकित लेखे

CONTENTS

5	**Directors' Report**
	Management Discussion & Analysis
39	Business Environment
41	Business Review
47	Risk Management
49	Management, Controls & Systems
53	Information Technology
55	Corporate Governance
	Accounts
69	Accounts of the Bank
135	Consolidated Accounts



निदेशक मंडल (यथा 30 जून 2011)	BOARD OF DIRECTORS (As on June 30, 2011)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (संस्था के अंतर्नियम के नियम 116(1) (ए) के अंतर्गत नियुक्त)	Chairman & Managing Director (Appointed under Article 116(1) (a) of the Articles of Association)
श्री आर.एम. मल्ला	**Shri R.M. Malla**
उप प्रबंध निदेशक (संस्था के अंतर्नियम के नियम 116(1) (बी) के अंतर्गत नियुक्त)	Deputy Managing Director (Appointed under Article 116(1) (b) of the Articles of Association)
श्री बी.पी. सिंह	**Shri B.P. Singh**
संस्था के अंतर्नियम के नियम 116(1) (सी) के अंतर्गत नामित निदेशक	Directors nominated under Article 116(1) (c) of the Articles of Association
श्री राकेश सिंह	**Shri Rakesh Singh**
श्री आर. पी. सिंह	**Shri R.P. Singh**
संस्था के अंतर्नियम के नियम 116(1) (डी) के अंतर्गत नामित निदेशक	Directors nominated under Article 116(1) (d) of the Articles of Association
श्रीमती लीला फिरोज पूनावाला	**Smt. Lila Firoz Poonawalla**
संस्था के अंतर्नियम के नियम 116(1) (ई) के अंतर्गत शेयरधारकों द्वारा निर्वाचित निदेशक	Directors elected by the Shareholders under Article 116(1) (e) of the Articles of Association
श्री के. नरसिम्ह मूर्ति	**Shri K. Narasimha Murthy**
श्री एच.एल. जुत्शी	**Shri H.L. Zutshi**
श्री सुभाष तुली	**Shri Subhash Tuli**
डॉ.बी.एस. बिष्ट	**Dr. B.S. Bisht**

सांविधिक लेखा परीक्षक		Statutory Auditors	
चोकशी एंड चोकशी सनदी लेखाकार	**एस.पी. चोपड़ा एंड कं.** सनदी लेखाकार	**Chokshi & Chokshi** Chartered Accountants	**S.P. Chopra & Co.** Chartered Accountants



अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की कलम से

प्रिय शेयरधारको,

आईडीबीआई बैंक के निदेशक मंडल और प्रबंधन दल को वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए बैंक की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है. मुझे यह बताते हुए बड़ी खुशी है कि हम विगत वित्त वर्ष में शानदार वित्तीय कार्य-निष्पादन प्रदर्शित करने में सफल रहे हैं. मैं इस सफलता का श्रेय अपने कर्मचारियों को देता हूँ, जिन्होंने आपके बैंक के ग्राहकों को सर्वोत्तम बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए गहन प्रयास किए. यह वार्षिक रिपोर्ट बैंक द्वारा विगत वित्तीय वर्ष की विकास यात्रा और इस यात्रा के दौरान हासिल उपलब्धियों से आपको परिचित कराती है. इसके अलावा आपके बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में अपने कार्यकाल के पहले वर्ष में सभी अंशधारकों से मुझे जो सहयोग एवं समर्थन मिला है, उसके लिए मैं आभारी हूँ.

हमारे माननीय केंद्रीय वित्त मंत्री श्री प्रणब मुखर्जी ने ठीक ही कहा है कि भारतीय बैंकिंग क्षेत्र दुनिया के सबसे ज्यादा सुरक्षित बैंकिंग क्षेत्रों में से एक है. अच्छी आर्थिक वृद्धि, अनुकूल जनसांख्यिकी और बैंकिंग सुविधाओं तक पहुँच की संभावना के चलते देश के बैंकिंग क्षेत्र को लाभ हो रहा है. भारतीय अर्थव्यवस्था में पिछले वित्त वर्ष में 8.5% की वृद्धि दर्ज हुई और इस वर्ष भी इस वृद्धि के जारी रहने की आशा है. इसका लाभ उठाने के लिए आपका बैंक देश भर में फैली अपनी शाखाओं के माध्यम से ग्राहकों को सुखद अनुभव प्रदान करने के अपने प्रयास जारी रखेगा. हम भारत की दीर्घकालिक उन्नति में सहभागी बने रहना चाहते हैं और देश में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए बैंक शाखा नेटवर्क भी बढ़ा रहे हैं.

भारत में बैंकिंग परिचालन अब बहुत ग्राहक केंद्रित हो गए हैं. देश की युवा आबादी में अभूतपूर्व वृद्धि और बैंकिंग सेवाओं की बढ़ती माँग के चलते गति, सेवा गुणवत्ता और ग्राहक संतुष्टि अब भारतीय बैंकिंग जगत में सफलता के मूल मंत्र बन गए हैं. भारत में विदेशी बैंकों तथा नई पीढ़ी के निजी बैंकों की बढ़ती संख्या और सरकारी क्षेत्र के बैंकों की प्रबंधन शैली में आमूल-चूल परिवर्तन हो गया है, जिससे ग्राहकों का पसंदीदा बैंक बनने और निरंतर प्रतिस्पर्धी बढ़त बनाए रखने के लिए संतुष्टि, गुणवत्ता और निष्ठा का रणनीतिक महत्व बढ़ गया है और इसके लिए बैंक एक ठोस कारोबार रणनीति अपनाए हुए है. आपका बैंक प्रतिस्पर्धा के लिए पूरी तरह से तैयार है. आईडीबीआई बैंक ग्राहक आनंद में विश्वास रखता है, जिसमें महात्मा गाँधी का यह विचार प्रतिबिंबित होता है: ''ग्राहक हमारे परिसर में सबसे महत्वपूर्ण आगंतुक है. वह हम पर आश्रित नहीं है, हम उस पर आश्रित हैं. वह हमारे काम के बीच व्यवधान नहीं है, बल्कि वही हमारे कार्यों का प्रयोजन है. वह हमारे कारोबार के लिए बाहरी व्यक्ति नहीं है, बल्कि वह इसका हिस्सा है. उसे सेवा देकर हम उस पर कोई कृपा नहीं कर रहे हैं, बल्कि सेवा का मौका देकर वह हम पर कृपा कर रहा है.''

आने वाले वर्षों में आपका बैंक कॉरपोरेट बैंकिंग कारोबार में अपनी श्रेष्ठ स्थिति को बनाए रखते हुए रिटेल कारोबार में वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करता रहेगा. आईडीबीआई बैंक आज एक अत्यंत कुशल, समर्पित, युवा एवं अनुभवी कार्मिक तथा सुदृढ़ संगठनात्मक ढांचे के साथ एक ठोस कारोबार रणनीति अपनाए हुए है. आपका बैंक हर भारतीय के सपनों और आकांक्षाओं को साकार करने के लिए एक सक्रिय साझेदार के रूप में हर संभव कदम उठा रहा है.

आप सभी को तथा आपके परिवार के सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं.

आपका,

आर. एम. मल्ला
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

19 अप्रैल 2011

From the CMD's Desk

Dear Shareholders,

The Board of Directors and the Management Team of IDBI Bank are privileged to present the Bank's Annual Report for the Financial Year 2010-2011. I am extremely happy to state that we have been able to exhibit robust financial performance during last financial year. I attribute this success to the stellar efforts of our employees in delivering impeccable banking service to your Bank's customers. This Annual Report takes you through the odyssey of your Bank during the previous financial year and presents before you the fruits of this journey. Also, I am grateful to all the stakeholders for extending support and co-operation to me during first year of my tenure as CMD of your Bank.

As rightly stated by our Hon'ble Union Finance Minister Shri Pranab Mukherjee, Indian banking sector is one of the most secured in the world. Good economic growth, favourable demographics and under-penetration is benefiting the growth of banking sector in the country. Indian economy grew by 8.5% last fiscal and all of us expect the growth momentum to continue this year as well. To capitalize on this, your Bank will continue providing a delightful experience to its customers across all branches in the country. We remain focused on partnering India's growth for the long-term and also are expanding the Bank's branch network in a bid to promote financial inclusion in the country.

Banking operations have become very customer centric in India. With phenomenal rise in the country's young population and increased demand for banking services, speed, service quality and customer satisfaction have become key parameters to succeed in the Indian banking sector. The presence of foreign and new-generation private banks in India, and the paradigm shift in management style of state-owned banks in the country have stressed the strategic importance of satisfaction, quality and loyalty for winning consumer preferences and maintaining sustainable competitive advantages. Your Bank is fully prepared to meet the competition. IDBI Bank believes in customer delight that reiterates the philosophy of Mahatma Gandhi: "A customer is the most important visitor on our premises; he is not dependent on us. We are dependent on him. He is not an interruption in our work. He is the purpose of it. He is not an outsider in our business. He is part of it. We are not doing him a favor by serving him. He is doing us a favor by giving us an opportunity to do so."

In the years to come, your Bank's focus on growth in retail business would continue, without compromising its pre-eminent position in the corporate banking business. IDBI Bank today rides on the back of a robust business strategy, highly skilled, dedicated and young but experienced workforce and efficient organization structure. Your Bank is taking all the necessary steps to be an effective partner to every Indian in fulfiling their dreams and aspirations.

With best wishes to each one of you and your family members.

Yours sincerely,

R. M. Malla
Chairman & Managing Director

April 19, 2011



निदेशकों की रिपोर्ट
DIRECTORS' REPORT

निदेशकों की रिपोर्ट : 2010-11

आपके बैंक के निदेशक मंडल को 31 मार्च 2011 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए आपके बैंक के कारोबार तथा परिचालनों पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है.

वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान आपके बैंक के परिचालनों में उल्लेखनीय प्रगति देखी गई. सामरिक नीति में परिवर्तन करने, ग्राहक आनंद पर ध्यान केंद्रित करने तथा विशिष्ट योजनाएं व बेहतर सेवाएं प्रदान करने जैसी गतिविधियों से कारोबार तथा लाभप्रदता सूचकांक में वृद्धि हुई. यह नज़रिया बैंकिंग जगत में व्यापक परिवर्तन को दर्शाता है और इसी के कारण बैंक को अपनी योजनाओं व सेवाओं का विस्तार करने और ग्राहक, जो हमारे लिए सबसे अधिक मूल्यवान हैं, उनकी संख्या बढ़ाने में मदद मिली. 31 मार्च 2011 को आपके बैंक की कुल जमाराशियां तथा अग्रिम राशियां क्रमशः ₹ 1,80,485.8 करोड़ तथा ₹ 1,57,098.1 करोड़ रहे. समीक्षाधीन अवधि के दौरान आपके बैंक के कार्य-निष्पादन की प्रमुख विशेषताएं **तालिका** 1 में दी गई हैं :

तालिका 1 : वित्तीय विशेषताएं		
विवरण		**(₹ करोड़)**
वर्ष के अंत में	**2009-10**	**2010-11**
पूंजी	724.9	984.6
रिजर्व और अधिशेष	9,438.4	13,582.0
जमाराशियां	1,67,667.1	1,80,485.8
उधार राशियां	47,709.5	51,569.6
अन्य देयताएं और प्रावधान	8,032.9	6,754.8
कुल देयताएं	**2,33,572.8**	**2,53,376.8**
नकदी और रिज़र्व बैंक के पास शेष	13,903.5	19,559.0
बैंकों के पास शेष और मांग तथा अल्प सूचना पर देय राशि	679.4	1,207.0
निवेश राशियां	73,345.5	68,269.2
अग्रिम राशियां	1,38,201.8	1,57,098.1
अचल और अन्य परिसंपत्तियां	7,442.6	7,243.5
कुल परिसंपत्तियां	**2,33,572.8**	**2,53,376.8**
इस अवधि में	**2009-10**	**2010-11**
कुल आय	17,563.0	20,684.5
कुल व्यय (प्रावधान छोड़कर)	14,836.6	16,526.6
प्रावधान (कर छोड़कर)	1,681.7	1,876.9
कर-पूर्व लाभ	1,044.7	2,281.0
कर के लिए प्रावधान*	13.6	630.7
कर-पश्चात् लाभ	1,031.1	1,650.3

** वर्तमान आयकर और आस्थगित आयकर को घटाकर*

लाभ एवं विनियोग

वित्तीय वर्ष अप्रैल 2010 - मार्च 2011 के दौरान आपके बैंक द्वारा अर्जित सकल आय ₹ 20,684.5 करोड़ रही, जिसमें ₹ 18,600.8 करोड़ की ब्याज आय तथा ₹ 2,083.7 करोड़ की अन्य आय शामिल है. वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान ₹ 14,271.9 करोड़ के ब्याज व्यय तथा ₹ 2,254.7 करोड़ के परिचालन व्यय के चलते प्रावधान व आकस्मिकताओं को छोड़कर कुल व्यय ₹ 16,526.6 करोड़ रहा. इस अवधि के दौरान कुल ₹ 2,507.6 करोड़ के प्रावधान किये गये, जिनमें अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों और निवेश के लिए ₹ 1650.1 करोड़, पुनर्संरचित परिसंपत्तियों के लिए ₹ 122.6 करोड़, मानक परिसंपत्तियों के लिए वृद्धिशील विवेकपूर्ण प्रावधान हेतु ₹ 104.2 करोड़ तथा कर के लिए ₹ 630.7 करोड़ शामिल हैं.

वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान आपके बैंक का कर-पूर्व लाभ ₹ 2281.0 करोड़ रहा. कराधान के लिए ₹ 630.7 करोड़ का प्रावधान करने के बाद कर-पश्चात् लाभ ₹ 1650.3 करोड़ रहा. निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कर-पश्चात् लाभ का विनियोग **तालिका 2** में दिया गया है.

तालिका 2 : लाभ का विनियोग		
		(₹ करोड़)
विवरण	**2009-10**	**2010-11**
वर्ष के लिए निवल लाभ / (हानि)	1,031.1	1,650.3
आगे लाया गया लाभ / (हानि)	71.2	470.4
विनियोग के लिए उपलब्ध लाभ	1,102.3	2,120.7
विनियोग		
सांविधिक रिज़र्व में अंतरित	258.0	413.0
पूंजी रिज़र्व में अंतरित	-	1.5
सामान्य रिज़र्व में अंतरित	100.0	600.0
आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1) (viii) के अधीन सृजित एवं अनुरक्षित विशेष रिज़र्व में अंतरित	25.0	100.0
लाभांश		
- इक्विटी शेयर	217.4	344.6
- लाभांश पर कर	31.5	55.3
तुलन पत्र में ले जाया गया शेष लाभ	470.4	606.3

वर्ष के दौरान ₹ 10 अंकित मूल्य के प्रत्येक शेयर के लिए प्रति शेयर आय (ईपीएस) ₹ 18.4 रही और मार्च 2011 के अंत में प्रति शेयर बही मूल्य ₹ 128.4 रहा. निदेशकों ने वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए पूर्णतः प्रदत्त इक्विटी पूंजी पर 35% लाभांश की सिफारिश की है.

पूंजी पर्याप्तता

आपका बैंक बासेल-II अनुपालक है और इसलिए जोखिम भारित परिसंपत्तियों की तुलना में पूंजी के अनुपात (सीआरएआर) की गणना भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा इस संबंध में निर्धारित मानदंडों के अनुसार की जाती है. ऋण जोखिम की गणना के लिए मानकीकृत दृष्टिकोण अपनाया जाता है, बाज़ार जोखिम का निर्धारण मानकीकृत दृष्टिकोण की अवधि पद्धति से किया जाता है और परिचालनगत जोखिम ऋण निवेश मूल संकेतक दृष्टिकोण पर आधारित है. वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान भारत सरकार ने ₹ 3119.04 करोड़ की नई इक्विटी पूंजी लगाई, जिसके परिणामस्वरूप मार्च 2011 के अंत में सरकार की इक्विटी धारिता बढ़कर 65.13% हो गई. रिज़र्व बैंक द्वारा कुल सीआरएआर के लिए निर्धारित 9% और मूल सीआरएआर के लिए 6% के मानदंड की तुलना में आपके बैंक का कुल सीआरएआर मार्च 2011 के अंत में 8.03% के टीयर I सीआरएआर के साथ 13.64% रहा.

कारोबार रणनीति

बैंक ने संपर्क आधार को सुदृढ़ कर उन्नत विशेषताओं वाले प्रॉडक्ट पेश करने की आक्रामक रणनीति अपनाई. कासा और रिटेल जमाराशियों के अंतर्गत अधिक से अधिक राशि जुटाने के लिए बैंक ने अपने बुनियादी ढांचे को सुव्यवस्थित करने के अलावा कई ठोस कदम उठाए. अपनी ऋण बही को व्यापक बनाने के लिए बैंक प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के ऋणों पर जोर देने तथा कॉरपोरेट-रिटेल ऋणों के संयोजन में सुधार करने की योजना बना रहा है. निवेश बैंकिंग प्रमुख कार्यकलाप बना रहा, जिसकी शुल्क आधारित आय बढ़ाने में उल्लेखनीय भूमिका रही. वर्ष के दौरान आपके बैंक की रणनीति के फलस्वरूप लाभप्रदता मानदंडों में सुधार हुआ और कारोबार मानदंडों में मजबूती आई, जिससे बैंक मौजूदा उद्योग मानदंडों पर खरा उतर सका है.

नये कारोबारी पहल कार्य

वित्तीय वर्ष के दौरान किए गए नए कारोबारी प्रयासों का मुख्य उद्देश्य बढ़ते ग्राहक आधार को मूल्य व सुविधा प्रदान करना, संबद्ध लाभ प्राप्त करना तथा आपके बैंक को उल्लेखनीय प्रगति के पथ पर अग्रसर करने के लिए सामरिक संकल्प हासिल करना था. भारतीय बैंकिंग जगत में 2010-11 का वित्तीय वर्ष इस बात के लिए याद रखा जाएगा कि आपके बैंक ने अपने 'ग्राहक आनंद' के लिए कासा और रिटेल जमा खातों को सभी प्रभारों से मुक्त कर दिया. इससे बैंक की जमा योजनाएं अन्य प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले विशिष्ट बन गईं. इन कदमों से आपके बैंक को कारोबार पोर्टफोलियो से संबद्ध जोखिम प्रतिफल मैट्रिक्स को इष्टतम बनाने में सहायता मिली है.

बैंक ने अपने डेबिट कार्डों के जरिए ई-कॉमर्स लेन-देन के लिए ऑन लाईन भुगतान सुविधा भी प्रदान की. महिला ग्राहकों के लिए विशुद्ध रूप से एक अलग ही डेबिट कार्ड शुरू किया गया. ग्राहकों को डेबिट कार्ड का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने की दृष्टि से डेबिट कार्ड के उपयोग पर कैश बैक योजना भी ऑफर की गई. विनियामक ढांचे के तहत विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से डेबिट कार्ड पर नकदी आहरण की अनुमति भी दी गई.

बैंक समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग और निम्न आय समूहों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में सरकार की पहल को सहायता देने के लिए सतत् प्रतिबद्ध है और इसीलिए इसने अन्य के साथ-साथ शहरी निर्धनों को आवास के लिए ब्याज उपदान योजना (ईशप) की शुरुआत की. बेहतर वित्तीय समावेशन के लिए आपके बैंक ने गुजरात सरकार के आदिवासी विकास विभाग के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं तथा कुछ और राज्य सरकारों से भी ऐसी ही साझेदारी के लिए प्रयत्न किए जा रहे हैं. बैंक ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के पंजीयक के रूप में कार्य करने के लिए भी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं.

आपका बैंक एमएसएमई ग्राहकों की विभिन्न ज़रूरतों को समझता है और इन्हें पूरा करने वाली नई योजनाएं पेश करने के लिए सदैव तत्पर रहा है. वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान आपके बैंक ने एमएसएमई के लिए उनकी परिसंपत्तियों / संपत्तियों के मूल्य संवर्धन हेतु 'संपत्ति पर ऋण' योजना शुरू की. 'एसएमई स्मार्ट लाइन ऑफ क्रेडिट' योजना भी शुरू की गई ताकि एमएसएमई उभरते कारोबारी अवसरों का लाभ उठा सके. इसके अलावा आपके बैंक ने देश के कारीगर समुदाय की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारतीय बैंक संघ द्वारा शुरू की गई 'शिल्पकार क्रेडिट कार्ड' योजना भी लागू की. स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा स्रोतों की दिशा में बढ़ने के उद्देश्य से आपके बैंक ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के रिसर्च इंस्टीट्यूट 'वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट' (डब्ल्यूआरआई), यूएसए के साथ गठबंधन किया, जोकि ऊर्जा बचत परियोजनाएं लागू करने के लिए समावेशी आधार पर एक ऋण प्रॉडक्ट तैयार कर रहा है.

इनके अलावा आपके बैंक ने एमएसएमई ग्राहकों को उनकी जरूरतों के मुताबिक त्वरित समाधान प्रदान करने के लिए कदम उठाए हैं. इसी भावना के मद्देनज़र तथा एमएसएमई ऋण आधार व्यापक बनाने के लिए आपके बैंक ने सिडबी के साथ चुनिंदा शहरों की एमएसएमई इकाइयों के संयुक्त वित्तपोषण के लिए विशेष व्यवस्था की है. शुरुआत में यह योजना 10 केंद्रों अर्थात अहमदाबाद, बंगलुरू, चैन्नै, कोयंबत्तूर, दिल्ली, इंदौर, जयपुर, लखनऊ, लुधियाना और राजकोट के लिए होगी, बाद में इसे पूरे देश में लागू किया जाएगा.

कार्रवाई में लगने वाले समय में सुधार लाने, लंबित सूची को छोटा करने और विभिन्न परिचालनों में त्रुटिहीन सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए वर्ष के दौरान कई नई पहलें शुरू की गईं / नई परियोजनाएं कार्यान्वित की गईं. बैंक के कोर बैंकिंग सॉफ्टवेयर के साथ जोड़कर नयी लॉकर प्रणाली शुरू की गई. इससे बैंक को किसी भी समय लॉकर की उपलब्धता और उनके किराए के बारे में ऑनलाइन जानकारी उपलब्ध हो सकेगी.

आपके बैंक ने शाखाओं में शिकायत निवारण प्रबंध (सीआरएम) के लिए सॉफ्टवेयर भी लगाया. सीआरएम मॉड्यूल के तहत त्वरित कार्रवाई व्यवस्था निर्मित की गई, जिसके द्वारा किसी शिकायत का निपटान निर्धारित समय में न होने पर उसे अगली कार्रवाई के लिए कॉरपोरेट कार्यालय के ग्राहक सहायता केंद्र को अग्रेषित कर दिया जाता है.

बैंक ने शाखाओं के लिए द्विभाषिक इलेक्ट्रॉनिक रजिस्टर की एक नई प्रणाली शुरू की है, जिसे कोर बैंकिंग सॉफ्टवेयर के साथ जोड़ा गया है. इस मॉड्यूल से लागत के साथ-साथ कागजी कार्रवाई में उल्लेखनीय कमी लाने में सहायता मिलेगी.

आपके बैंक ने अपनी सभी करेंसी चेस्टों के लिए आईएसओ 9001:2008 प्रमाणन प्राप्त किया है. कोची में एक नई करेंसी चेस्ट खोली गई, जिसे मिलाकर आपके बैंक में करेंसी चेस्टों की संख्या बढ़कर छः हो गई है.

बैंक को अपनी सभी केंद्रीय समाशोधन यूनिटों (सीसीयू) के लिए आईएसओ 9001:2008 प्रमाणन प्राप्त हुआ. अपने केंद्रीकृत परिचालनों, करेंसी चेस्टों और सीसीयू के लिए आईएसओ 9001:2008 प्रमाणन मिल जाने पर आईडीबीआई बैंक रिटेल बैंकिंग के सभी परिचालनों के लिए आईएसओ 9001:2008 प्रमाणन पानेवाला अनूठा बैंक बन गया है. इसके अलावा आईडीबीआई बैंक ने अपने केंद्रीकृत परिचालनों के लिए लीन सिक्स सिगमा प्रॉजक्ट भी लागू किया है. यह अपने ग्राहकों को त्रुटिहीन और सामयिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए बैंक द्वारा की गई एक विशेष पहल है.

रिटेल असेट पोर्टफोलियो में काम के बढ़ते दबाव के मद्देनजर तथा आईडीबीआई बैंक में आईडीबीआई होम फाइनैंस लिमिटेड के विलय होने के फलस्वरूप कार्य की बढ़ी हुई मात्रा को देखते हुए आपके बैंक ने उत्तर-दिनांकित चेकों के प्रबंध के लिए विशिष्ट सॉफ्टवेयर लगाया है. इस प्रणाली से बैंक को कम कार्रवाई समय में अधिक लिखतों पर कार्रवाई करने में सहायता मिलेगी.

संगठनात्मक संरचना

आपके बैंक ने संगठनात्मक संरचना को सुदृढ़ करने पर जोर देना जारी रखा, जिसके तहत ग्राहक संपर्क को ही बैंकिंग का सार माना जाता है. तद्नुसार आपका बैंक वर्तमान में ''ग्राहक संकेन्द्रित वर्टिकल'' मॉडल के अनुरूप गठित है, जोकि बेहतर सेवाएं मुहैया कराने में सक्षम है. इस मॉडल से ग्राहक संपर्क प्रबंध बढ़ाने, ऋण वितरण में सुधार लाने और उपयुक्त व लाभदायक कारोबार की ओर ध्यान देने में महत्वपूर्ण सफलता मिली है.

वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान विशेष कॉरपोरेट शाखाओं सहित 107 नई शाखाएं खोली गईं जिससे 31 मार्च 2011 को देशी शाखाओं की संख्या 815 तक हो गई. इसके अलावा डीआईएफसी, दुबई में एक विदेशी शाखा भी है. देशी शाखा नेटवर्क में 238 महानगरीय शाखाएं, 307 शहरी शाखाएं, 184 अर्ध-शहरी शाखाएं तथा 86 ग्रामीण शाखाएं शामिल हैं. परिचालन क्षेत्र में सुधार सुनिश्चित करने के लिए कुछ केंद्रों की शाखाएं पुनः अवस्थित की गईं और कुछ को बैंक की अन्य शाखाओं की तरह आकर्षक रूप देने के लिए उनकी नवीन साजसज्जा की गई. बैंक अपने शाखा नेटवर्क को बढ़ाने के लिए सतत रूप से प्रयासरत है, ताकि समुचित रूप से व्यापक ग्राहक आधार तैयार करने, ग्राहक सेवा में सुधार लाने और कासा योगदान बढ़ाने की रणनीति को कार्यान्वित किया जा सके. बैंक की विशेष कॉरपोरेट शाखाएं और रिटेल खंड के अंतर्गत ऋण प्रोसेसिंग केंद्र बढ़ाने की योजना है.

निदेशक मंडल

आपके बैंक के निदेशक मंडल में विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व है और इसका गठन बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949, कंपनी अधिनियम, 1956 और बैंक के संस्था अन्तर्नियमों से शासित होता है और यह स्टॉक एक्सचेंज के साथ सूचीबद्धता करार में वर्णित कॉरपोरेट अभिशासन की अपेक्षाओं को पूरा करता है. बोर्ड स्वयं और बैंक के महत्वपूर्ण कार्य क्षेत्रों पर अधिक ध्यान देने के लिए बोर्ड की विभिन्न समितियों के माध्यम से कार्य करता है.

31 मार्च 2011 को बोर्ड में 10 निदेशक थे, जिनमें दो कार्यपालक निदेशक (अध्यक्ष सहित), दो गैर-कार्यपालक निदेशक और छः स्वतंत्र निदेशक थे. कार्यपालक अध्यक्ष के रूप में श्री आर.एम. मल्ला, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशकः पूर्णकालिक निदेशक के रूप में श्री बी. पी. सिंह, उप प्रबंध निदेशक; गैर-कार्यपालक निदेशकों के रूप में श्री राकेश सिंह और श्री आर. पी. सिंह, केंद्र सरकार के अधिकारी; तथा स्वतंत्र निदेशकों के रूप में श्री अनलजीत सिंह, श्रीमती लीला फिरोज पूनावाला, श्री के. नरसिम्ह मूर्ति, श्री एच. एल. जुत्शी, श्री सुभाष तुली और डॉ. बी. एस. बिष्ट बोर्ड में शामिल हैं.

आपके बैंक के बोर्ड का कोई भी निदेशक बैंक के बोर्ड के किसी अन्य निदेशक से किसी भी रूप में संबद्ध नहीं है.

शीर्ष समितियां

बोर्ड की कुल आठ समितियां अर्थात् कार्यपालक समिति, लेखा परीक्षा समिति, शेयरधारक / निवेशक शिकायत निवारण समिति, धोखाधड़ी निगरानी समिति, जोखिम प्रबंध समिति, ग्राहक सेवा समिति, सूचना प्रौद्योगिकी समिति और पारिश्रमिक समिति हैं.

कॉरपोरेट अभिशासन

आपका बैंक कॉरपोरेट अभिशासन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ पद्धतियां अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है. आपके बैंक की यह मान्यता है कि उचित कॉरपोरेट अभिशासन सिर्फ नियामक अनुपालन की आवश्यकता मात्र नहीं है बल्कि शेयरधारिता मूल्य में वृद्धि के लिए एक सुसाध्यकारक भी है. आपके बैंक में अपनाई जा रही कॉरपोरेट अभिशासन पद्धतियों का विस्तृत विवरण इस वार्षिक रिपोर्ट में प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण के अंतर्गत एक अलग खंड के रूप में दिया गया है.

कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 (2ए) के अंतर्गत कथन

ऐसा कोई कार्मिक पूरे वर्ष बैंक की सेवा में नहीं रहा जिसे ₹ 60 लाख से अधिक वार्षिक परिश्रमिक प्राप्त हुआ हो. इसके अतिरिक्त, बैंक की सेवा में वर्ष की किसी आंशिक अवधि के लिए ऐसा कोई कार्मिक नहीं था जिसे बैंक की सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह ₹ 5 लाख से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त हुआ.

ऊर्जा संरक्षण और प्रौद्योगिकी अपनाने से संबंधित अधिनियम की धारा 217 (1) (ई) के प्रावधान आपके बैंक पर लागू नहीं होते हैं.



निदेशकों की जिम्मेदारी के संबंध में कथन

निदेशक मंडल एतद्द्वारा यह घोषणा और पुष्टि करता है कि :

i. लेखों को तैयार करने में लागू लेखांकन मानकों का पालन किया गया है. साथ ही तात्विक रूप से अनुसरण न किये गये मामलों में उचित स्पष्टीकरण दिया गया है.

ii. निदेशकों ने ऐसी लेखाकंन नीतियों को अपनाया है और उन्हें सुसंगत रूप से प्रयुक्त किया है तथा ऐसे निर्णय लिए एवं अनुमान लगाए हैं जो उचित और विवेकपूर्ण हैं, ताकि लेखा वर्ष के अंत में आपके बैंक की स्थिति और इसी अवधि में आपके बैंक के लाभ अथवा हानि की सही एवं उचित तस्वीर प्रस्तुत की जा सके.

iii) निदेशकों ने आपके बैंक की परिसंपत्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए विनियामक प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा रिकार्डों के रख-रखाव के लिए उचित और पर्याप्त सावधानी बरती है.

iv) निदेशकों ने चालू संस्था के आधार पर लेखे तैयार किये हैं.

आभार

आपके बैंक का निदेशक मंडल भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक (रिज़र्व बैंक), भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी), बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीए) और अन्य सभी सांविधिक / विनियामक प्राधिकरणों को उनके बहुमूल्य सहयोग और मार्गदर्शन के लिए पूरे आदर के साथ हार्दिक धन्यवाद देता है. निदेशक मंडल राज्य सरकारों और अन्य बैंकिंग / वित्तीय संस्थाओं का भी उनके द्वारा दिये गये सहयोग और सहायता के लिए आभार मानता है. निदेशक मंडल विभिन्न बहुपक्षीय संस्थाओं और अंतरर्राष्ट्रीय बैंकों / संस्थाओं से समय-समय पर मिले सहयोग तथा समर्थन के लिए उन्हे धन्यवाद देता है. बोर्ड अपने सभी शेयरधारकों और ग्राहकों को भी वर्ष के दौरान उनके द्वारा दिये गये सहयोग के लिए धन्यवाद देता है और आने वाले वर्षों में भी उनसे निरंतर सहयोग की आशा करता है. वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक को बैंकिंग क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए कई सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हुए हैं. बैंक के प्रयासों को मिली सराहना के लिए बोर्ड इन सभी संगठनों / एजेंसियों का आभारी है. निदेशक मंडल अपने समस्त स्टाफ की निष्ठापूर्ण और समर्पित सेवाओं की सराहना करता है और आपके बैंक के कार्य-निष्पादन में सुधार लाने में उनकी प्रतिबद्धता का सम्मान करता है.

स्थान: मुंबई
दिनांक : 19 अप्रैल 2011

आर. एम. मल्ला
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक



Directors' Report : 2010-11

The Board of Directors of your Bank takes pleasure in presenting its Report, reflecting the business and operations of your Bank for the financial year ended March 31, 2011.

During the financial year 2010-11, the operations of your Bank witnessed considerable progress driven by strategic policy realignments, focus on customer delight, superior product characteristics, service delivery among others, which consequentially led to improvement in business and key profitability indicators. The approach *per se* reflects a paradigm shift in banking space, enabling your Bank to expand its products and services range, availed by increased number of customers which we value the most. As on March 31, 2011 aggregate deposits and advances of your Bank reached ₹ 1,80,485.8 crore and ₹ 1,57,098.1 crore respectively. Performance highlights of your Bank for the period under review are presented in **Table 1.**

Table 1 : Financial Highlights

Particulars		**(₹ crore)**
As at year-end	**2009-10**	**2010-11**
Capital	724.9	984.6
Reserves & Surplus	9,438.4	13,582.0
Deposits	1,67,667.1	1,80,485.8
Borrowings	47,709.5	51,569.6
Other Liabilities & Provisions	8,032.9	6,754.8
Total Liabilities	**2,33,572.8**	**2,53,376.8**
Cash & Balances with RBI	13,903.5	19,559.0
Balances with Banks and Money at Call & Short Notice	679.4	1,207.0
Investments	73,345.5	68,269.2
Advances	1,38,201.8	1,57,098.1
Fixed & Other Assets	7,442.6	7,243.5
Total Assets	**2,33,572.8**	**2,53,376.8**
For the period	**2009-10**	**2010-11**
Total Income	17,563.0	20,684.5
Total Expenses (other than provisions)	14,836.6	16,526.6
Provisions (other than tax)	1,681.7	1,876.9
Profit Before Tax	1,044.7	2,281.0
Provision for Tax*	13.6	630.7
Profit After Tax	1,031.1	1,650.3

**Net of Current Income Tax and Deferred Income Tax*

Profit and Appropriations

During the financial year April 2010 - March 2011, total income of your Bank increased to ₹ 20,684.5 crore with the contribution of interest income at ₹ 18,600.8 crore and other income at ₹ 2,083.7 crore. Interest expenses of ₹ 14,271.9 crore and operational expenses of ₹ 2,254.7 crore, led to total expenditure, excluding provisions and contingencies, of ₹ 16,526.6 crore during FY 2010-11. Total provisions during the period remained at ₹ 2,507.6 crore, comprising ₹ 1650.1 crore towards bad & doubtful debts and investments, ₹ 122.6 crore towards restructured assets, ₹ 104.2 crore towards incremental prudential provisions for standard assets, and ₹ 630.7 crore towards tax.

Profit Before Tax (PBT) of your Bank during the FY 2010-11 came to ₹ 2281.0 crore. After making a provision of ₹ 630.7 crore towards taxation, Profit After Tax (PAT) amounted to ₹ 1650.3 crore. Appropriation of PAT as approved by the Board of Directors is given in **Table 2.**

Table 2 : Appropriation of Profits

		(₹ crore)
Particulars	**2009-10**	**2010-11**
Net Profit/(Loss) for the year	1,031.1	1,650.3
Profit/(Loss) brought forward	71.2	470.4
Profit available for appropriations	1,102.3	2,120.7
Appropriations		
Transferred to Statutory Reserve	258.0	413.0
Transferred to Capital Reserve	-	1.5
Transferred to General Reserve	100.0	600.0
Transferred to Special Reserve created and maintained u/s 36(1)(viii) of IT Act, 1961	25.0	100.0
Dividend		
- Equity Shares	217.4	344.6
- Tax on Dividend	31.5	55.3
Balance of Profit carried to Balance Sheet	470.4	606.3

For each share with face value of ₹ 10, Earning Per Share (EPS) during the year stood at ₹ 18.4 and Book Value Per Share stood at ₹ 128.4 as at end-March 2011. The Directors

have pleasure in recommending dividend at 35% on the fully paid-up equity capital for the financial year 2010-11.

Capital Adequacy

Your Bank is Basel-II compliant and the Capital to Risk-weighted Assets Ratio (CRAR) is computed in adherence to norms prescribed by RBI in this regard. Credit Risk is computed using the Standardized Approach, Market Risk is arrived by using Duration Method of Standardized Approach and Operational Risk exposure is based on Basic Indicator Approach. During FY 2010-11, Government of India infused fresh equity capital to the extent of ₹ 3119.04 crore, thereby increasing its equity holding to 65.13% as at end-March 2011. Against the stipulated RBI norm of 9% for total CRAR and 6% for core CRAR, your Bank's total CRAR worked out to 13.64% with Tier-I CRAR of 8.03% as at end-March 2011.

Business Strategy

The Bank's strategy covered a very aggressive scale up of relationship base and product offerings with elevated features. Suitable measures have been undertaken along with infrastructure repositioning, so as to realize more amounts of CASA and other retail deposits. The Bank, in its quest to granularize its loan book, plans to build priority sector lending and improve upon composition of corporate-retail loans. Investment Banking continued to be a focus area which contributed significantly to growth in fee based income. Your Bank's strategy during the year resulted in improving its profitability parameters and consolidating its business parameters so as to bring them more in line with the prevailing industry benchmarks.

New Business Initiatives

Fresh business efforts undertaken during the fiscal principally aim to impart value and comfort to our increasing clientele, derive associated benefits and realize the strategic vision of escalating your Bank to a sustainable growth path. The financial year 2010-11, would be remembered in the Indian Banking space wherein your Bank, in its quest "delight for its customers" freed all charges on CASA and retail deposit accounts. This shows improved product characteristics of the Bank's deposit products over its competitors. The measure empowers your Bank to optimize its risk-return matrices associated with its business portfolio.

The Bank has also provided facility of making on-line payments for e-commerce transactions though its debit card. A new variant debit card was launched exclusively for women customers. In order to encourage customers with regard to usage of debit card, a cash back scheme for debit card usage was also offered. Within the regulatory framework, cash withdrawal was allowed on debit card at various merchant establishments.

The Bank is increasingly committed to support government initiatives offering financial services to Economically Weaker Sections (EWSs) and Lower Income Groups (LIG) of society and accordingly offered, along with others, Interest Subsidy Scheme for Housing the Urban Poor (ISHUP). In its efforts to ensure improved financial inclusion, your Bank has signed MOU with Tribal Development Department, Government of Gujarat and is exploring similar partnership with other State Governments. The Bank has also signed MOU with Unique Identification Authority of India (UIDAI) for acting as a registrar.

Your Bank understands various needs of the MSME clients and is always on the lookout to offer new products that are customized to take care of such needs. During FY2010-11, your Bank launched *'Loan Against Property'* for the MSMEs to unlock value of their assets/properties. *'SME Smart Line of Credit'* was also introduced so that MSMEs could take advantage of emerging business opportunities. In addition, your Bank implemented the *'Artisan Credit Card'* scheme of Indian Banks' Association (IBA) to take care of the credit needs of the artisan community of the nation. With a view to move towards cleaner and green energy sources, your Bank joined hands with World Resource Institute (WRI), USA, one of the top international research institutes on a non-exclusive basis in developing a loan product for implementation of Energy Saving projects.

Apart from these, your Bank has taken steps to offer tailor-made, faster solutions to the MSME clients. In this spirit, and to further enrich the MSME loan basket, your Bank has tied-up with SIDBI in an exclusive arrangement to jointly finance MSME units, initially in 10 centres viz., Ahmedabad, Bangalore, Chennai, Coimbatore, Delhi, Indore, Jaipur, Lucknow, Ludhiana and Rajkot, subsequently to be rolled out across the country.

A series of new initiatives / projects were implemented during the year in order to improve Turn Around Time (TAT), soften cost and provide error free services in various facets of our operations. A new locker management system was launched linked to Core Banking software of the Bank. It helps the Bank to have online position of locker availability and rentals at any given point of time.

Your Bank has also launched a software for Complaint Resolution Management (CRM) at branches. An escalation mechanism has been built in the CRM module whereby if the complaint is not resolved within the stipulated time, the same is forwarded to the Customer Care Centre at Corporate Office for further action.

The Bank has introduced a new system of electronic registers in bilingual form at branches which is linked to Core Banking Software. This module was launched in



order to achieve significant reduction in the cost as well as paper work.

Your Bank has received ISO 9001:2008 certification for all its Currency Chests. A new Currency Chest was opened at Kochi taking the number of Currency Chests of your Bank to six.

The Bank has also received ISO 9001:2008 certification for all its Centralised Clearing Units (CCUs). Equipped with ISO 9001:2008 Certification for its Centralised Operations, Currency Chests and CCUs, IDBI Bank is in the unique position to have its entire operations for retail banking as ISO 9001:2008 certified. This apart, IDBI Bank has also implemented Lean Six Sigma Project for its Centralised Operations, another feather in its cap, to provide error-free and timely services to its customers.

Keeping pace with the ever increasing work load in retail assets portfolio and also to take care of the additional volumes arising out of merger of IDBI Home Finance Ltd. with IDBI Bank, your Bank has installed a state-of-the-art software for management of post-dated cheques. The system will facilitate the Bank to handle more number of instruments with reduced Turn Around Time.

Organizational Structure

Your Bank has continued thrust on improving organizational structure, which values customer relations as the epitome of banking. Accordingly, your Bank is currently organized on the lines of "customer focused vertical" model, capable of delivering improved services. The model has achieved significant success in enhancing customer relationship management, improving credit delivery and bringing sharper focus to business lines which are sustainable and remunerative.

With the addition of 107 branches during FY2010-11, including Specialized Corporate Branches, total number of domestic branches went up to 815 as on March 31, 2011 in addition to an overseas branch at DIFC, Dubai. Of the domestic branch network, 238 are located in metropolitan centres, 307 in urban centres, 184 in semi-urban centres and 86 in rural centres. In order to ensure improved operating domain, branches at a few locations were relocated and renovated to provide fresh look and feel, similar to other branches of the Bank. The Bank constantly endeavours to expand its branch network to execute its strategy of building sufficiently larger customer base, improved customer service and improved CASA contribution. Your Bank also has plans to increase the number of Specialized Corporate Branches and Loan Processing Centers in retail segments.

Board of Directors

Your Bank's Board of Directors is broad based and constitution thereof is governed by the provisions of the Banking Regulation Act, 1949, the Companies Act, 1956, the Articles of Association of the Bank and satisfy the requirements of good corporate governance as envisaged in the Listing Agreement with the Stock Exchanges. The Board functions directly as well as through various Board Committees constituted to provide focussed governance in important functional areas of the Bank.

As on March 31, 2011, the Board comprised of 10 Directors with two Executive Directors (including Chairman), two Non Executive Directors and six Independent Directors. Shri R.M. Malla, Chairman & Managing Director as Executive Chairman, Shri B.P. Singh, Dy. Managing Director as Whole Time Director, Shri Rakesh Singh and Shri R.P. Singh, Central Government Officials as Non Executive Directors, Shri Analjit Singh, Smt. Lila Firoz Poonawalla, Shri K. Narasimha Murthy, Shri H.L. Zutshi, Shri Subhash Tuli and Dr. B.S. Bisht as Independent Directors constitute the Board.

No Director on the Board of your Bank is in any way related to any other Director on the Board of the Bank.

Apex Committees

The Board has in total eight committees, namely, Executive Committee, Audit Committee, Shareholders'/Investors' Grievance Committee, Frauds Monitoring Committee, Risk Management Committee, Customer Service Committee, Information Technology Committee and Remuneration Committee.

Corporate Governance

Your Bank is committed to adopting the best practices in the area of corporate governance. Your Bank believes that proper corporate governance is not just a requirement for regulatory compliance, but also a facilitator for enhancement of stakeholders' value. The details of corporate governance practices followed in your Bank are given in this Annual Report as a separate section under Management Discussion and Analysis.

Statement under Section 217(2A) of the Companies Act, 1956

There were no personnel in the services of the Bank for the whole year, who were in receipt of remuneration of over ₹ 60 lakh per annum. Further, no personnel, who were in the service of the Bank for part of the year, received remuneration in excess of ₹ 5 lakh per month for the period they were in the service of the Bank.

The provisions of Section 217(1)(e) of the Act relating to conservation of energy and technology absorption do not apply to your Bank.

Directors' Responsibility Statement

The Board of Directors hereby declares and confirms that:

i. in the preparation of accounts, the applicable accounting standards had been followed along with proper explanation relating to material departure.

ii. the Directors had adopted such accounting policies and applied them consistently and made judgments and estimates that are reasonable and prudent so as to give a true and fair view of the state of affairs of your Bank at the end of accounting year and of the profit or loss of your Bank for that year.

iii. the Directors had taken proper and sufficient care for the maintenance of adequate accounting records, in accordance with the regulatory provisions, for safeguarding the assets of your Bank and for preventing and detecting fraud and other irregularities.

iv. the Directors had prepared the accounts on a going concern basis.

Acknowledgements

The Board of Directors of your Bank accords immense value to the direction, co-operation and guidance extended by Government of India, Reserve Bank of India (RBI), Securities and Exchange Board of India (SEBI), Insurance Regulatory and Development Authority (IRDA) and all other Statutory/ Regulatory Authorities. The Board also acknowledges the co-operation and support rendered by the State Governments and other banking/financial institutions. The Board thanks various multilateral institutions and international banks/ institutions for their periodic support. The Board takes this opportunity to thank all its shareholders and customers for extending their support during the year and looks forward to their continued association in the years ahead. During the financial year, the Bank has received various recognitions and accolades for its excellence in banking domain. The Board indeed is thankful to all such organizations/agencies for their appreciation to the Bank's efforts. The Board appreciates the sincere and devoted services displayed by its entire staff and highly values their commitment in improving your Bank's performance.

Place : Mumbai
Date : April 19, 2011

R. M. Malla
Chairman & Managing Director



प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण
MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS



कारोबार परिदृश्य

वैश्विक आर्थिक परिदृश्य

वैश्विक अर्थव्यवस्था वित्तीय गिरावट से जुड़े संकट में कमी और उपभोक्ता मांग में पुनरुत्थान दर्शाती है जो तुलनात्मक रूप से बेहतर संभावनाएं प्रस्तुत करती है. तथापि, यूरो क्षेत्र की घटनाओं और साथ ही उत्तर अफ्रीका में राजनीतिक स्थितियों ने अधोमुखी दबाव को हवा दी. बेरोजगारी में वृद्धि के साथ बढ़ती ऊर्जा कीमतों के चलते उच्चतर स्फीतिकारी अपेक्षाएं संबंधित क्षेत्रों में बनी रहीं. संवृद्धि पूरक के रूप में वित्तीय प्रोत्साहन के बढ़ते आश्रय ने, हालांकि जिसने तात्कालिक रूप में उत्प्रेरक के रूप में कार्य किया, स्फीतिकारी अपेक्षाओं को काफी हद तक बढ़ाया और बढ़ते राजकोषीय दबाव को दर्शाया है. विकास पर अधिक प्रभाव डाले बिना स्फीतिकारी अपेक्षाओं में कमी और सुधारों की गति पर पर्याप्त नीतिगत ध्यान प्रमुखतः उभरती अर्थव्यवस्थाओं में एक चुनौतीपूर्ण कार्य के रूप में विद्यमान है. विश्व भर में पण्यों की कीमतों में तेजी के चलते परिसंपत्तियों में अचानक उछाल निश्चित रूप से दिखाई दे रहा है.

दीर्घकालिक सुधार और कमजोर कारोबारी प्रवृत्ति ने वित्तीय कार्यकलापों को काफी प्रभावित किया है. दुनिया भर में पूंजी बाजार गतिविधियों ने गिरावट पर प्रतिक्रिया दिखाई है और राजकोषीय वर्ष के अधिकांश समय में उनमें मंदी रही है. पूंजी का सीमा-पार आवागमन भी संकीर्ण रहा. उभरती अर्थव्यवस्थाओं से आशाजनक विकास गाथाओं के बावजूद, उन्नत देशों में कमजोर वृद्धि से अंततः वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि गति धीमी हुई.

देशी कारोबार परिदृश्य

वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान 8.5% पर वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर का संशोधित अनुमान भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती दर्शाता है, जबकि वैश्विक अर्थव्यवस्था सुधारों की मंद गति से गुजर रही है. सभी संघटक क्षेत्रों ने व्यापक वृद्धि फलक दर्शाते हुए अच्छा योगदान दिया है. प्राथमिक क्षेत्र में वृद्धि विगत वर्ष के 0.4% की तुलना में सुधरकर वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान 6.6% के स्तर पर रही. वास्तव में प्राथमिक क्षेत्र में वृद्धि में सुधार समग्र रूप में अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत है क्योंकि यह अन्य क्षेत्रों के कार्य-निष्पादन को बढ़ाने के लिए उनके साथ मजबूत मंच तथा सम्बद्धता प्रदान करता है. देशी मांग के समर्थन से कॉरपोरेट आय प्रत्याशित स्तर से अधिक रही. वित्तीय क्षेत्र ने सुव्यवस्थित वृद्धि गति प्रदर्शित की और ब्याज दरों में क्रमिक रूप से बढ़ोत्तरी दर्ज की. आईडीबीआई बैंक सहित सरकारी क्षेत्र के बैंकों में सरकार द्वारा नई पूंजी लगाने से बैंकों की जोखिम वहन करने की क्षमता में काफी सुधार हुआ है.

संपदा क्षेत्र

सकल देशी उत्पाद (जीडीपी)

केंद्रीय सांख्यिकीय संगठन (सीएसओ) के संशोधित अनुमानों के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि गति विगत वर्ष के 8.0% की तुलना में वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान सुधरकर 8.5% हो गयी. इसके सभी संघटक क्षेत्रों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया जिसमें सेवा क्षेत्र का 65.62% के साथ सर्वाधिक योगदान रहा और उसके बाद उद्योग द्वारा 20.02% तथा कृषि द्वारा 14.36% का योगदान दिया गया. देशी बाजार के आकार ने विभिन्न आर्थिक कारकों को विपुल परिचालन क्षेत्र प्रदान करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है. तथापि, बढ़ती ऊर्जा कीमतों, खाद्य मदों की कीमतों में तेजी, विदेश व्यापार में मंद कार्यकलाप और पूंजीगत माल में मंदी की प्रवृत्ति के साथ उच्चतर स्फीतिकारी दबाव नीति निर्माताओं के लिए गंभीर चिंता दर्शाती है.

निवेश और औद्योगिक परिदृश्य

वित्तीय वर्ष 2009-10 के दौरान सकल देशी निवेश विगत वर्ष के 34.5% की तुलना में बढ़कर 36.5% रहा. जैसाकि **रेखा चित्र 1** में दर्शाया गया है, देशी बचत में विगत वर्ष के 32.2% की तुलना में वित्तीय वर्ष 2009-10 के दौरान 33.7% का सुधार हुआ है.

रेखाचित्र 1: निवेश एवं बचत की प्रवृत्तियां
(जीडीपी के % रूप में)



औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के उतार-चढ़ाव के अनुसार आकलित औद्योगिक वृद्धि वित्तीय वर्ष 2009-10 के दौरान 10.5% की तुलना में वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान 7.8% के स्तर पर मंद रही. औद्योगिक विकास की वृद्धि दर काफी अस्थिर रही और राजकोषीय वर्ष की दूसरी छमाही के दौरान काफी मात्रा में कम हुई. पूंजी माल क्षेत्र में धीमी वृद्धि गंभीर चिंता का विषय है जो उद्योग के अन्य खंडों और उसकी उत्पादनोत्तर तथा उत्पादन-पूर्व सुविधाओं में विकास को संकुचित कर सकता है.

रेखाचित्र 2: आईआईपी की खंडवार वृद्धि %



विदेशी मुद्रा भंडार और विनिमय दरें

31 मार्च 2011 को भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 305.5 बिलियन यूएस डालर रहा जो मार्च 2010 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार की तुलना में 26.4 बिलियन यूएस डालर अधिक है. 2010-11 के दौरान विदेशी मुद्रा बाजार स्थिर रहा. विदेशों में बाजार स्थितियों में सुधार के चलते प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के माध्यम से विदेशी निधियों के प्रवाह में मंदी रही. मार्च 2011 के अंत में यूएस डालर के लिए विनिमय दर मार्च 2010 के अंत में ₹ 45.14 की तुलना में ₹ 44.65 रही जो भारतीय रुपये में मजबूती दर्शाती है.

मुद्रास्फीति

मांग तथा आपूर्ति दोनों पक्ष के कारक मुद्रास्फीति के स्तर को उच्चतर सीमा तक ले गये जिससे अधिकांश आर्थिक क्षेत्र बुरी तरह से प्रभावित हुए. खासकर, बढ़ी हुई क्रय शक्ति के साथ अनिवार्य खाद्य वस्तुओं की कमी ने खाद्य मुद्रास्फीति को उत्प्रेरित किया है. तेल उत्पादों की बढ़ी हुई कीमतों के साथ खाद्य कीमतों ने स्फीतिकारी अपेक्षाओं को बढ़ावा दिया. तेल अन्वेषक देशों के भीतर अशांति ने स्फीतिकारी दबाव को और बल दिया जिसके परिणामस्वरूप मुद्रास्फीति (वर्ष-दर-वर्ष) वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए 9.5% रही.

चलनिधि और ब्याज दरें

वित्तीय बाजार, जो वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में चलनिधि की दृष्टि से सुखद स्थिति में था, स्फीतिकारी दबाव पर अंकुश लगाने के लिए नीतिगत परिवर्तनों के कारण दबाव में आ गया. विभिन्न बाजार लिखतों में ब्याज दरों में तेजी आयी है जो प्रतिफल वक्र में मंदी दर्शाती है. चलनिधि को खींचने और मांग में तेजी के दबाव को कम करने के लिए नीतिगत दरों और प्रशासनिक दरों में संशोधन किया गया. वित्तीय मध्यवर्तियों ने अधिक स्थिर निधियां आकर्षित करने के लिए अपनी देयता कीमत लागत को अनुकूल बनाया है और साथ ही अपने मार्जिन को बनाये रखने के लिए कठोर मानदंडों तथा बेहतर कीमत-निर्धारण का अनुसरण किया है.

भावी संभावना

वास्तविक जीडीपी तथा आईआईपी की वृद्धि प्रवृत्ति हालिया तिमाहियों के दौरान मंदी दर्शाती है. स्फीतिकारी अपेक्षाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रत्याशित नीतिगत पुनर्निर्धारण और इस संबंध में अब तक किये गये उपायों से अल्पावधि में समग्र वृद्धि पर अधोमुखी दबाव पड़ने की उम्मीद है. मूल्यों में तेजी पर अंकुश लगाने के लिए प्राथमिकता आधार पर नीतिगत दृष्टिकोण से, हालांकि अल्पावधि में वृद्धि अवरुद्ध होगी, दीर्घावधि में लाभकारी प्रभाव पड़ने की उम्मीद है. खाद्य पदार्थों की ऊंची कीमत, आपूर्ति बाधाएं, ब्याज दरों में तेजी, मूल कच्चे माल तथा तेल की कीमतों सहित बढ़ती निविष्टि लागत और पूंजी बाजार में मंदी से आर्थिक कार्यकलापों की गुंजाइश सीमित रहने की आशंका है.

विशेषकर उन्नत राष्ट्रों में मंद कारोबार माहौल के साथ विस्तारित सुधार से वृद्धि की संभावनाएं और मंद पड़ने की उम्मीद है. अतिरिक्त राजकोषीय समर्थन प्रदान करने की गुंजाइश भी बढ़ते राजकोषीय भार और राजस्व वसूली की कमजोर संभावनाओं के कारण सीमित है. ऊर्जा सहित बढ़ती निविष्टि लागत से कॉरपोरेट मार्जिन कम होने की आशंका है जो नये निवेश तथा क्षमता विस्तार के लिए कमजोर प्रवृत्ति दर्शाती है.

सकारात्मक पक्ष, यद्यपि संकीर्ण है, फिर भी उत्साहजनक है. पहला, खाद्य की ऊंची कीमतें कृषि / फार्म उत्पादन के लिए व्यापार की शर्तों में सुधार का मार्ग प्रशस्त करेंगी. इससे सार्वजनिक तथा निजी दोनों क्षेत्रों से प्राथमिक क्षेत्र के लिए अधिक निवेश आकर्षित होगा. वास्तव में यह प्रधान क्षेत्रों में समक्रमण को बहाल करेगा और वृद्धि गति को क्रमिक रूप से उत्प्रेरित करेगा. तथापि, ऐसे सकारात्मक प्रभाव दूसरी छमाही में और वित्तीय वर्ष के अंत में उत्पन्न हो सकते हैं. केंद्रीय बजट 2011-12 में प्राथमिक क्षेत्र के लिए आबंटन तथा एजेंडा में सुधार किया गया है. सामान्य मानसून मानकर चलने से प्राथमिक कार्यकलापों के लिए वृद्धि संभावनाएं बेहतर रहने की उम्मीद है. प्राथमिक तथा बुनियादी क्षेत्र में निवेश में सुधार के बावजूद, वृद्धि निवारक कारकों द्वारा अदा की गई प्रमुख भूमिका को देखते हुए अर्थव्यवस्था में मंदी की आशंका है.

कारोबार समीक्षा

कॉरपोरेट वित्त

आपका बैंक कॉरपोरेट वित्त के क्षेत्र में पथ प्रदर्शक है और यह उनकी विभिन्न ज़रूरतों को पूरा करने के लिए उत्पादों की एक समूची श्रृंखला पेश करता है. इस क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने और बेहतर ग्राहक सेवा सुनिश्चित करने के लिए आपके बैंक ने कॉरपोरेट वित्त को तीन प्रमुख कॉरपोरेट वर्टिकलों यथा इंफ्रास्ट्रक्चर वित्त, बृहत कॉरपोरेट तथा मध्यम कॉरपोरेट समूहों में विभाजित किया है. इस समय बैंक ने भौगोलिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों पर 32 शाखाएं विशेष कॉरपोरेट शाखाओं के रूप में विनिर्दिष्ट की हैं. इन केंद्रों पर कॉरपोरेट घनत्व ज्यादा है और उनकी सेवा संबंधी आवश्यकताएं उतनी ही अधिक हैं.

विभिन्न कारोबार खंडों में सामजंस्य बिठाते हुए ज़रूरत के मुताबिक तैयार किए गए उत्पादों के अलावा आपके बैंक के कॉरपोरेट वित्त विभाग के पास कई संरचित उत्पाद हैं, जिनमें नवोन्मेषी विशेषताओं से युक्त चालू खाता, थोक एवं गैर-थोक जमाराशियां, साथ ही व्यापार वित्त, नकदी प्रबंध सेवाओं जैसे परिसंपत्ति-आधारित उत्पाद, कर वसूली के लिए सरकारी एजेंसी कारोबार तथा संव्यवहार बैंकिंग उत्पाद शामिल हैं. कॉरपोरेट वित्त समूह अपने ग्राहकों को ट्रेजरी उत्पाद और ऋण-समूहन सेवाएं भी प्रदान करता है.

आपके बैंक ने व्यापार वित्त कारोबार में नई ऊँचाइयां छूना जारी रखा है. वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान साख-पत्र (एलसी) व बैंक गारंटी (बीजी) खंड के गैर-निधि आधारित कारोबार 18% बढ़कर ₹ 60,000 करोड़ से भी आगे निकल गये. व्यापार वित्त कार्यकलापों से शुल्क आधारित आय में 30% की बढ़ोतरी हुई. आपके बैंक ने आयात-निर्यात व्यापार वित्त को सुगम बनाते हुए एक बहु -मुद्रा विप्रेषण उत्पाद शुरू किया, जिसके जरिए ग्राहकों को 100 से अधिक मुद्राओं में विप्रेषण करने का विकल्प प्रदान किया जाता है.

आपका बैंक प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष करों के ई-भुगतान के लिए तेजी से लोगों का पसंदीदा बैंक बनता जा रहा है. वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान लगभग ₹ 1 लाख करोड़ की कर वसूली की गई. सेंट्रल प्लान स्कीम, निगरानी प्रणाली, माल एवं सेवा कर तथा स्टांप ड्यूटी संग्रहण में इलेक्ट्रॉनिक पहल जैसे कई कार्यों में यह सरकार के साथ भागीदार रहा है. चालू वर्ष में बैंक ने रेल्वे तथा हरियाणा सरकार के लेन-देनों के लिए भुगतान व प्राप्तियां स्वीकार करना शुरू किया. आपके बैंक ने नकदी प्रबंध सेवाओं पर भी जोर दिया है. इस कारोबार खंड में इसने मजबूती से पैर जमा लिए हैं और इस सेवा का लाभ उठाने वाले कॉरपोरेटों की संख्या बढ़ती जा रही है. सार्वजनिक व निजी, दोनों ही क्षेत्र की कंपनियों से प्रतिष्ठित लाभांश अधिदेश प्राप्त किए गए हैं. आपके बैंक ने आईपीओ / एफपीओ निर्गमों, विशेष रूप से भारत सरकार के विनिवेश कार्यक्रम में, एक निर्गम बैंकर के रूप में अपनी सेवाओं के लिए बाज़ार में अच्छी साख बनाई है और यह रिटेल खंड के प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरा है. अपने सीएमएस उत्पाद को सतत उन्नत करने की बैंक की रणनीति अब काफी फलदायी साबित हो रही है.

बुनियादी क्षेत्र को वित्त

आपका बैंक बुनियादी क्षेत्र के वित्तपोषण में सतत् जुड़ा है और इस संबंध में यह देश के सपनों को साकार करने में सदैव तत्पर रहा है. बुनियादी क्षेत्र के वित्तपोषण में उत्पादन-पूर्व अवधि लंबी होती है और इसमें एक सुस्पष्ट जोखिम तथा प्रतिलाभ रूपरेखा निहित होती है, जिसके लिए नवोन्मेषी संरचना की जरूरत होती है. बुनियादी क्षेत्र के निजी क्षेत्र के लिए खुलने के समय से ही यह बिजली, दूरसंचार, सड़क, हवाईअड्डा, बंदरगाह, रेलवे तथा संभार-तंत्र के क्षेत्रों में बुनियादी परियोजनाओं की संरचना और वित्तपोषण में अग्रणी रहा है और इसकी कुल ऋण सहायता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बुनियादी क्षेत्र को मिलता है.

राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के विकास में बुनियादी क्षेत्र के विकास की महती भूमिका और साथ ही इस क्षेत्र के लिए आवश्यक भारी निवेश की ज़रूरत को महसूस करते हुए बुनियादी क्षेत्र की कंपनियों को सभी प्रकार के समाधान जैसे कॉरपोरेट सलाह, ऋण-इक्विटी समूहन, वित्तीय संरचना, मीयादी ऋण, कार्यशील पूंजी, प्रतिभूतिकरण और अन्य सम्बद्ध सेवाएं प्रदान करने के लिए संकेन्द्रित दृष्टिकोण अपनाया गया. आपका बैंक ऋण समूहन के क्षेत्र में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरा है.

आपके बैंक ने सार्वजनिक - निजी साझेदारी (पीपीपी) मार्ग के अंतर्गत शहरी बुनियादी परियोजनाओं, नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं (सौर, पवन तथा बायो-मास आधारित बिजली परियोजनाएं), बंदरगाह तथा हवाई-अड्डों के निधीयन के लिए भी पहल कार्य किए हैं. विदेश में शाखा खोलने के साथ ही आपका बैंक अब बुनियादी क्षेत्र की परियोजनाओं को चुनिंदा आधार पर विदेशी मुद्रा ऋण प्रदान करने की स्थिति में भी आ गया है.

खुदरा वित्त और वित्तीय समावेशन

आपका बैंक अपने कारोबार संमिश्र को बढ़ाना चाहता है और इसीलिए वह खुदरा कारोबार का संयोजन बढ़ाने के लिए प्रयासरत है. इस सिलसिले में शाखा नेटवर्क और कुशल कार्मिकों के रूप में बुनियादी सहयोगी आधार तैयार है. राजकोषीय वर्ष के अंत में आपके बैंक की 815 देशी शाखाएं थीं, जिनमें से महानगर क्षेत्र में 238, शहरी क्षेत्र में 307, अर्ध-शहरी क्षेत्र में 184 और ग्रामीण क्षेत्र में 86 शाखाएं तथा एक शाखा विदेश में स्थित थी. अपने शाखा नेटवर्क को बढ़ाने की योजना के साथ-साथ आपका बैंक ग्राहकों का संतुष्टि स्तर बेहतर करने के लिए अपने मौजूदा उत्पादों में सुधार लाने के लिए भी सतत प्रयत्न कर रहा है. आपके बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए आनंद लाकर भारतीय बैंकिंग उद्योग में एक मिसाल कायम की है. इस अभियान के तहत आपके बैंक ने चालू व बचत खातों में ग्राहकों से लिए जानेवाले प्रभार हटा लिए हैं. इस अनूठे प्रयोग से आपका बैंक लगभग नौ लाख ग्राहकों को ₹ 3200 करोड़ की आरंभिक जमाराशि के साथ जोड़ने में समर्थ रहा है. आपका बैंक वरिष्ठ नागरिकों को सावधि जमा पर सामान्य जमा दरों के मुकाबले अतिरिक्त ब्याज दर ऑफर कर रहा है. अपने ग्राहकों से जुड़ने की दृष्टि से आपके बैंक ने देश भर में 102 शाखाओं में 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' की सौवीं वर्षगांठ मनाई.

अपने बढ़ते ग्राहकों तक बेहतर ढंग से पहुँचने की दृष्टि से आपके बैंक ने प्रमुख केंद्रों पर 169 नए एटीएम खोले, जिन्हें मिलाकर 31 मार्च 2011 को एटीएमों की कुल संख्या 1370 हो गई. दरअसल आपका बैंक एटीएम प्रसार के लिए वैकल्पिक मॉडलों के उपयोग पर ज़ोर दे रहा है ताकि एटीएम नेटवर्क के विस्तार को गति दी जा सके. आपका बैंक एटीएमों में नवोन्मेषी विशेषताएं व सुविधाएं बढ़ाने के लिए भी सतत रूप से प्रयासरत है. बैंक की एटीएम के जरिए प्रत्यक्ष कर भुगतान शुरू करने की भी योजना है.

आपका बैंक वैकल्पिक चैनलों को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए इनके माध्यम से नए उत्पाद व सेवाएं प्रदान करने के लिए सतत प्रयासरत है. इन पहल कार्यों के एक हिस्से के रूप में वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान आपके बैंक ने डेबिट कार्ड के माध्यम से ई-वाणिज्य लेने-देनों के लिए ऑन-लाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई. आपके बैंक ने अपनी महिला ग्राहकों के लिए विशुद्ध रूप से महिला कार्ड नामक नया डेबिट कार्ड भी शुरू किया. वित्तीय वर्ष के दौरान बिक्री बिंदु पर तथा ई-वाणिज्य लेन-देनों के लिए कैश बैक योजना भी शुरू की. इसके अलावा आपके बैंक ने डेबिट कार्डों के जरिए व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से अनुमत सीमा में नकदी आहरण की सुविधा आरंभ की. इसने देश भर में सभी बैंकों के डेबिट कार्डधारकों को यह सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए भी चुनिंदा प्रतिष्ठानों से गठजोड़ किया है. आपका बैंक नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की साझेदारी में मोबाइल फोन के माध्यम से बैंक के ग्राहकों की निधियों को आपके बैंक के साथ-साथ अन्य बैंकों के ग्राहकों को अंतरित करने की सुविधा भी आरंभ करने जा रहा है.

अपनी इंटरनेट बैंकिंग सेवा को और अधिक सुरक्षित बनाने के सतत् प्रयासों के एक हिस्से के रूप में आपके बैंक ने इंटरनेट बैंकिंग के ज़रिए निधियों के अंतरण के लिए किसी लाभार्थी को पंजीकृत करने से पूर्व द्वितीय कारक अभिप्रमाणन (एसएमएस के ज़रिए भेजे गए एकबारीय पासवर्ड के माध्यम से) की सुविधा शुरू की है. ग्राहक अनुभव को बढ़ाने और इंटरनेट बैंकिंग सुविधा के इस्तेमाल को बढ़ाने के उद्देश्य से आपके बैंक ने स्वयं ग्राहकों द्वारा ऑनलाइन पासवर्ड उत्पन्न करने की सुविधा भी प्रदान की है.

आपके बैंक को डाक विभाग से उसके खाताधारकों के प्री-पेड कार्ड कार्यक्रम में साझेदारी करने के लिए प्रतिष्ठित अधिदेश प्राप्त हुआ है. आपका बैंक बॉम्बे कस्टम हाउस एजेंट्स एसोसिएशन (बीसीएचएए) के साथ नवोन्मेषी भुगतान लिखत जारी करने में भी साझेदारी कर रहा है. इसके अंतर्गत सीमित उपयोगकर्ता समूह के डेबिट कार्ड के जरिए मालभाड़े और सीमा-शुल्क आदि का ई-भुगतान किया जाएगा.

आपका बैंक खुदरा वित्त खंड में एक प्रमुख और प्रतिस्पर्धी खिलाड़ी के रूप में उभरा है. खुदरा ग्राहकों की विविध ज़रूरतों को पूरा करने के लिए भावी खुदरा ग्राहकों को ज़मानती और बेज़मानती, दोनों ही प्रकार के नवोन्मेषी उत्पादों की श्रृंखला पेश की जाती है. आपके बैंक ने बंधक ऋण इंटरेस्ट सेवर नामक नवोन्मेषी उत्पाद शुरू किया है, जिसके अंतर्गत कोई ऋणी संपत्ति पर लिए गए ऋण पर अपने ऋण खाते से जुड़े चालू खाते में रखी गई अतिरिक्त निधियों की सीमा तक ब्याज बचा सकता है.

चालू खाते और बचत खाते (कासा) का स्तर बढ़ाने के लिए जिन वेतनभोगियों के आपके बैंक में वेतन खाते हैं, उनके लिए अंतःनिर्मित ओवरड्राफ्ट सुविधा के साथ वेतन खाता शुरू किया है. आपका बैंक मेधावी, जरूरतमंद और सुयोग्य छात्रों की शिक्षा के लिए ऋण को विशेष महत्व दे रहा है. आपके बैंक ने शिक्षा ऋण की मंजूरी के लिए शिक्षा संस्थानों से गठजोड़ किया है. ज़्यादा भौगोलिक क्षेत्र कवर करने और अंतर्निहित अवसरों का लाभ उठाने के लिए आपके बैंक ने वर्ष के दौरान 9 और रिटेल असेट सेंटर (आरएसी) खोले. ये केंद्र टीयर II और टीयर III श्रेणी के शहरों में खोले गए हैं ताकि प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के आवास ऋणों का दायरा बढ़ाया जा सके. आपके बैंक ने मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड से रिश्ते बनाते हुए 19 शहरों के व्यक्तियों के कारोबार विचारों और उद्यमिता कौशल को बढ़ावा देने के लिए 'मारुतिज़ थिंक बिग चैलेंज-II' कार्यक्रम का सह-प्रायोजन किया. समाज के आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग और निम्न आय समूहों को वित्तीय सेवाएं पेश करने की सरकारी पहल को सहयोग देने के लिए आपका बैंक अपने खुदरा ग्राहकों को 'शहरी निर्धनों के आवास के लिए ब्याज उपदान योजना' (ईशप) और शिक्षा ऋण (केंद्रीय ब्याज उपदान योजना) जैसी सरकार द्वारा प्रायोजित योजना पेश कर रहा है. आज आपका बैंक अपने समकक्षों के बीच सबसे पहले याद किए जाना वाला बैंक बन गया है.

आपके बैंक ने अपने ग्राहकों को विविध वित्तीय उत्पाद प्रदान करने के लिए आईडीबीआई म्यूचुअल फंड सहित 34 असेट मैनेजमेंट कंपनियों (एएमसी) के साथ गठजोड़ किया है. यह पूंजी अभिलाभ, भारत सरकार के बांड और विभिन्न कर बचत बांड जैसी नियत आय प्रतिभूतियों का भी वितरक है. आपका बैंक पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा नागरिकों को सेवानिवृत्ति के बाद आय की सुरक्षा प्रदान करने के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई सुरक्षित और लचीली योजना 'नई पेंशन प्रणाली' (एनपीएस) के वितरण के लिए पॉइंट ऑफ प्रेज़ेंस (पीओपी) के रूप में पंजीकृत है.

ग्राहकों की निवेश और बीमा संबंधी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए आपका बैंक आईडीबीआई फेडरल इंश्योरेंस कंपनी लि. के माध्यम से विभिन्न ग्राहक खंडों के अनुरूप जीवन बीमा समाधान उपलब्ध कराता है. आपका बैंक बजाज अलायंज़ जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के एजेंट के रूप में परिसंपत्तियों, स्वास्थ्य व व्यक्तिगत दुर्घटना जैसे 'गैर-जीवन' बीमा उत्पाद पेश करता है.

आपका बैंक एनआरआई ग्राहकों से अपने संबंधों को बहुत मान देता है. इन संबंधों को प्रगाढ़ करने तथा कुछ नए संबंध जोड़ने के लिए इसने प्लेटिनम, गोल्ड और इकॉनॉमी नामक तीन श्रेणियों में 'आईडीबीआई हेल्थ केयर स्कीम' शुरू की है. इस योजना के अंतर्गत एनआरआई ग्राहकों के आश्रितों को विभिन्न डायग्नॉस्टिक सेंटरों के ज़रिए स्वास्थ्य जाँच की सुविधा प्रदान की जाती है. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने खाड़ी देशों से विप्रेषण के लिए अल फरधान एक्सचेंज और ओमान यूएई एक्सचेंज से करार किया. इसके माध्यम से खाड़ी देशों के 12 एक्सचेंज हाउसों से विप्रेषण सुविधाएं प्राप्त की जा सकती हैं. आपके बैंक ने एनआरआई जमाराशियां जुटाने के लिए गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) देशों में यूएई एक्सचेंज से समझौता किया है. आपके बैंक ने विभिन्न एनआरआई अभियान और एनआरआई ग्राहक संपर्क कार्यक्रम चलाने के साथ-साथ भारत व विदेश में एनआरआई कार्यक्रम/ सम्मेलन में सहभागिता की है ताकि एनआरआई ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने के साथ एनआरआई उत्पादों व सेवाओं का प्रचार किया जा सके.

आपके बैंक ने अनिवासी भारतीयों को सेकंडरी बाज़ार में प्रत्यावर्तनीय और अप्रत्यावर्तनीय, दोनों ही आधार पर ऑन-लाइन व ऑफ-लाइन रूप में निवेश हेतु पोर्टफोलियो निवेश योजना (पीआईएस) शुरू की है. इसके अंतर्गत ऑन-लाइन ट्रेडिंग के लिए आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लिमिटेड से और ऑफ-लाइन ट्रेडिंग के लिए अन्य प्रमुख स्टॉकब्रोकरों से ट्रेडिंग गठजोड़ किया गया है. आपका बैंक एनआरआई ग्राहकों को बड़ी संख्या में शामिल करने के लिए अन्य संस्थागत ब्रोकरों को भी ऑन-लाइन ट्रेडिंग की सुविधा देने पर विचार कर रहा है.

भारत सरकार द्वारा परिकल्पित वित्तीय समावेशन के उद्देश्य को पूरा करने के लिए आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2013 को समाप्त होने वाले पहले तीन वर्षों के लिए वित्तीय समावेशन योजना (एफआईपी) शुरू की है. बैंक को वित्तीय वर्ष 2012 तक महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश और दादरा-नगर हवेली के 2000 से अधिक जनसंख्या वाले कुल 119 गाँवों को कवर करना है. वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान बैंक ने बैंकिंग सुविधा से वंचित 55 गाँवों में वित्तीय समावेशन योजना शुरू करने का लक्ष्य पूरा कर लिया है. बैंकिंग सुविधा से वंचित शेष 64 गाँवों को वित्तीय वर्ष 2012 में उपयुक्त रूप से शामिल किया जाएगा. इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2012-13 के दौरान 2000 से कम जनसंख्या वाले 5000 गाँवों को भी शामिल किया जाएगा. गांव के अलावा आपका बैंक बैंकिंग सुविधा से रहित शहरी बस्तियों में भी वित्तीय समावेशन अभियान चला रहा है.

आपके बैंक की वित्तीय समावेशन योजना कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) मॉडल के ज़रिए सूचना संप्रेषण प्रौद्योगिकी (आईसीटी) आधारित स्मार्ट कार्ड द्वारा लागू की जा रही है. वित्तीय समावेशन अभियान के लिए विभिन्न भौगोलिक खंडों / केंद्रों में प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) की सेवाएं ली जा रही हैं. ये टीसीपी बीसी / ग्राहक सेवा बिंदुओं (सीएसपी) के प्रबंधन सहित संपूर्ण समाधान प्रदान करेंगे. बैंकिंग सुविधा से वंचित गांवों के सभी ग्राहकों को बैंकिंग प्रौद्योगिकी विकास एवं अनुसंधान संस्थान (आईडीआरबीटी) विनिर्देशनों के अनुसार बायोमैट्रिक स्मार्ट कार्ड प्रदान किए जा रहे हैं, जिनमें लगभग दस कार्य शामिल करने की क्षमता है. शुरू में आबंटित गाँवों में प्रदान की जानेवाली बैंकिंग सेवाएं ऑफलाइन मोड पर उपलब्ध होंगी. आपका बैंक एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार कर रहा है जिसके ज़रिए ग्राहकों को तात्कालिक आधार पर सेवाएं मुहैया कराई जा सकें.

आपके बैंक ने बैंकिंग सुविधा से वंचित 46 गाँवों और मुंबई के एक शहरी निर्धन केंद्र में एफआईपी चलाकर अपना समावेशी बैंकिंग अभियान शुरू किया. इन गाँवों में हुई प्रगति की समीक्षा उच्च प्रबंधन द्वारा पहुंच कार्यक्रम के तहत की जा रही है. फिलहाल आपका बैंक स्मार्ट कार्ड के ज़रिए केवल जमा, आहरण और बैलेंस जानकारी की सुविधाएं ही दे रहा है, लेकिन आगे इसका सूक्ष्म ऋण, बीमा, उपयोगिता भुगतान आदि के लिए भी सुविधाएं प्रदान करने का प्रस्ताव है.

वित्तीय समावेशन पहल के अनुक्रम में आपके बैंक ने गुजरात राज्य के चार आदिवासी विकास खंडों में वित्तीय सेवाएं देने और लाभार्थियों को सरकारी योजनाएं अंतरित करने के लिए गुजरात सरकार के आदिवासी विकास विभाग के साथ समझौता किया है. ऐसी ही कुछ और सहभागिताएं अन्य राज्यों के साथ करने के लिए भी आपका बैंक कार्रवाई कर रहा है.

आपके बैंक ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के पंजीयक के रूप में कार्य करने के लिए समझौता किया है और यह यूआईडीएआई परियोजना शुरू हो चुकी है.

एसएसएमई पहल कार्य

आपके बैंक के प्रगति चार्टर में सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को एक महत्वपूर्ण भूमिका सौंपी गई है. आपका बैंक यह मानता है कि लंबे समय तक चलने वाला प्रगति मॉडल एक मजबूत नींव पर ही खड़ा किया जा सकता है. एमएसएमई ग्राहकों तक पहुंचने के प्रयास में आपके बैंक ने 30 प्रमुख शहरों में एमएसएमई केयर सेंटर स्थापित किए हैं. इन सेंटरों के आसपास प्रमुख कारोबारी क्षेत्रों में एसएसएमई डेस्क स्थापित किए गए हैं. इसी के साथ आपके बैंक ने अधिकांश एमएसएमई क्षेत्रों / प्रमुखता प्राप्त क्लस्टरों को शामिल करते हुए एसएसएमई क्षेत्र में 84 से अधिक केंद्रों में अपनी पहुंच बना ली है.

आपका बैंक एमएसएमई ग्राहकों की विभिन्न ज़रूरतों को समझता है और इन्हें पूरा करने के लिए वह हमेशा नए उत्पाद तैयार करने की कोशिश में लगा रहता है. वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान आपके बैंक ने एमएसएमई क्षेत्र में चार नए उत्पाद शुरू किए. आपके बैंक ने एमएसएमई के लिए 'संपत्ति पर ऋण' शुरू किए ताकि वे अपनी अनुप्रयुक्त परिसंपत्तियों / संपत्तियों का लाभ उठा सकें. बैंक ने एमएसएमई को नए कारोबार अवसरों का लाभ उठाने में समर्थ करने के लिए 'एसएमई स्मार्ट लाइन ऑफ क्रेडिट' शुरू की. इसके अलावा आपके बैंक ने देश के कारीगर समुदाय की ऋण ज़रूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय बैंक संघ (आईबीए) की 'शिल्पकार क्रेडिट कार्ड' योजना को भी लागू किया. स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा स्रोतों की दिशा में बढ़ते हुए आपके बैंक ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के रिसर्च इंस्टीट्यूट 'वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट' (डब्ल्यूआरआई), यूएसए के साथ गठबंधन किया, जोकि ऊर्जा बचत परियोजनाएं लागू करने के लिए समावेशी आधार पर एक ऋण उत्पाद तैयार कर रहा है.

इनके अलावा आपके बैंक ने एमएसएमई ग्राहकों को उनकी ज़रूरतों के मुताबिक त्वरित समाधान प्रदान करने के लिए कदम उठाए हैं. इसी भावना के मद्देनजर तथा एमएसएमई ऋण आधार व्यापक बनाने के लिए आपके बैंक ने सिडबी के साथ चुनिंदा शहरों की एमएसएमई इकाइयों के संयुक्त वित्तपोषण के लिए विशेष व्यवस्था की है. शुरुआत में यह योजना 10 केंद्रों अर्थात् अहमदाबाद, बंगलुरू, चेन्नै, कोयंबत्तूर, दिल्ली, इंदौर, जयपुर, लखनऊ, लुधियाना और राजकोट के लिए होगी, बाद में इसे पूरे देश में लागू किया जाएगा.

आपका बैंक एमएसएमई की आर्थिक स्थिति में क्लस्टरों की भूमिका के महत्व को समझता है. आपके बैंक ने कोयंबत्तूर में क्लस्टर विकास पहल करते हुए एक विमर्श सत्र रखा, जिसमें उद्योग जगत के विभिन्न विशिष्ट वर्ग के महत्वपूर्ण वक्ताओं ने उस क्लस्टर के एमएसएमई के समक्ष अपने विचार रखते हुए विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान के बारे में बताया.

विभिन्न औद्योगिक संगठनों द्वारा एमएसएमई निर्माण पहल कार्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आपके बैंक ने पिछले वर्ष एमएसएमई प्रोत्साहन संबंधी कई गतिविधियों में सहभागिता की.

कृषि और ग्रामीण विकास

कृषि भारतीय किसानों को विरासत में मिली जीवन-चर्या का अभिन्न हिस्सा है. बैंकिंग जगत के समक्ष यह चुनौती है कि वह हमारे कृषक समुदाय को ज्ञान-आधारित ऋण प्रदान करे, ताकि कृषि की उत्पादकता बढ़े और इसी के साथ प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र से जुड़े लोगों का जीवन बेहतर हो सके. किसानों तक अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए आपके बैंक ने वर्ष के दौरान समर्पित शाखाओं के अलावा अन्य शाखाओं में कृषि कारोबार देखने के लिए कुशल कर्मचारी तैनात करने सहित कई बुनियादी साधनों को बढ़ाया ताकि किसानों की जरूरतें पूरी हो सकें. फिलहाल आपके बैंक में कृषि कारोबार 14 एग्री प्रोसेसिंग केंद्रों से जुड़ी 300 शाखाओं के जरिए किया जाता है.

आपके बैंक के कृषि कारोबार में किसानों या किसान समूहों को प्रत्यक्ष ऋण देना, कॉरपोरेट और सहकारी समितियों के माध्यम से ऋण देना; कृषि उत्पाद के प्रसंस्करण में लगे कॉरपोरेटों या सहकारी समितियों तथा कृषि क्षेत्र को सहयोग करने वाली इकाइयों को सहायता देना आदि शामिल हैं. आपके बैंक ने किसानों को खेती की आधुनिक तकनीक और उसमें उभर रहे नए चलन के बारे में अवगत कराने के लिए कई कार्यक्रम चलाए. इसके अंतर्गत कृषि क्षेत्र के जानकारों को आमंत्रित कर किसान सभाएं आयोजित करना, कृषि प्रदर्शनी में सहभागिता और नाबार्ड आदि के सहयोग से किसान क्लब का गठन जैसे कई कार्य शामिल हैं.

आपके बैंक के लिए कृषि ऋण सिर्फ आर्थिक कार्यकलापों के लिए वित्तपोषण नहीं है, बल्कि यह तो हमारे देश के ग्रामीण विकास के मिशन में सहभागिता का एक अवसर है. आपके बैंक ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए ग्रामीण आबादी को डेरी, मुर्गीपालन, मत्स्यपालन, पशुपालन व अन्य संबद्ध कार्यकलाप शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया और इस हेतु सहयोग भी दिया. आपके बैंक ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक मुद्दों से जुड़ी ग्रामीण गतिविधियों में सहभागिता कर ग्रामीणों के साथ अपने संबंध मजबूत किए. आपका बैंक यह महसूस करता है कि ग्रामीण आबादी के बीच वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूकता के बिना ग्रामीण विकास मुश्किल है.

ग्रामीण जनसमुदाय के बीच वित्तीय साक्षरता का प्रसार करने और उन्हें जागरूक बनाने की दृष्टि से बैंक नाबार्ड के सहयोग से 'नुक्कड़ नाटक' का वित्तीय साक्षरता-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम के रूप में उपयोग कर रहा है. आपका बैंक संबद्धता कार्यक्रम के अंतर्गत गाँवों में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) भी स्थापित करने पर ज़ोर दे रहा है.

ग्रामीण युवकों में बेरोज़गारी की समस्या हमारे देश के समक्ष एक ज्वलंत विषय है. आपके बैंक ने यह निश्चय किया है कि वह भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा देश भर में 'ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान' (आरएसईटीआई) स्थापित करने के अभियान में सहभागिता करे और इसी सिलसिले में उसने पहला आरएसईटीआई स्थापित करने के लिए महाराष्ट्र के सातारा जिले का चयन किया है. इस संस्थान में सातारा जिले के ग्रामीण बेरोज़गार युवकों के लिए कौशल और उद्यमिता विकास पर निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाएंगे ताकि वे अपने लघु उद्यम स्थापित कर सकें. आपका बैंक इस गतिविधि को कृषि तथा ग्रामीण विकास गतिविधियों के साथ एक पृथक ट्रस्ट के अंतर्गत चलाएगा.

पर्यावरण संरक्षण योजनाएं

आपके बैंक ने पर्यावरण बैंकिंग के क्षेत्र में भारतीय बैंकिंग जगत में एक अग्रणी भूमिका निभायी है. विभिन्न बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के अलावा आपका बैंक क्योटो प्रोटोकॉल तथा स्वैच्छिक उत्सर्जन न्यूनीकरण (वीईआर) के अंतर्गत स्वच्छता विकास व्यवस्था (सीडीएम) / कार्बन क्रेडिट के क्षेत्र में सेवाएं प्रदान कर रहा है. आपका बैंक वर्ष 1991 से चिलर क्षेत्र में ओजोन डिप्लीटिंग सबस्टेंस (ओडीएस) को चरणबद्ध रूप में समाप्त करने तथा ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए तैयार की गई अनूठी परियोजना 'भारत में चिलर ऊर्जा कार्यकुशलता परियोजना' (आईसीप) के अंतर्गत विश्व बैंक निधीयन के लिए वित्तीय मध्यवर्ती के रूप में कार्य कर रहा है.

आपके बैंक ने कॉरपोरेट अभिशासन के क्षेत्र में हरित पहल करते हुए भारत सरकार के कंपनी कार्य मंत्रालय की अनुमति से सदस्यों को महासभा का नोटिस / अन्य सूचनाएं, वार्षिक रिपोर्ट व अन्य दस्तावेज इलेक्ट्रॉनिक रूप में भेजने की पहल की है.

कार्बन क्रेडिट सेवाएं

आपके बैंक ने स्वच्छ विकास व्यवस्था (सीडीएम) पर विशेषीकृत कार्बन क्रेडिट / उत्सर्जन व्यापारिक सलाह पर जोर देने के लिए एक टीम का गठन किया है. बैंक सीडीएम परियोजनाओं तथा कार्बन क्रेडिट बाजार से संबंधित सभी सेवाओं जैसे सीडीएम परियोजनाओं का निधीयन, सीडीएम परियोजना के पंजीयन हेतु तकनीकी परामर्शी सेवा प्रदान करना, सीईआर तथा वीईआर ट्रेडिंग के लिए सलाहकारी सेवाएं, कार्बन क्रेडिट / कार्बन क्रेडिट प्राप्तियों पर अपफ्रंट वित्तपोषण तथा व्यावहारिक सीडीएम के लिए सलाहकारी सेवाओं को सुगम बना रहा है.

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने नौ सलाहकारी / ट्रेडिंग नियत-कार्य पूरे किये और पंद्रह से अधिक नियत-कार्य प्रगति पर हैं. आपका बैंक अलग से युनाइटेड नेशन्स फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (यूएनएफसीसीसी) में हाइड्रो-प्रोजेक्ट के पंजीयन के लिए संपूर्ण सीडीएम तकनीकी सलाहकारी सेवा प्रदान कर रहा है. कार्बन क्रेडिट प्राप्तियों पर अपफ्रंट वित्तपोषण हेतु योजना के अंतर्गत दो परियोजनाओं को सहायता दी गई.

ओजोन डिप्लीटिंग सबस्टैंस (ओडीएस) फेज़-आउट परियोजनाएं

आपका बैंक मांट्रियल प्रोटोकॉल में अपेक्षित रूप में भारत में क्लोरोफ्लोरो कार्बन (सीएफसी) तथा कार्बन टेट्रा क्लोराइड (सीटीसी) के उत्पादन और प्रयोग को चरणबद्ध रूप से समाप्त करने में लगी परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए विश्व बैंक की ओजोन ट्रस्ट फंड (ओटीएफ) द्वारा संचालित ओजोन डिप्लीटिंग सबस्टैंस (ओडीएस) फेज आउट परियोजनाओं (ओडीएस III तथा IV) के लिए वित्तीय एजेंट के रूप में कार्य कर रहा है. विश्व बैंक और भारत सरकार ने ओडीएस III तथा IV परियोजनाओं की अवधि क्रमशः दिसंबर 2011 और दिसंबर 2012 तक बढ़ा दी है. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने दो परियोजनाओं के लाभार्थियों को कुल 0.67 मिलियन अमरीकी डॉलर की अनुदान निधियों के संवितरण पर 0.011 मिलियन अमरीकी डॉलर फीस आधारित आय अर्जित की. ओडीएस III तथा IV परियोजनाओं के अंतर्गत आपके बैंक के माध्यम से 31 मार्च 2011 तक संचयी रूप से कुल 116.80 मिलियन अमरीकी डॉलर के समतुल्य निधियां संवितरित की गयी हैं.

भारत में चिलर ऊर्जा कार्यकुशलता परियोजना (आईसीप)

आपका बैंक ऊर्जा कार्यकुशलता अपकेंद्री सीएफसी आधारित चिलरों को अधिक ऊर्जा कार्यकुशल गैर-सीएफसी आधारित चिलरों से शीघ्र प्रतिस्थापित करने के लिए 'भारत में चिलर ऊर्जा कार्यकुशलता परियोजना' (आईसीप) के कार्यान्वयन के लिए विश्व बैंक के वित्तीय मध्यस्थ और परियोजना कार्यान्वयन संस्था के रूप में कार्य कर रहा है. आईसीप की शुरुआत सितंबर 2009 में भारत सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय ने की थी और अब यह कार्यान्वयन के अंतिम चरण में है. इस परियोजना को वैश्विक पर्यावरण सुविधा (जीईएफ) के अंतर्गत 6.3 मिलियन अमरीकी डॉलर और बहुपक्षीय निधि (एमएलएफ) के अंतर्गत 1 मिलियन अमरीकी डॉलर की अनुदान राशि प्राप्त हुई है. यह परियोजना सीडीएम कार्यक्रम की एक छोटी गतिविधि (पीओए) के रूप में विकसित की जा रही है तथा कार्बन क्रेडिट के लिए इसे युनाइटेड नेशन्स फ्रेमवर्क कन्वेन्शन ऑन क्लाइमेट चेंज (यूएनएफसीसीसी) में पंजीकृत करने का प्रस्ताव है, जिससे वैयक्तिक लाभार्थियों की 370 लघु उप-परियोजनाओं के पंजीकरण की ऊँची लागत को दूर करने में मदद मिलेगी.

भारत में पात्र लाभार्थियों को दो विकल्पों के अंतर्गत वित्तीय प्रोत्साहन मिलेगा. विकल्प I के अंतर्गत नए कार्यकुशल अपकेंद्री चिलरों की लागत के 20% की अप-फ्रंट अनुदान सहायता 400 अमरीकी डॉलर प्रति टीआर (₹ 18,000 प्रति टीआर) के नियामक मूल्य के आधार पर उपलब्ध होगी. विकल्प II के अंतर्गत चिलर मालिक नए चिलरों द्वारा प्राप्त वास्तविक ऊर्जा बचत से उत्पन्न होनेवाली सीडीएम आय का लगभग 60% प्राप्त करने के पात्र होंगे.

वर्ष के दौरान 23 चिलरों के प्रतिस्थापन के लिए 12 पात्र परियोजनाएं पंजीकृत की गईं, जिन्हें मिलाकर अब तक निजी व सार्वजनिक क्षेत्र के सीएफसी आधारित 55 चिलरों के प्रतिस्थापन हेतु 18 परियोजनाओं के लिए कुल 1.95 मिलियन अमरीकी डॉलर की अनुदान राशि प्राप्त हुई है. आपके बैंक ने बेसलाइन परिमाणन और पात्र चिलरों पर वार्षिक निगरानी के लिए सिस्टम तैयार किया है तथा इससे कार्बन क्रेडिट के लिए सीडीएम पीओए के रूप में यूएनएफसीसीसी में पंजीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज तैयार करने के लिए भी सहायता मिलती है.

ट्रेज़री परिचालन

आपके बैंक के प्रधान कार्यालय में एकीकृत ट्रेज़री है जिसमें कुशल ग्राहक सेवा प्रदान करने हेतु विभिन्न प्रकार के ट्रेज़री उत्पाद प्रदान करते हुए निधियों के बेहतर प्रबंधन तथा प्रतिलाभ के लिए मुद्रा बाजार, नियत आय, विदेशी मुद्रा विनिमय, डेरिवेटिव और इक्विटी क्रय-विक्रय परिचालनों के विभिन्न कार्य किए जाते हैं.

वर्ष के दौरान चलनिधि का कुशलतापूर्वक और प्रभावशाली ढंग से प्रबंध किया गया. वर्ष की शुरुआत में प्रणाली में रुपया चलनिधि की स्थिति सुखद थी. चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के अंतर्गत अधिकतम अतिरिक्त राशि 7 अप्रैल 2010 को ₹ 119,655 करोड़ थी. अप्रैल 2010 में आरक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर) 25 आधार बिंदु बढ़कर 6% होने, 3 जी/बी डब्ल्यू ए स्पेक्ट्रम नीलामी के कारण निधियों के बहिर्वाह, मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए सरकार द्वारा व्यय में कमी करने के कारण प्रणाली में चलनिधि में तंगी आई. वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में औसत एलएएफ में ₹ 5,762 करोड़ की कमी रही. सबसे अधिक कमी 22 दिसंबर 2010 को ₹ 170,485 करोड़ की रही. रुपये में कमी के प्रबंधन के लिए रिज़र्व बैंक ने एसएलआर में निवल मांग एवं समय देयताओं (एनडीटीएल) में 1% की कमी कर लगभग उतनी ही राशि के सरकारी बांड की पुनर्खरीद सहित कई कदम उठाए. वित्तीय वर्ष की दूसरी छमाही में औसत एलएएफ में ₹ 88,919 करोड़ की कमी रही.

आपके बैंक ने तुलन पत्र में वृद्धि और देयताओं के भुगतान हेतु चलनिधि का प्रबंध करने के लिए जमा प्रमाणपत्र, अंतर बैंक उधार राशियां और विदेशी मुद्रा उधार राशियां सहित विभिन्न लिखतों का प्रयोग किया. अल्पावधि चल निधि का प्रबंधन माँग, सीबीएलओ, एलएएफ और रेपो बाज़ार परिचालनों के जरिए किया गया.

वर्ष की पहली छमाही में बांड बाज़ार में भारी अस्थिरता देखी गई. वर्ष की दूसरी छमाही में बांड बाज़ार में सीमित कारोबार हुआ. विशेष रूप से ऊँची मुद्रास्फीति और रिज़र्व बैंक द्वारा मौद्रिक नीति को कठोर बनाने के कारण बाज़ार की प्रतिकूल परिस्थिति बनी, जिसके चलते प्रतिलाभ पर दबाव बना. 10 वर्षीय सरकारी प्रतिभूतियों की आधार दर वित्तीय वर्ष 2010-11 की शुरुआत में 7.82% थी जो मई 2010 के मध्य तक कम होकर 7.37% तक रह गई और फिर यह धीमे-धीमे स्थिर रूप से बढ़ते हुए जनवरी 2011 के मध्य तक 8.23% तक जा पहुँची और फिर एक बार कम होते हुए वर्ष की समाप्ति तक 7.98% हो गई. वर्ष के दौरान रिज़र्व बैंक ने रेपो दर में 175 आधार बिंदु की बढ़ोत्तरी करते हुए इसे 6.75% कर दिया और रिवर्स रेपो में 225 आधार बिंदु की वृद्धि कर इसे 5.75% कर दिया.

आपके बैंक ने ग्राहकों को उनकी विदेशी मुद्रा जरूरतों को पूरा करने और उनकी ब्याज दर जोखिम तथा विदेशी विनिमय दर जोखिम से बचाव के लिए विभिन्न प्रकार के ग्राहकीकृत समाधान प्रदान किये. आपके बैंक की ट्रेज़री ने कॉरपोरेट ग्राहकों को उनके विदेशी मुद्रा लेन-देनों की विभिन्न जरूरतों के लिए प्रतिस्पर्धी दरें उपलब्ध कराई जिससे ग्राहकों की संख्या तथा विदेशी मुद्रा आय, दोनों में तीव्र वृद्धि हुई. आपके बैंक की ट्रेज़री की एक परिपूर्ण मार्केटिंग टीम है जो कॉरपोरेट ग्राहकों से निरंतर संपर्क में रहती है और विभिन्न मुद्राओं के बारे में उन्हें तत्परतापूर्वक राय देती है ताकि वे मुद्रा बाजारों में अस्थिरता का कुशलतापूर्वक प्रबंध कर सकें.

डेरिवेटिव खंड में आपका बैंक ग्राहकों को उनके संबंधित जोखिमों की बचाव-व्यवस्था के लिए मुद्रा तथा ब्याज दर डेरिवेटिव उत्पाद उपलब्ध कराता है. ग्राहकों को बचाव व्यवस्था के रूप में विकल्प संरचनाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं. वर्ष के दौरान बैंक ने अपने ग्राहकों को सरकारी प्रतिभूतियों के क्रय-विक्रय आदि के लिए ऋण विक्रय सेवा भी उपलब्ध कराई. बैंक ने विनिमय व्यापारित मुद्रा विकल्प (इटको) में स्वामित्व व्यापार शुरू किया. इससे पूर्व वित्तीय वर्ष 2009-10 में विनिमय व्यापारित ब्याज दर फ्यूचर्स (आईआरएफ) और वित्तीय वर्ष 2008-09 में विनिमय व्यापारित मुद्रा फ्यूचर्स में स्वामित्व व्यापार शुरू किए गए थे.

सीमा-पार शाखाएं

वैश्वीकरण की बढ़ती गति के साथ आपके बैंक के अनेक प्रतिष्ठित ग्राहकों को विदेशी वित्त की जरूरत पड़ती है. इस दिशा में आपके बैंक ने विदेशी बाजारों में प्रवेश किया ताकि इसके भारतीय ग्राहकों की वित्तीय आवश्यकताओं को

पूरा करने के साथ अंतर्राष्ट्रीय रूप से प्रतिस्पर्धी उत्पाद ऑफर करते हुए घरेलू बैंकिंग को सुदृढ़ किया जा सके. आपका बैक दुबई इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर (डीआईएफसी) शाखा के ज़रिए अपने भारतीय ग्राहकों की भारतीय परिचालनों और विदेशी उपक्रमों के लिए निधि संबंधी आवश्यकताएं पूरी करने के लिए ईसीबी विस्तार, विदेशी मुद्रा ऋण समूहन व व्यापार वित्त उत्पादों सहित कॉरपोरेट बैंकिंग सेवाएं प्रदान करता है. यह शाखा आपके बैंक के लिए विदेशी मुद्रा संसाधन जुटाने के लिए नोडल पॉइंट का भी काम करती है. आपके बैंक ने सिंगापुर में अपतटीय बैंकिंग इकाई (ओबीयू) खोलने के लिए मॉनिटरी ऑथारिटी ऑफ सिंगापुर (एमएएस) के पास तथा शंघाई में प्रतिनिधि कार्यालय खोलने के लिए चाइना बैंकिंग रेग्युलेटरी कमीशन (सीबीआरसी) के पास भी आवेदन प्रस्तुत किये हैं.

विदेशी मुद्रा संसाधन

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने 1784.87 मिलियन अमरीकी डॉलर के समतुल्य राशि जुटाई, जिसमें से (i) 830.37 मिलियन अमरीकी डॉलर के समतुल्य राशि विदेशी बैंकों / भारतीय बैंकों की विदेशी शाखाओं से समूहित / द्विपक्षीय ऋणों और रिज़र्व बैंक की अतंर-बैंक कारोबार योजना के अंतर्गत अंतर बैंक सौदों के माध्यम से जुटाई गई; (ii) 205 मिलियन अमरीकी डॉलर की राशि क्लब / समूहित ऋण के जरिए जुटाई गई; (iii) 1.5 बिलियन अमरीकी डॉलर के मध्यावधि नोट (एमटीएन) कार्यक्रम के अंतर्गत बांडों के निर्गम के ज़रिए 350 मिलियन अमरीकी डॉलर की राशि जुटाई गई; तथा (iv) 399.5 मिलियन अमरीकी डॉलर के समतुल्य राशि बैंकों से अल्पावधि उधारियों के ज़रिए जुटाई गई. आपके बैंक ने अपनी डीआईएफसी शाखा, दुबई के माध्यम से निर्यात ऋण एजेंसी (ईसीए) समर्थित 100 मिलियन यूरो के समतुल्य राशि की ऋण व्यवस्था के लिए संविदा की. यही ऋण व्यवस्था (एलओसी) भारतीय कॉरपोरेटों द्वारा पश्चिमी यूरोप के देशों से आयातित पूंजीगत सामान तथा निवेश के वित्तपोषण के लिए उपलब्ध रहेगी.

31 मार्च 2011 के अनुसार रिज़र्व बैंक की अतंर-बैंक लेनदेन योजना के अंतर्गत उधारियों की बकायाराशियां 1176.37 मिलियन अमरीकी डॉलर के समतुल्य थीं, जोकि रिज़र्व बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट किए अनुसार टीयर I पूंजी के 50% की सीमा में ही थीं. जैसाकि पहले बताया गया है, आपके बैंक ने अपने 350 मिलियन अमरीकी डॉलर के बेंचमार्क रेग एस बांड निर्गम की दर 30 जुलाई 2010 को 4.75% वार्षिक तय की है. बांड की परिपक्वता अवधि 5.5 वर्ष है तथा इसे बैंक के 1.5 बिलियन अमरीकी डॉलर के मध्यावधि नोट (एमटीएन) कार्यक्रम के अंतर्गत जारी किया गया, जो सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध है. बेंचमार्क बांड निर्गम डीआईएफसी में आपके बैंक की शाखा के माध्यम से जुटाया गया है. सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज के पास फाइल किए गए 1.5 बिलियन अमरीकी डॉलर मध्यावधि नोट (एमटीएन) के इस कार्यक्रम से रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रधान ऋण और साथ ही सतत टीयर I और अपर टीयर II पूंजी के माध्यम से विदेशी मुद्रा निधियां जुटाने में सहायता मिलेगी. एमटीएन कार्यक्रम के अंतर्गत जुटायी जाने वाली निधियों का उपयोग भारतीय और विदेशी कंपनियों की विदेशी मुद्रा निधियों की आवश्यकताओं के वित्तपोषण हेतु आपके बैंक की विदेश शाखा के निधीयन के लिए किया जाएगा.

रेटिंग

आपका बैंक देशी तथा विदेशी मुद्रा उधार-राशियों दोनों के लिए क्रेडिट रेटिंग प्राप्त करता है. रुपया संसाधनों के लिए रेटिंग नीचे **तालिका 3** में दी गई है:

तालिका 3 : देशी मुद्रा उधार राशियों की रेटिंग (यथा 31 मार्च 2011)

	क्रिसिल	इक्रा	फिच
सावधि जमाराशियां	एफएएए / स्टेबल	एमएए+	टीएएए (इंड)
अल्पावधि उधार राशियां (जमा प्रमाणपत्र)	पी1 +	ए1+	एफ1 + (इंड)
दीर्घावधि रुपया बांड (सीनियर एवं लोअर टीयर II बांड)	एए+/ स्टेबल	एलएए+ / स्टेबल	एए+ (इंड)
संकर पूंजी - अपर टीयर II बांड	एए / स्टेबल	एलएए/ स्टेबल	एए-(इंड)
संकर पूंजी - आईपीडीआई	एए / स्टेबल	एलएए / स्टेबल	

आपके बैंक की विदेशी मुद्रा उधार राशियों की रेटिंग अंतर्राष्ट्रीय रेटिग एजेंसियों अर्थात् मूडीज़ इन्वेस्टर सर्विसेज़ (मूडीज़) तथा स्टैंडर्ड एंड पुअर्स (एस एंड पी) द्वारा दी जाती है, दीर्घकालिक विदेशी मुद्रा रेटिंग और बैंक की वित्तीय सुदृढ़ता की रेटिंग (बीएफएसआर) **तालिका 4** में दर्शाई गई है.

तालिका 4 : प्रधान ऋण के लिए विदेशी मुद्रा उधार राशियों की रेटिंग (यथा 31 मार्च 2011)

रेटिंग एजेंसी	दीर्घकालिक रेटिंग	बीएफएसआर
मूडीज़ इन्वेस्टर सर्विसेज़ (मूडीज़)	बा2	डी -
स्टैंडर्ड एंड पुअर्स (एस एंड पी)	बीबीबी - / स्टेबल	सी

दीर्घावधि रुपया उधार राशियां

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने अपने सीआरएआर में सुधार लाने के लिए बांडों के निर्गम के ज़रिए ₹ 2,443 करोड़ की राशि जुटाई, जिसमें से टीयर I पूंजी (₹ 245 करोड़), अपर टीयर II बांडों (₹ 1000 करोड़) और लोअर टीयर II बांडों (₹ 1198 करोड़) के लिए पात्र नवोन्मेषी बेमीयादी ऋण लिखत (आईपीडीआई) शामिल हैं.

परिसंपत्ति गुणवत्ता

मार्च 2011 के अंत में आपके बैंक की 98.94% ऋण निवल परिसंपत्तियां मानक थीं. मार्च 2011 के अंत में आपके बैंक की ऋण परिसंपत्तियों में अवमानक ऋण परिसंपत्तियां 0.85% थीं, जबकि निवल संदिग्ध परिसंपत्तियां 0.21% रहीं जिनके लिए मौजूदा विवेकपूर्ण विनियमों के अनुरूप पर्याप्त प्रावधान किये गये. आपके बैंक ने अपने पोर्टफोलियो में से अनर्जक परिसंपत्तियों / पूरी तरह से बट्टे खाते डाले गये मामलों के निपटान के लिए कई उपाय किये. प्रत्येक मामले की विशिष्ट आवश्यकता के अनुसार देयताओं की पुनर्संरचना, एकबारीय निपटान / बातचीत से तय निपटान, कानूनी कार्रवाई, सरफाइसी अधिनियम के तहत कार्रवाई, प्रबंधन-वर्ग में परिवर्तन, असेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनियों (एआरसी) को परिसंपत्तियों की बिक्री, रणनीतिक निवेशकों को शामिल करने जैसे विभिन्न उपाय किये.

31 मार्च 2011 को आपके बैंक का प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) 70% की विनियामक सीमा के मुकाबले 74.66% था.



जोखिम प्रबंध

जोखिम बैंकिंग कारोबार का एक अभिन्न अंग है और यह आपके बैंक की कारोबारी रणनीति का एक प्रमुख घटक रहा है. जोखिम के संबंध में आपके बैंक का दर्शन दो उद्देश्यों से निर्देशित होता है. शेयरधारकों के मूल्य में वृद्धि और दूसरा, पूंजी का इष्टतम आबंटन. सतत आर्थिक मूल्य अर्जित करने के लिए पूरे बैंक में जोखिम के प्रति जागरूकता पैदा करना, जोखिम की कुशलतापूर्वक तथा प्रभावशाली ढंग से पहचान, आकलन, निगरानी तथा नियंत्रण को उचित प्राथमिकता दी जाती रही है.

आपके बैंक में एक समन्वित जोखिम प्रबंध कार्यप्रणाली है जो उद्यम व्यापी जोखिम प्रबंध के सभी पहलुओं को देखती है. समग्र जोखिम प्रबंध की जिम्मेदारी निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी) की है. जोखिम प्रबंध के क्षेत्र में उपयुक्त संरचना, नीतियाँ तथा समीक्षा प्रणालियाँ लागू की गई हैं. पूरे बैंक में जोखिम के प्रति सावधानी बरतने और निर्णय लेने में अनुशासित रहने की दृष्टि से बैंक में जोखिम प्रबंध प्रणालियों के संपूरक के तौर पर एक सुस्थापित, प्रभावी तथा स्वतंत्र आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था मौजूद है.

आपका बैंक पर्याप्त प्रबंध सूचना प्रणाली (एमआईएस) क्षमता स्थापित करने के लिए कोर बैंकिंग सॉल्यूशन का प्रयोग करता है. इससे जोखिम प्रबंधन में बढ़ती हुई परिष्कृत वित्तीय प्रणाली की चुनौतियों का सामना किया जा सकेगा. जोखिम-तंत्र प्रणाली को और भी अधिक सदृढ़ तथा तकनीकी रूप से उन्नत बनाने के उद्देश्य से आपके बैंक ने एकीकृत जोखिम प्रबंध संरचना (आईआरएमए) को कार्यान्वित किया है जिसमें सॉफ्टवेयर समाधान, अर्थात् जोखिम आकलन मॉड्यूल (आरएएम), पूंजी आकलन मॉडल (सीएएम) और क्रिसिल का परिचालनगत जोखिम मूल्यांकक (कोर) शामिल है. आरएएम एक द्विआयामी वेब आधारित रेटिंग प्रणाली है, सीएएम ऋण जोखिम के लिए एक पूंजी गणना प्रणाली है और कोर परिचालनगत जोखिम का पता लगाने की प्रणाली है. इन प्रणालियों द्वारा बासेल-II के अंतर्गत उन्नत दृष्टिकोणों से संभावित अंतरण में सुविधा होगी. आईआरएमए प्रणाली को बैंकिंग उद्योग में सर्वश्रेष्ठ जोखिम प्रबंध प्रणाली के लिए भारतीय बैंक में सर्वश्रेष्ठ जोखिम प्रबंध प्रणाली के लिए भारतीय बैंक संघ (आईबीए) द्वारा पुरस्कृत किया गया है.

बासेल-II मानदंडों का कार्यान्वयन

आपके बैंक ने 31 मार्च 2009 से रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित बासेल-II मानदंड अपना लिए हैं. बासेल-II के अंतर्गत पिलर-I मानदंडों के अनुपालन में बैंक ने 31 मार्च 2011 को ऋण, बाजार और परिचालनगत जोखिम हेतु पूंजी आवश्यकता की गणना की है और बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) 13.64% और टीयर-I अनुपात 8.03% रहा जो क्रमशः 9% और 6% की न्यूनतम विनियामक अपेक्षा से अधिक है.

आपके बैंक ने ऋण जोखिम के लिए मानकीकृत दृष्टिकोण अपनाया है और बासेल-II के उन्नत (आंतरिक रेटिंग आधारित) दृष्टिकोणों में संभावित अंतरण की दिशा में तैयारी के लिए अपनी ऋण जोखिम प्रबंध प्रणाली को और उन्नत तथा मजबूत बनाने की प्रक्रिया में है. इसी तरह, बाज़ार जोखिम के लिए आपके बैंक ने पूंजी की गणना करने के लिए मानकीकृत दृष्टिकोण अपनाया है और पूंजी की गणना के लिए आतंरिक मॉडल दृष्टिकोण (आईएमए) में निर्बाध अंतरण के लिए जोखिम-मूल्य आधारित प्रणाली कार्यान्वित करने की प्रक्रिया में है.

आपके बैंक ने परिचालनगत जोखिम के लिए पूंजी प्रभार की गणना करने के लिए मूल संकेतक दृष्टिकोण (बीआईए) अपनाया है. उन्नत मापन दृष्टिकोण (एएमए) में अंतरण प्रक्रिया के एक हिस्से के रूप में, मुख्य जोखिम संकेतकों का एक नया सेट और जोखिम एवं नियंत्रण स्व-निर्धारण (आरसीएसए) ढाँचा भी तैयार किया गया है.

इसी तरह, बासेल-II के अंतर्गत पिलर-2 मानदंडों के अनुपालन में बैंक के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित एक आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईसीएएपी) संबंधी नीति लागू की है. इस नीति द्वारा बैंक उन जोखिमों का आतंरिक मूल्यांकन और गणना कर सकेगा जो पिलर-1 में सामने नहीं आ पाए हैं और साथ ही सामान्य तथा दबावग्रस्त परिस्थितियों में ऐसे जोखिमों के प्रबंध के लिए समुचित रणनीतियाँ भी बना सकेगा. तद्नुसार आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2010 के लिए आईसीएएपी की कार्रवाई पूरी कर ली है जिसे निदेशक मंडल के अनुमोदन के बाद रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत कर दिया गया है.

बासेल-II के पिलर-3 मानदंडों के अनुपालन में आपके बैंक ने एक प्रकटन नीति तैयार की है और तद्नुसार 31 मार्च 2011 तक के प्रकटनों को वित्तीय वर्ष 2010-11 की बैंक की वार्षिक रिपोर्ट में शामिल किया गया है और उन्हें बैंक की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराया गया है. पूंजी पर्याप्तता अनुपात के संबंध में भी प्रकटन को तिमाही आधार पर बैंक की वेबसाइट पर अद्यतन किया जाता है.

आपका बैंक बासेल-II मानदंडों के कार्यान्वयन के मूल्य सृजित करने पर विशेष ध्यान देने के साथ जोखिम प्रबंध में सर्वोत्तम पद्धतियां अपनाने के लिए रणनीतिक तथा पथ प्रदर्शक प्रक्रिया मानता है.

ऋण जोखिम

आपका बैंक बैंकिंग कारोबार में ऋण जोखिम के महत्व को समझता है और इसीलिए इसने उचित जोखिम प्रबंध कौशल से युक्त ऋण जोखिम प्रबंध प्रणाली अपनाई है. आपका बैंक एक सक्रिय ऋण नीति का अनुसरण करता है जिसकी नियमित रूप से समीक्षा की जाती है और कारोबारी तथा आर्थिक परिदृश्य में होने वाली घटनाओं को ध्यान में रखते हुए इसे अद्यतन किया जाता है. उपयुक्त ऋण वितरण प्रक्रियाओं तथा पोर्टफोलियो एवं लेखा निगरानी के जरिए सर्वोत्तम पद्धतियों का प्रयोग किया जाता है.

आपके बैंक ने ऋण समीक्षा व्यवस्था-तंत्र (एलआरएम) को कार्यान्वित किया है जो उचित ऋण मूल्यांकन सुनिश्चित करने के लिए एक प्रभावी साधन है, साथ ही निगरानी मानक बनाए रखे गए हैं. वर्ष के दौरान आपके बैंक की आंतरिक रेटिंग प्रक्रियाओं को और भी कारगर बनाया गया है ताकि कार्रवाई समय में तीव्रता और ऋण वितरण में तेजी लायी जा सके. शीर्ष स्तरीय रेटिंग समिति ऋण रेटिंगों को वैधता प्रदान करती है और जोखिम विश्लेषकों तथा संपर्क प्रबंधकों को मार्गदर्शन भी देती है. एक सक्रिय उपाय के रूप में आपका बैंक संवेदनशील क्षेत्रों सहित विभिन्न क्षेत्रों को दी जानेवाली ऋण सीमाओं तथा ऋण निवेशों की नियमित रूप से निगरानी करता है.

बाज़ार जोखिम

आपका बैंक अपनी समग्र जोखिम प्रबंध प्रणाली के एक अभिन्न हिस्से के रूप में चलनिधि जोखिम, ब्याज दर जोखिम तथा ट्रेजरी कार्यकलापों से उत्पन्न विदेशी मुद्रा जोखिम जैसे सभी प्रकार के बाज़ार जोखिमों का समाधान करता है. बाज़ार जोखिमों की समग्र स्थितियां तथा कार्य परिसंपत्ति देयता प्रबंध (एएलएम) नीति, बाज़ार जोखिम नीति, निवेश नीति और डेरिवेटिव नीति में परिभाषित नीतिगत ढांचे के अनुसार किए जाते हैं. सामान्य तौर पर ये नीतियां जोखिम उठाने के उपयुक्त स्तरों का निर्धारण करती हैं और जोखिमों और अपवादों के आकलन, रिपोर्टिंग तथा वृद्धि हेतु व्यवस्थाएं तय करती हैं.

आपके बैंक ने चल निधि व ब्याज दर जोखिम को कम करने के लिए बोर्ड के अनुमोदन से जोखिम सीमाएं विनिर्दिष्ट की हैं. परिसंपत्ति देयता प्रबंध समिति (एल्को) वास्तविक जोखिम स्थिति पर नियमित निगरानी रखती है और आवश्यकतानुसार परिसंपत्ति-देयता के अंतर को विनिर्दिष्ट सीमा के भीतर रखने के लिए कदम उठाए जाते हैं. आपके बैंक की परिसंपत्ति देयता प्रबंध (एएलएम) स्थिति के बारे में एल्को, बोर्ड की जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी) तथा रिज़र्व बैंक को आवधिक रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है.

परिचालन जोखिम

'परिचालन जोखिम प्रबंध नीति' के अनुसार परिचालनगत जोखिम प्रबंध ढांचा तैयार करने और उसके कार्यान्वयन का दायित्व स्वतंत्र परिचालन जोखिम कक्ष को दिया गया है. इसके अलावा, एक विवेकपूर्ण जोखिम न्यूनीकरण उपाय के रूप में, परिचालनगत जोखिमों पर गहन निगरानी रखने के लिए शीर्ष स्तरीय कार्यपालकों के एक परिचालन जोखिम समूह (ओआरजी) का गठन किया गया है.

आपका बैंक प्रमुख जोखिम संकेतक (केआरआई) आंकड़ा संग्रहण ढांचे और विनिर्दिष्ट मानदंडों की तुलना में परिचालनगत कार्य-निष्पादन के आधार पर शाखाओं की रेटिंग के माध्यम से परिचालनगत जोखिम की निगरानी करता है. जोखिम एवं नियंत्रण स्व-मूल्यांकन (आरसीएसए) रूपरेखा विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों में नियंत्रण व्यवस्था-तंत्र की प्रभावशीलता का आकलन करने और उसे मज़बूत बनाने का एक अन्य साधन है.

इसके अलावा, परिचालनगत जोखिम का सावधानीपूर्वक प्रबंध करने के लिए, 'अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी) तथा धन शोधन निवारण (एएमएल) नीति' लागू की गई है. यह नीति काले धन को वैध बनाने के कार्यकलापों के लिए आपराधिक तत्वों द्वारा बैंकों का इरादतन या गैर-इरादतन इस्तेमाल किये जाने से रोकती है. परिचालनगत जोखिमों को बेहतर ढंग से समझने और उनसे निपटने में परिचालन से जुड़े अधिकारियों को सचेत करने के उद्देश्य से, परिचालनगत जोखिम प्रबंध, धोखाधड़ी निगरानी, धन शोधन निवारण तथा केवाईसी जैसे क्षेत्रों को शामिल करते हुए नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये.

आपदा की स्थिति में महत्वपूर्ण बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से अच्छी तरह से आजमाई गयी एक कारोबार निरंतरता योजना (बीसीपी) लागू की गयी है. इस योजना से कारोबार व्यवधान या आपदा की अप्रत्याशित घटना की स्थिति में मूल्यवान ग्राहकों को यथासंभव शीघ्र समय में चौबीसों घंटे बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने में सहायता मिलेगी. कारोबार व्यवधान या आपदा की स्थिति में कारोबार निरंतरता योजना की प्रभावशीलता का आकलन उचित परीक्षण द्वारा किया गया है. कारोबार निरंतरता योजना के वास्तविक जीवंत परीक्षण से पूर्व अधिसूचना तथा कालआउट परीक्षण तथा टेबल-टॉप परीक्षण/ संरचित वॉक थ्रू परीक्षण किये जाते हैं. इसके अलावा, प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भी निरंतर तथा अविच्छिन्न ग्राहक सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से एक डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट की स्थापना की गयी है और आवधिक रूप से डिजास्टर रिकवरी ड्रिल किये जाते हैं.

उत्पाद जोखिम

आपका बैंक नये उत्पाद हेतु एक सुदृढ़ अनुमोदन प्रक्रिया का अनुसरण करता है जिसमें संकल्पना वैधीकरण, महत्वपूर्ण धारणाओं की पुष्टि, प्रौद्योगिकीय क्षमता आदि जैसे व्यापक जोखिम मूल्यांकन तथा न्यूनीकरण प्रणाली शामिल हैं. साथ ही, जोखिमों की निरंतर निगरानी तथा नियंत्रण करने के उद्देश्य से मौजूदा उत्पादों तथा सेवाओं की भी नियमित रूप से आवधिक समीक्षा की जाती है.

सूचना प्रौद्योगिकी जोखिम

जहां एक ओर आपका बैंक अपने ग्राहकों तथा अन्य अंशधारकों को बेहतर सेवाएं / योजनाएं प्रदान करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) का प्रयोग करने में अग्रणी रहा है, वहीं इसने प्रभावी आईटी जोखिम प्रबंध की आवश्यकता को भी समझा है. बैंक की आईटी जोखिम न्यूनीकरण रणनीति में सूचना सुरक्षा पहलुओं के अलावा अनुपालन व निजता पहलू भी शामिल हैं. सूचना सुरक्षा नीति (आईएसपी) लागू करने का उद्देश्य यह है कि सूचनाएं अनधिकृत पहुंच से सुरक्षित रहें और सूचनाओं की गोपनीयता तथा विश्वसनीयता बनी रहे, साथ ही अधिकृत उपयोगकर्ताओं को यह समय पर उपलब्ध हो सकें. उच्च-स्तरीय सूचना सुरक्षा संवीक्षा समिति (आईएसएससी) यह सुनिश्चित करती है कि आईटी संसाधनों के सतत संरक्षण की व्यवस्था बनी रहे. कर्मचारियों के लिए सूचना सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों के नियमित आयोजन के अलावा ग्राहकों को विभिन्न सूचना सुरक्षा सावधानियों के बारे में भी सूचित किया जाता है.

आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा सिस्टम को एक सुदृढ़ सूचना सुरक्षा ढांचे के अंतर्गत कार्यान्वित किया गया है. बैंक के केंद्रीकृत डाटा सेंटर को आईएसओ 27001 प्रमाणन प्राप्त है जो एक प्रतिष्ठित सूचना सुरक्षा प्रमाणन है. फायरवाल, गेटवे फिल्टर्स, डिमिलिटराइज़्ड ज़ोन जैसे बहुविध सूचना सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन से गहन सुरक्षा की जा रही है. 'फिशिंग' हमलों के प्रति कारगर कार्रवाई करने हेतु सुरक्षा स्तरों को बढ़ाने के उपाय किए गए हैं. सूचना सुरक्षा पर चौबीसों घंटे निगरानी रखी जा रही है.

आपके बैंक की जोखिम प्रबंध रूपरेखा कोई नया संव्यवहार करने तथा प्रक्रियाओं एवं प्रणालियों को बदलने या नई प्रक्रियाओं एवं प्रणालियों को कार्यान्वित करने से पूर्व अंतर्निहित जोखिमों का विश्लेषण करने और उन्हें समझने पर विशेष जोर देती है. इससे सभी जोखिमों का व्यापक आकलन किया जाता है और यह सुनिश्चित किया जाता है कि संव्यवहार तथा प्रक्रियाएं बैंक की जोखिम उठाने की क्षमता और विनियामक अपेक्षाओं के अनुरूप हों. इसे अभिशासन संरचना के समूहन के माध्यम से हासिल किया जाता है जिसमें संव्यवहारों तथा प्रक्रियाओं के लिए एक बहुस्तरीय अनुमोदन स्तर शामिल है. इस व्यवस्था - तंत्र में सहायता के लिए संव्यवहार की वार्षिक समीक्षा, पोर्टफोलियों की नियमित समीक्षा, नियंत्रण स्व-मूल्यांकन तथा प्रमुख जोखिम संकेतकों की निगरानी शामिल है.

प्रबंध, नियंत्रण एवं प्रणालियां

मानव संसाधन पहल कार्य

वर्ष 2010-11 के दौरान आपके बैंक ने 2509 कर्मचारियों (1800 अधिकारी, 709 एक्ज़ीक्यूटिव) की भर्ती की, जिनमें से अनुसूचित जाति (अजा) के 239, अनुसूचित जनजाति (अजजा) के 80, अन्य पिछड़े वर्ग (अपिव) के 457 और अशक्त व्यक्ति श्रेणी के 19 कर्मचारी हैं. 31 मार्च 2011 को आपके बैंक में 13598 कर्मचारी कार्यरत थे जिनमें 9912 अधिकारी, 1150 एक्ज़ीक्यूटिव, 1386 लिपिकीय स्टाफ (श्रेणी III) और 1150 अधीनस्थ कर्मचारी (श्रेणी IV) थे. इसके अलावा आपके बैंक की दो सहायक संस्थाओं अर्थात् आईडीबीआई होम फाइनेंस लि. और आईडीबीआई गिल्ट्स लि. के विलय के फलस्वरूप बैंक के कर्मचारियों की कुल संख्या 31 मार्च 2011 को बढ़कर 13828 हो गयी.

आपके बैंक ने एक व्यापक मानव संसाधन आईटी संरचना प्रारंभ करने की अपनी पहल के एक हिस्से के रूप में, कर्मचारियों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए ऑरेकल एचआरएमएस प्लेटफार्म पर विभिन्न मॉड्यूलों को अनुकूलित तथा कार्यान्वित किया है जिससे ऑनलाइन प्रक्रिया प्रवाह के जरिए कार्रवाई समय में कमी आयी है और कागज का इस्तेमाल भी कम हुआ है और इस प्रकार पर्यावरण संरक्षण में एक छोटा-सा योगदान दिया गया है. वर्ष के दौरान की गयी एक अन्य महत्वपूर्ण पहल कार्य-निष्पादन मापन प्रणाली (पीएमएस) के कार्यान्वयन की दिशा में प्रगति है जो परीक्षण के अंतिम चरण में है. पीएमएस में प्रत्येक कर्मचारी के लिए प्रमुख कार्य-निष्पादन का आकलन करने में सहायता मिलेगी. आपके बैंक में औद्योगिक संबंध का माहौल वर्ष के दौरान सौहार्द्रपूर्ण रहा जिससे कोई हड़ताल नहीं हुई या कार्य में कोई व्यवधान नहीं हुआ.

अनुसूचित जातियों (अजा), अनुसूचित जनजातियों (अजजा) और अन्य पिछड़े वर्ग (अपिव) का प्रतिनिधित्व

आपका बैंक अप्रैल 1977 से सीधी भर्ती में और फरवरी 1980 से पदोन्नति में अजा/अजजा के लिए आरक्षण के नियमों को लागू कर रहा है. आपका बैंक सीधी भर्ती में सितंबर 1993 से अपिव के लिए भी आरक्षण लागू कर रहा है. भारत सरकार के संशोधित अनुदेशों के अनुसार, पद आधारित रोस्टर प्रणाली को विधिवत् अपनाया गया है. आपके बैंक में 31 मार्च 2011 को विभिन्न संवर्गों की कुल संख्या में अजा, अजजा और अपिव का प्रतिनिधित्व **तालिका 5** में दिया गया है.

तालिका 5 : अजा / अजजा / अपिव का प्रतिनिधित्व

मानव शक्ति	कुल संख्या	जिनमें से		
		अजा	अजजा	अपिव
अधिकारी	9912	1025	299	1319
एक्ज़ीक्यूटिव	1150	183	39	388
लिपिकीय	1386	147	42	127
अधीनस्थ स्टाफ (स्वीपरों को छोड़कर	905	213	66	151
स्वीपर	245	66	19	45
कुल	13598*	1634	465	2030
कुल संख्या का %		12.02	3.42	14.93

* आईडीबीआई होम फाइनेंस लि. और आईडीबीआई गिल्ट्स लि. के कर्मचारियों को छोड़कर.

31 मार्च 2011 को बैंक में 49 भूतपूर्व सैनिक और 127 शारीरिक रूप से अशक्त व्यक्ति थे. आपका बैंक भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार अशक्त व्यक्तियों (पीडब्लूडी) के लिए अलग से रोस्टर रखता है.

आपके बैंक ने अजा / अजजा / पीडब्ल्यूडी तथा अपिव के कर्मचारियों की शिकायतों का प्रभावी रूप से निराकरण करने के लिए संबंधित श्रेणी में संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति की है. आपके बैंक ने वर्ष के दौरान अजा / अजजा / अपिव कर्मचारी कल्याण संघ के प्रतिनिधियों के साथ चार तिमाही बैठकें आयोजित कीं. संपर्क अधिकारियों और अजा / अजजा संघ के प्रतिनिधियों तथा भारत सरकार की आरक्षण नीति के कार्यान्वयन से जुड़े अधिकारियों को संबंधित कार्यक्रमों में नामित किया गया ताकि उन्हें आरक्षण नीति की अद्यतन जानकारी / परिवर्तनों से अवगत कराया जा सके. इस अवधि के दौरान आपके बैंक ने अधिकारियों तथा एक्ज़ीक्युटिवों के पद के लिए लिखित परीक्षा / साक्षात्कार देने वाले 4752 अजा / अजजा उम्मीदवारों हेतु भर्ती पूर्व कार्यक्रम आयोजित किए. इसके अलावा अजा / अजजा श्रेणी से संबंधित अधिकारियों के लिए पदोन्नति पूर्व कार्यक्रम आयोजित किए गए.

मानव संसाधन - प्रशिक्षण एवं विकास

आपके बैंक की विकास योजनाओं और प्रतिस्पर्धी माहौल के परिप्रेक्ष्य में प्रशिक्षण का कार्य एक सक्रिय एवं महत्वपूर्ण प्रक्रिया रहा है. निःस्संदेह, मानव संसाधन की गुणवत्ता प्रतिस्पर्धी बढ़त प्रदान करने में एक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है. आपके बैंक में एक प्रमुख कार्य यह हुआ है कि व्यावसायिक योग्यता रखने वाले युवा अधिकारियों की बड़ी संख्या में भर्ती की गई है और उन्हें इस प्रकार समर्थ बनाया गया है कि त्रुटिरहित परिचालन सुनिश्चित किया जा सके और बैंक के विकास में उनका प्रभावी योगदान लिया जा सके. मध्यम व वरिष्ठ स्तर के वर्तमान कर्मचारियों को बाज़ार शक्तियों से उभरती नई मांगों को पूरा करने के लिए निरंतर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है.

प्रभावी शाखा संचालन, प्रणालियों, प्रक्रियाओं, अनुपालन, उत्पादों, विपणन, बिक्री और उत्कृष्ट सेवा के जरिए बैंक की बाजार में हिस्सेदारी और कारोबार में रैंकिंग बढ़ाने के लिए स्टाफ की दक्षता को सुधारने और बढ़ाने हेतु गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए सुव्यवस्थित प्रयास किए गए. इसके अलावा स्टाफ को टीम का बेहतर सदस्य / नेतृत्वकर्ता बनाना प्रशिक्षण के अन्य क्षेत्र रहे हैं. प्रणाली में नए अधिकारियों को शामिल करने के अलावा मध्यम और वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों को कार्यशालाओं के माध्यम से अपने निर्णय कौशल को और भी बेहतर बनाने तथा व्यावसायिक दृष्टिकोण को व्यापक करने का अवसर भी प्रदान किया गया.

वर्ष के दौरान कारोबारी प्रमुखों के परामर्श से आपके बैंक ने प्रशिक्षण की जरूरतों की योजना बनाई और 695 कार्यक्रमों के माध्यम से 10,988 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया. इनमें से 470 बैंक के आतंरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम थे जिनमें 10,499 प्रतिभागियों को शामिल किया गया. इसके अलावा भारत में अन्य संस्थानों / प्रशिक्षण संगठनों द्वारा संचालित 194



बाहरी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 430 अधिकारियों को नामित किया गया और विदेश में 31 प्रशिक्षण कार्यक्रमों/सम्मेलनों/सेमिनारों के लिए 59 अधिकारियों को नामित किया गया.

मानव संसाधन के समस्त कार्यक्षेत्रों के लिए व्यापक प्रशिक्षण की भारी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आपके बैंक ने चार प्रशिक्षण केंद्रों अर्थात् मुंबई (बेलापुर), चेन्नई, कोलकाता तथा दिल्ली के साथ-साथ हैदराबाद में स्थित जेएन आईडीबीआई स्टाफ कॉलेज में मौजूदा प्रशिक्षण क्षमताओं का पूरी तरह से उपयोग किया है. अत्याधुनिक सुविधा से युक्त एक नया प्रशिक्षण भवन और 100 प्रशिक्षार्थियों के लिए एक छात्रावास का स्टाफ कॉलेज कैम्पस में निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है. इस अतिरिक्त प्रशिक्षण व्यवस्था से आपके बैंक की बढ़ती प्रशिक्षण जरूरतों को पूरा करने के लिए अपेक्षित सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी.

इससे आगे बढ़ते हुए, आपका बैंक चर्चापरक कक्षा सत्रों, देशी और अंतरराष्ट्रीय बाहरी कार्यक्रमों एवं संरचित ई-लर्निंग मॉड्यूलों के संयोजन की मदद लेकर तथा सही प्रकार के संसाधनों से प्रशिक्षण प्रणाली को मजबूत कर अपने मानव संसाधन के विकास के लिए प्रतिबद्ध है.

आंतरिक लेखा परीक्षा

आपके बैंक में सुसज्जित आंतरिक लेखा परीक्षा और विनियामक अनुपालन विभाग है जो विभिन्न कारोबारी वर्टिकलों / सहायता वर्टिकलों तथा शाखाओं द्वारा किये जा रहे सभी कार्यकलापों का नियमित स्वतंत्र मूल्यांकन करता है. इस कार्य के प्रमुख वरिष्ठ प्रबंधन स्तर के अधिकारी हैं जो अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) और बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति को रिपोर्ट करते हैं. लेखा परीक्षा कार्य में नियत कार्यों को करते समय अपनी स्वतंत्रता तथा वस्तुनिष्ठता को बनाए रखा जाता है. यह सतत् आधार पर आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की पर्याप्तता एवं प्रभावशीलता, नीतियों एवं प्रक्रियाओं के अनुपालन का मूल्यांकन करता है और विभिन्न जोखिमों को समय पर दूर करने के लिए नियंत्रणों को सुदृढ़ और व्यवस्थित बनाने हेतु उपाय सुझाता है. आपके बैंक ने अपने कार्यों के लिए जोखिम-आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा को अपनी रणनीति के रूप में अपनाया है. संगठनात्मक ढाँचे में आये परिवर्तन, कारोबारी नीतियों, रणनीतियों, कार्य प्रणालियों, प्रक्रियाओं तथा नयी योजनाओं के अनुरूप वर्ष के दौरान जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा नीति की समीक्षा की गई.

परिचालनों के स्वरूप और जटिलताओं के अनुरूप प्रौद्योगिकी और आईटी सुरक्षा (आईएस) संबंध मुद्दों के समाधान के लिए आंतरिक लेखा परीक्षा व्यवस्था के हिस्से के रूप में सूचना प्रणाली लेखा परीक्षा (आई एस ऑडिट) मौजूद है. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सूचना प्रणाली लेखा परीक्षा की भी समीक्षा की गयी. आपके बैंक में विनियामक आवश्यकताओं के अनुसार आंतरिक लेखा परीक्षा कार्य के पूरक के रूप में व्यापक संगामी लेखा परीक्षा प्रणाली और आंतरिक नियंत्रणों को सुदृढ़ बनाने के लिए धोखाधड़ी निगरानी प्रणाली मौजूद है. संगामी लेखा परीक्षा प्रणाली की वार्षिक आधार पर समीक्षा की जाती है.

परिचालन संबंधी कार्यकुशलता को बढ़ाने एवं प्रक्रियाओं संबंधी कार्यकुशलता को बढ़ाने एवं प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने हेतु लेखा परीक्षा एवं अन्य परिचालन खंडों के बीच उचित तालमेल है. सर्वोत्तम पद्धतियों को अपनाने के प्रयासों के रूप में आपके बैंक की पद्धतियों एवं प्रक्रियाओं को बेंचमार्क बनाने पर जोर दिया जाता है. बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति तथा कार्यपालकों की लेखा परीक्षा समिति कार्य-निष्पादन की निरंतर समीक्षा करती है, आंतरिक लेखा परीक्षा करने वाले अधिकारियों को दिशा-निर्देश देती है तथा आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की प्रभावशीलता तथा विनियामक दिशा-निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करती है.

सतर्कता तंत्र

आपके बैंक के प्रधान कार्यालय में पूर्ण रूप से सुसज्जित सतर्कता विभाग कार्य करता है. सतर्कता विभाग सतर्कता से जुड़ी शिकायतों की जांच करने के लिए शीर्ष प्रबंधन को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने तथा नियंत्रण प्रणालियों को बेहतर बनाने हेतु सुधारात्मक उपाय, यदि कोई हैं, सुझाने और निर्धारित प्रक्रियाओं का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक माध्यम के रूप में कार्य करता है. आपका बैंक सतर्कता प्रशासन में सुधार लाने के लिए समय-समय पर केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों को कार्यान्वित करता रहा है और इसने एक ऐसी प्रणाली शुरू की है जिसमें जनता / किसी अन्य स्रोत से प्राप्त शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जाती है.

आपके बैंक के इंट्रानेट पर सतर्कता विभाग साइट शामिल की गयी है. यह साइट सतर्कता विभाग का परिचय, बैंक की सभी शाखाओं / कार्यालयों में प्रदर्शित किये जानेवाले सीवीसी के मानक नोटिस, सीवीसी, सीवीसी के मुख्य तकनीकी परीक्षक संगठन (सीटीईओ) तथा आपके बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किये जाने वाले महत्वपूर्ण परिपत्र / दिशा-निर्देश / प्रकाशन और निवारक सतर्कता संबंधी 'क्या करें क्या न करें' के बारे में जानकारी प्रदान करती है.

वर्ष के दौरान बिना पूर्व सूचना दिए विभिन्न शाखाओं के सतर्कता दौरे किये गये ताकि वहां भ्रष्टाचार की स्थिति, कदाचार तथा निर्दिष्ट प्रणालियों और प्रक्रियाओं के अननुपालन का पता लगाया जा सके और जहां आवश्यक समझा गया वहां सुधारात्मक उपाय सुझाये गए. वर्ष के दौरान सतर्कता जागरूकता का प्रचार-प्रसार करने के लिए विभिन्न स्थानों पर 'निवारक सतर्कता' पर केंद्रित सतर्कता जागरूकता विषय पर कई चर्चापरक कार्यशालाएं तथा विशेषज्ञों के व्याख्यान और वार्ताएं आयोजित की गईं. इन कार्यक्रमों में सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा अपने दैनंदिन कार्यों में निवारक सतर्कता बरतने की आवश्यकता और संगठनात्मक कार्यकुशलता के व्यापक लक्ष्यों को प्राप्त करने में सतर्कता जागरूकता की आवश्यकता पर समुचित बल दिया गया.

सीवीसी के निर्देशानुसार कर्मचारियों को भ्रष्टाचार की बुराइयों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए आपके बैंक के प्रधान कार्यालय और शाखा कार्यालयों में 25 अक्तूबर 2010 से 1 नवंबर 2010 के दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया. इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री आर. एम. मल्ला ने सीवीसी के निर्देशों के अनुसार भ्रष्टाचार के विरुद्ध शिकायतें प्राप्त करने के लिए एक समर्पित, टोल-फ्री, हॉटलाइन नं. 1800-22-8444 का शुभारंभ किया.

विनियामक अनुपालन

आपके बैंक ने विभिन्न सांविधिक और विनियामक दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कदम उठाए हैं. विनियामक दिशानिर्देशों की सतत आधार पर समीक्षा करने, समन्वय करने और अनुपालन बढ़ाने के लिए आपके बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी को विनियामक अनुपालन अधिकारी के रूप में पदनामित किया गया है.

ग्राहकों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता का कोड

आपका बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा गठित भारतीय बैंकिंग कोड एवं मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई) का सदस्य है. आपके बैंक के निदेशक मंडल ने ग्राहकों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता का कोड (अगस्त 2009 में संशोधित, अर्थात् कोड 09) और सूक्ष्म एवं लघु उद्यम कोड (एमएसई कोड, मई 2008 में जारी) कार्यान्वियन हेतु अपनाया है. दोनों कोड स्वैच्छिक हैं जो बैंकों के लिए वैयक्तित ग्राहकों के साथ और सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के साथ भी संव्यवहार करने के लिए अपनायी जाने वाली बैंकिंग पद्धतियों के न्यूनतम मानक निर्धारित करते हैं तथा यह स्पष्ट करते हैं कि बैंकों को उनके दैनंदिन कार्यों के लिए उनके साथ किस तरह का व्यवहार करना चाहिए.

बैंक द्वारा उपर्युक्त कोड के अनुपालन के अभिन्न भाग के रूप में कोड संबंधी जानकारी ग्राहकों को बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित कर, शाखाओं में, एटीएम में और साथ ही ग्राहकों के खाता विवरणों के साथ उपलब्ध कराई जाती है. कोड की प्रतियां शाखाओं के जरिए व्यापक रूप से वितरित की गई हैं.

ग्राहकों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता के कोड के प्रावधानों के अनुपालन के लिए आपके बैंक की सभी शाखाओं में पोस्टर लगाए गए हैं, जिनमें यह बताया गया है कि विभिन्न नीतिगत दस्तावेज आपके बैंक की वेबसाइट और शाखाओं में उपलब्ध हैं, जिन्हें ग्राहक की मांग पर उपलब्ध कराया जा सकता है. कोड अनुपालन अधिकारियों के नाम और संपर्क संबंधी ब्योरे भी शाखाओं और बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित किये गये हैं. आपका बैंक बीसीएसबीआई के दिशा-निर्देशों का नियमित आधार पर अनुपालन करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहा है. साथ ही, बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति (सीएससीबी) और ग्राहक सेवा स्थायी समिति यह सुनिश्चित करती है कि ग्राहक संतुष्टि के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बैंक की योजनाओं, प्रक्रियाओं और सेवाओं को समय-समय पर बीसीएसबीआई के अपेक्षित उद्देश्य को पूरा करने के लिए बेहतर किया जाए.

इसके अलावा, स्टाफ सदस्यों के बीच जागरूकता लाने के लिए बैंक के इंट्रानेट पर कोड 09 तथा एमएसई कोड की प्रति प्रदर्शित की गई हैं. सभी शाखाएं अपने शाखा स्टाफ, बिक्री टीमों और संग्रहण टीमों को कोड के प्रावधानों से अवगत कराने के लिए और ग्राहकों तथा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के साथ संव्यवहार करते समय सावधानी बरतने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं. इसके अलावा, बैंक के प्रशिक्षण केंद्रों में कोड के प्रावधानों पर विशेष प्रशिक्षण सत्र चलाये जा रहे हैं.

सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत पहल कार्य

विभिन्न लोक प्राधिकरणों के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'सूचना का अधिकार (आरटीआई)' अधिनियम, 2005 अधिनियमित किया गया है. आपके बैंक ने बैंक के कामकाज के विभिन्न पहलुओं पर आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत जानकारी माँगते हुए नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का उत्तर देने के लिए एक पुख्ता व्यवस्था की है. बैंक ने कार्य के विभिन्न क्षेत्रों पर आवेदनों का उत्तर देने के लिए 21 केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) नामित किये हैं. इसके अलावा सभी शाखा प्रमुखों को आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत आवेदन प्राप्त करने और प्राप्त आवेदनों को नामित सीपीआईओ के पास भेजने के लिए केन्द्रीय सहायक जन सूचना अधिकारी (सीएपीआईओ) के रूप में नामित किया गया है. बैंक ने व्यथित आवेदकों की अपीलों पर कार्रवाई करने के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी को अपील प्राधिकारी के रूप में नामित किया है. इसके अलावा सीआईसी के दिनांक 15 नवंबर 2010 के निदेश और 9 दिसंबर 2010 की अधिसूचना के अनुसार बैंक ने संस्थागत पारदर्शिता को बढ़ावा देने और आरटीआई अधिनियम की धारा 4 के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक कार्यपालक निदेशक को पारदर्शिता अधिकारी के रूप में नामित किया है. आरटीआई अधिनियम के विभिन्न पहलुओं के बारे में सीपीआईओ को नियमित आधार पर प्रशिक्षण दिया जाता है. इसके अलावा आरटीआई अधिनियम के महत्व के बारे में बैंक के अधिकारियों को अवगत कराने के उद्देश्य से, बैंक के जेएन आईडीबाआई स्टाफ कॉलेज, हैदराबाद और विभिन्न क्षेत्रीय संस्थानों में सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के एक हिस्से के रूप में आरटीआई अधिनियम पर एक विशिष्ट मॉड्यूल शामिल किया जा रहा है. बैंक के कामकाज से संबंधित समस्त जानकारी को शामिल करते हुए बैंक की वेबसाइट पर आरटीआई अधिनियम पर एक अलग मेनू की व्यवस्था की गई है.

वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान बैंक को आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत जानकारी मांगते हुए 596 आवेदन प्राप्त हुए. अधिकांश आवेदन बैंक के खुदरा बैंकिंग परिचालन कार्यों से संबंधित थे. आरटीआई अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सभी आवेदनों के उत्तर दिए गए.

हिंदी का प्रगामी प्रयोग

आपके बैंक ने सरकारी निर्देशों के अनुसार राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देना जारी रखा. आपके बैंक ने राजभाषा अधिनियम तथा नियमों के विभिन्न प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के प्रयास जारी रखे. बैंक ने प्रधान कार्यालय के विभागों / वर्टिकलों तथा शाखाओं में हिंदी के प्रयोग के संबंध में लक्ष्यों को प्राप्त करने पर विशेष जोर दिया. व्यापक जन समूह तक अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए बैंक ने प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, दोनों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा दिया. ग्राहकों की सुविधा के लिए आपके बैंक ने अधिकांश एटीएमों में हिंदी और अंग्रेजी, दोनों में अनुदेश प्रदर्शित किए हैं. बैंक की वेबसाइट पर हिंदी में भी जानकारी उपलब्ध कराई गई है. समीक्षाधीन अवधि के दौरान, प्रौद्योगिकी सक्षम वातावरण में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास किए गए. स्टाफ सदस्यों को हिंदी सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण दिया गया. बैंक में हिंदी के प्रयोग का बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष के दौरान वार्षिक राजभाषा शील्ड प्रोत्साहन योजना शुरू की गई, जिसके अंतर्गत प्रत्येक क्षेत्र की 5 शाखाओं और प्रधान कार्यालय में 3 विभागों को हिंदी के प्रयोग में उत्कृष्ट कार्य के लिए शील्ड, प्रमाण-पत्र व नकद पुरस्कार प्रदान किए गए.

स्टाफ सदस्यों में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से और उन्हें राजभाषा नीति और भारत सरकार द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के प्रावधानों से परिचित कराने के लिए देश भर में विभिन्न केन्द्रों पर राजभाषा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए. हिंदी दिवस समारोह के एक भाग के रूप में अखिल भारतीय स्तर और प्रधान कार्यालय में विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं. प्रधान कार्यालय में स्टाफ सदस्यों के लाभ के लिए प्राकृतिक चिकित्सा और स्वास्थ्य, मीडिया व जनभाषा हिंदी विषयों पर व्याख्यान आयोजित किये गये. वर्ष के दौरान बैंक की योजनाओं पर हिंदी में पोस्टर व फ्लायर/पुस्तिकाएं मुद्रित की गईं. इनके अलावा हिंदी सप्ताह के दौरान हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए विशेष स्टिकर प्रकाशित किए गए. आपके बैंक ने ''राजभाषा संदर्भ सहायिका'' नामक पुस्तक प्रकाशित की, जिसमें कृषि, प्रशासन, रिटेल बैंकिंग, विधि क्षेत्र के शब्दों सहित टिप्पण, लैटिन शब्दों एवं संक्षेपाक्षरों की जानकारी दी गई.

संसदीय राजभाषा समिति की आलेख और साक्ष्य समिति ने आपके बैंक के कोयंबतूर शाखा के प्रभारी के साथ विचार-विमर्श किया और इस शाखा द्वारा राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की.

कारोबार में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने में आपके बैंक के प्रयासों को विभिन्न स्तरों पर सराहना मिली. बैंक को हिंदी कार्यान्वयन के लिए राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, महाराष्ट्र से पुरस्कार मिला. साथ ही हिंदी के प्रयोग में उत्कृष्ट निष्पादन के लिए कोलकाता नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा कोलकाता शाखा को पुरस्कृत किया गया. आपके बैंक की त्रैमासिक हिंदी पत्रिका 'विकास प्रभा' को एसोसिएशन ऑफ बिज़नेस कम्युनिकेटर्स ऑफ इंडिया (एबीसीआई), पब्लिक रिलेशन काउन्सिल ऑफ इंडिया (पीआरसीआई) और आशीर्वाद संस्था से विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त हुए.

कॉरपोरेट संवाद

वर्ष के दौरान आपके बैंक द्वारा विज्ञापन और प्रचार के लिए जो कदम उठाये गये वे 'सभी के लिए बैंकिंग' सुविधाएं मुहैया कराने के कारोबारी दर्शन के अनुरूप थे. वर्ष के दौरान विज्ञापन एवं प्रचार पहलों में विगत वर्ष के छवि निर्माण पर विशेष ध्यान देना जारी रहा, जिसमें ग्राहकों के साथ आपके बैंक के मजबूत रिश्तों पर जोर दिया गया था. इस ब्रांड संदेश को आगे बढ़ाते हुए आपके बैंक ने चालू तथा बचत खाता लेन-देनों पर सभी बैंकिंग प्रभारों को हटाकर बैंकिंग उद्योग में एक अग्रगामी पहल की है. इसका उद्देश्य जहां एक ओर 'ग्राहक आनंद' की भावना लाना था, वहीं दूसरी ओर वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना भी था. तदनुसार, इसके कार्य को विभिन्न संचार माध्यमों अर्थात् टीवी, प्रिंट, रेडियो, आउटडोर तथा ऑनलाईन के जरिए एक अभिनव तथा गहन 'ग्राहक आनंद अभियान' के माध्यम से प्रचारित किया गया. इसे समय-समय पर कारोबारी जरूरतों के अनुसार अन्य उत्पाद विज्ञापनों के साथ भी जोड़ा गया.

विज्ञापन जगत की तरह ही, आपके बैंक द्वारा जन-संपर्क के क्षेत्र में भी कई पहल-कार्य किए गए. इन जन-संपर्क पहल कार्यों का मुख्य लक्ष्य रहा है - आईडीबीआई बैंक की ब्रांड छवि को ग्राहकों (मौजूदा और भावी दोनों) के दिलो-दिमाग में स्थापित करना और मीडिया जगत में बैंक की सकारात्मक मौजूदगी सुनिश्चित करना. इस संदर्भ में यह उल्लेखनीय है कि आपके बैंक के विभिन्न कारोबारी संप्रेषण पहल कार्यों को श्रेष्ठतम विज्ञापनों में चुना गया है और इसके लिए कई पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं.

श्री वयम्

लोकप्रिय तिमाही द्विभाषी गृहपत्रिका 'श्री वयम्' में बैंकिंग, वित्त, खेल-कूद जैसे विभिन्न विषयों और ग्लोबल वार्मिंग आदि जैसे समसामायिक विषयों पर मौजूदा एवं सेवानिवृत्त दोनों स्टाफ सदस्यों द्वारा दिए गए समाचार, विचार, लेख तथा फोटोग्राफ प्रकाशित किए जाते हैं.

वर्ष 2010-11 के दौरान, गृह पत्रिका को अधिक समृद्ध तथा पठनीय बनाने के लिए 'श्री वयम्' में कई परिवर्तन किए गए. 'श्री वयम्' को अखिल भारतीय गृह पत्रिका प्रतियोगिता में रोटरी क्लब ऑफ कोचिन मिडटाउन द्वारा 'उत्कृष्टता प्रमाणपत्र' से पुरस्कृत किया गया. एसोसिएशन ऑफ बिजनेस कम्युनिकेटर्स ऑफ इंडिया (एबीसीआई) द्वारा इस गृह पत्रिका को वर्ष 2010 में 'सर्वश्रेष्ठ द्विभाषी प्रकाशन' तथा 'फीचर्स (भाषा हिंदी)' के लिए दो स्वर्ण पुरस्कारों से सम्मानित किया गया.

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व पहल कार्य

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) स्थानीय समुदाय की आजीविका में सुधार लाने के लिए उनके साथ मिलकर कार्य करते हुए और कारोबार तथा बड़े पैमाने पर समुदाय को लाभान्वित करते हुए सतत् आर्थिक विकास में योगदान देने के प्रति कारोबारी प्रतिबद्धता का द्योतक है. आईडीबीआई बैंक ने अपने तात्कालिक व्यापार लक्ष्यों से ऊपर उठकर सदैव समाज की बेहतरी के लिए कार्य किया है.

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने जम्मू व कश्मीर के लेह क्षेत्र में एक गांव को अपनाया है. बैंक गांव के व्यापक पुनर्वास तथा विकास के क्षेत्रों में कार्य करेगा जिनमें आपदा के समय सहायता तथा जोखिम में कमी (मलबा हटाना, कृषि बुनियादी सुविधाओं की बहाली तथा आजीविका कार्यकलापों का पुनरुत्थान), मूलभूत सेवाओं (स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, पीने का पानी, साफ-सफाई आदि) में सुधार लाना और सामुदायिक व्यवस्था-तंत्र (अर्थात् लघु आयोजना, आय तथा रोजगार निर्माण) को मजबूत बनाना शामिल है. बैंक वित्तीय समावेशन कार्यक्रम आयोजित कर रहा है. किसान समुदाय के लाभ के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि जागरूकता कैम्प लगा रहा है. धर्मादा संगठनों, गैर-सरकारी संगठनों, अस्पतालों को वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है और स्थापना दिवस जैसे महत्वपूर्ण अवसरों पर कॉरपोरेट सेंटर में तथा समूचे भारत में सभी शाखाओं में रक्तदान शिविर लगा रहा है. संकेंद्रित ध्यान प्रदान करने के लिए बैंक शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, पर्यावरण, ग्रामीण बुनियादी सुविधा, सामाजिक सशक्तिकरण आदि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सीएसआर पहल कार्यों पर बोर्ड द्वारा अनुमोदित एक व्यापक कार्यक्रम चला रहा है.

आपका बैंक आधुनिकतम प्रौद्योगिकी से परिचालित होने वाले देश के अग्रणी बैंकों में से एक है. बैंक ग्राहक केंद्रित उत्पाद प्रदान करने और परिचालनगत उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रौद्योगिकी का भरपूर इस्तेमाल करना चाहता है. इस दृष्टिकोण की बदौलत अभिनव प्रौद्योगिकी सेवाएं प्रदान करने में बैंक अपने प्रतियोगियों से आगे रहा है. आपके बैंक में सूचना प्रौद्योगिकी संरचना उत्पाद एवं प्रक्रिया नवोन्मेषण बैक ऑफिस परिचालनों और अत्यधिक प्रौद्योगिकी आधारित राष्ट्रीय संपर्क केंद्र सेवाओं के प्रभावी प्रबंधन ने सुनिश्चित किया है कि प्रौद्योगिकी बैंक की सेवाओं तथा आंतरिक परिचालनों का आधार बनी रहे. सभी सूचना प्रौद्योगिकी तथा सूचना प्रौद्योगिकी आधारित कार्यकलापों का प्रबंधन आपके बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक संस्था आईडीबीआई इंटेक लि. द्वारा व्यावसायिक तौर पर किया जाता है.

बैंक ने बेहतरीन ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए कई पहल कार्य किए हैं जिनसे आपके बैंक के विकास में काफी सहायता मिली है. परिचालनगत कार्यकुशलता में सुधार लाने के लिए बैंक ने प्रौद्योगिकी का भरपूर इस्तेमाल किया है. ग्राहक केंद्रित सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से बैंक ने कई नए उत्पाद शुरू किए हैं और अपने मौजूदा उत्पादों में उन्नत प्रौद्योगिकी विशेषताएं शामिल की हैं. नकदी प्रबंध सेवाओं के अंतर्गत बैंक ने नकदी प्रबंध समाधान के साथ ग्राहक ईआरपी प्रणालियों को एकीकृत करने के लिए इंटरफेस प्रदान किया है ताकि दोनों प्रणालियों के बीच आंकड़ों का निर्बाध तथा अविच्छिन्न आदान-प्रदान किया जा सके. इससे न केवल सेवा का स्तर बढ़ा है बल्कि कॉरपोरेट ग्राहकों को निधियों का अधिक कुशलतापूर्वक प्रबंध करने में सहायता भी मिली है. बेहतर सुरक्षा सुविधाएं प्रदान करने के लिए आपके बैंक ने कई पहल कार्य किए हैं ताकि प्रणालियों के बीच आंकड़ों का पारेषण कूटीकृत, सुरक्षित तथा भरोसेमंद हो.

बैंक ने ग्राहक सेवा बढ़ाने के लिए कई पहल कार्य किए हैं. आपके बैंक ने मुंबई में पीओएस में नकदी सुविधा आरंभ की है और यह सुविधा प्रदान करने वाले पहले कुछ बैंकों में से एक है. इस सुविधा से भारत में किसी भी बैंक के डेबिट कार्डधारक पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) टर्मिनल में अपने डेबिट कार्ड को स्विप करके नामित मर्चेंट प्रतिष्ठानों से नकदी निकाल सकते हैं.

ग्राहकों की सुविधा के लिए आपके बैंक ने नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की इंडिया-पे मोबाईल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) का भी कार्यान्वयन किया है जिससे ब्रांड नाम एम-रेमिट के साथ मोबाईल के जरिए अंतर बैंक तथा अंतः बैंक निधियों के अंतरण में सुविधा होगी. आपके बैंक ने मालभाड़े के भुगतान के लिए भारतीय रेलवे के साथ गठजोड़ किया है और इस प्रकार ग्राहकों को आईडीबीआई बैंक में खोले गए खातों को नामे करते हुए सीधे रेलवे को रेल मालभाड़े के भुगतान की सुविधा प्रदान करता है. उत्पाद नवोन्मेषण के अलावा आपके बैंक ने समग्र परिचालनगत कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए विभिन्न सहायक प्रक्रियाओं को भी स्वचालित और मजबूत किया है.

ग्राहक खातों की संख्या में बढ़ोत्तरी के साथ ही एटीएम लेन-देनों में कई गुना वृद्धि हो गई है. त्वरित तथा भरोसेमंद सेवा प्रदान करने के लिए आपके बैंक ने अपने एटीएम स्विच को सीधे राष्ट्रीय वित्तीय स्विच (एनएफएस) से जोड़ दिया है. इससे सम्मानित ग्राहकों को निर्बाध एटीएम सेवा सुनिश्चित की जा सकी है और विफलता में कमी आई है.

जोखिमों पर बेहतर नियंत्रण रखने और लाभप्रदता आकलन में सुधार लाने के उद्देश्य से आपके बैंक ने ऑरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज़ मॉड्यूल अर्थात परिसंपत्ति देयता प्रबंधन तथा ऑरेकल हाइपरियन योजना को कार्यान्वित किया है. ऑरेकल निधि अंतरण प्राइसिंग तथा ऑरेकल लाभप्रदत्ता प्रबंधन प्रणालियों के साथ इनके कार्यान्वयन से बैंक को एकल रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म से युक्त एक पूर्ण एकीकृत प्रबंध लेखांकन प्रणाली रखने का गौरव प्राप्त हुआ है. इस एकीकृत प्रणाली से बैंक निर्णय लेने की प्रक्रिया में कारोबारी सूचना के बहु-आयामी स्वरूप का विश्लेषण कर सकेगा. एकीकृत प्रणाली के कार्यान्वयन से बैंक के विभिन्न खंडों के लिए ग्राहक-वार तथा लेनदेन-वार लाभप्रदत्ता की गणना करने में बैंक को सहायता मिली है. इससे बैंक को अपने ग्राहकों के साथ रिश्तों का मूल्य समझने में भी सहायता मिली है. अंतर्निर्मित आसूचना के साथ बैंक लाभप्रदता सुनिश्चित करते हुए ग्राहकों को न्यूनतम दरें ऑफर करने की स्थिति में है.

बैंक ने बड़ी संख्या में लेन-देनों की प्रोसेसिंग की कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए विभिन्न कोर प्रणालियों के हार्डवेयर को उन्नत किया है. इसने अधिक मात्रा में लेने-देन का निपटान करने के लिए और इस प्रकार ग्राहकों की सुविधा के लिए अधिक त्वरित निधि अंतरण प्रोसेसिंग सुविधा प्रदान करने के लिए प्रणाली की कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए आरटीजीएस / एनईएफटी जैसे महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयरों को भी उन्नत किया है.

आपके बैंक ने छवि आधारित सॉल्यूशन के साथ उत्तर दिनांकित चेकों के स्वचालन के लिए सॉल्यूशन का कार्यान्वयन किया है. बैंक ने इन कार्यों को करने के लिए उच्च गति का एक परिष्कृत स्कैनर लगाया है. यह प्रणाली ग्राहकों के प्रश्नों का तुरंत उत्तर देने और समाशोधन लेन-देनों की बढ़ती संख्या का निपटान करने में सहायक होगी तथा चेक ट्रंकेशन प्रणाली को भी समर्थन देगी.

आपके बैंक ने जोखिम प्रबंधन को कार्यान्वित करने के लिए एकीकृत जोखिम प्रबंधन समाधान प्राप्त किया है. इसमें जोखिम आकलन, पूंजी मूल्यांकन तथा परिचालनगत जोखिम मूल्यांकक जैसे मॉड्यूल शामिल हैं. इस समाधान के प्रापण तथा कार्यान्वयन से आपका बैंक जोखिम प्रबंधन में उन्नत दृष्टिकोणों की ओर अंतरित करने के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का अनुपालन कर सकेगा.

आपके बैंक ने ग्राहकों की शिकायतों का त्वरित समाधान करने के लिए हमेशा पहल कार्य किए हैं. इस दिशा में आपके बैंक ने एक शिकायत समाधान प्रबंधन प्रणाली लागू की है जिसमें अन्तर्निर्मित एस्कलेशन मैट्रिक्स निहित है. ई-मेल अलर्ट जनरेट होते हैं और संबंधित अधिकारियों को ऑनलाईन सूचित किए जाते हैं.

आपका बैंक वरिष्ठ नागरिकों, खासकर पेंशनरों को प्रदान की जानेवाली सेवाओं के बारे में सचेत है. इसने नई पेंशन प्रणाली के लिए प्वॉइंट ऑफ प्रजेंस कस्टमर इंटरफेस के रूप में कार्य करने के लिए पेंशन विनियामक तथा विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) से अधिदेश प्राप्त किया है. प्राधिकृत शाखाएं अब नियमानुसार आम जनता के लिए नई पेंशन योजना टीयर I तथा टीयर II खाते खोल सकती हैं

इंटरनेट के जरिए ग्राहक के लेन-देन की जानकारी को सुरक्षित करने के लिए आपके बैंक ने यूआरएन (यूनिक रजिस्ट्रेशन नंबर) लागू किया है. यह नंबर लाभार्थी का रजिस्ट्रेशन करते समय एसएमएस के जरिए ग्राहक को उसके मोबाईल नंबर पर भेजा जाता है. इस अतिरिक्त अधिप्रमाणन से फिशिंग तथा धोखाधड़ी की घटनाओं में कमी आयी है.

आंतरिक परिचालनगत कार्य-कुशलता बढ़ाने और कागज़रहित अभिलेख प्रबंध प्रणाली की दिशा में अग्रसर होने के उद्देश्य से आपके बैंक ने 'ई रजिस्टर' सॉल्यूशन विकसित किया है. यह प्रणाली देश-भर में शाखाओं को इलेक्ट्रॉनिक रूप से सूचना प्राप्त करने और इस प्रकार भौतिक रजिस्टरों को समाप्त करने में समर्थ बनाती है.

आपका बैंक यह मानता है कि धोखाधड़ियों पर अंकुश लगाने के लिए एक सुविचारित रणनीति लागू की जानी चाहिए. इसीलिए बैंक ने एक सुस्पष्ट धोखाधड़ी रिपोर्टिंग प्रणाली अपनाई है जिससे रिज़र्व बैंक की अपेक्षाओं के अनुसार धोखाधड़ियों की निगरानी करने और उनकी रिपोर्टिंग करने तथा बेहतर नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए प्रवृत्तियों का विश्लेषण करने में बैंक को सहायता मिलेगी.

आपके बैंक ने ग्राहकों तथा शाखाओं के नकदी प्रबंधन की संपूर्ण प्रक्रिया को स्वचालित करने के लिए एक नई प्रणाली कार्यान्वित करने की पहल की है. यह प्रणाली बाहरी एजेंसियों के जरिए न केवल नकदी लाने व ले जाने की संपूर्ण प्रक्रिया पर नज़र रखती है, बल्कि भुगतानों के निपटान में भी सहायता करती है.

आपके बैंक ने आईएसओ 27001 रूपरेखा पर अमल करते हुए सूचना सुरक्षा की बेहतरीन पद्धतियों को लागू किया है. ग्राहकों को निर्बाध सेवा सुनिश्चित करने के लिए आपका बैंक नियमित अंतरालों पर योजनाबद्ध डिजास्टर रिकवरी (डीआर) अभ्यास करता है. इस ड्रिल के एक भाग के रूप में कोर बैंकिंग तथा अन्य महत्वपूर्ण अनुप्रयोग, जिसमें एटीएम, इंटरनेट, मोबाईल और फोन बैंकिंग जैसे वैकल्पिक चैनल शामिल हैं, डिजास्टर रिकवरी साइट से सफलतापूर्वक परिचालित किए जाते हैं. सतत् तथा अविच्छिन्न सेवा सुनिश्चित करने की दिशा में यह आपके बैंक की ओर से एक और पहल है.

आपके बैंक ने आवधिक आधार पर ग्राहकों को ई-मेल तथा एसएमएस भेजकर मीडिया के जरिए ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग आदि के बारे में जागरूक करना जारी रखा है. बैंक का राष्ट्रीय संपर्क केंद्र ग्राहकों के प्रश्नों का समाधान करने के लिए सुसज्जित है. सूचना सुरक्षा नीति के एक भाग के रूप में बैंक के कर्मचारियों को सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित विभिन्न जोखिमों और बैंक द्वारा उनमें कमी लाने के लिए किए गए उपायों के बारे में जानकारी दी जाती है.

आपके बैंक को भारतीय बैंक संघ (आईबीए) तथा ट्रेड फेयर एंड कॉन्फरेंसेस इंटरनेशनल (टीएफसीआई) द्वारा आयोजित बैंकिंग प्रौद्योगिकी पुरस्कार 2010 समारोह में प्रौद्योगिकीय पहलों के लिए ''बेस्ट यूज ऑफ बिज़नेस इंटेलिजेंस'', ''बेस्ट रिस्क मैनेजमेंट'' तथा ''बेस्ट यूज ऑफ टेक्नोलॉजी इन ट्रेनिंग एंड ई-लर्निंग इनीशिएटिव्स'' जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है. आपके बैंक की वेबसाइट को एशिया तथा प्रशांत क्षेत्र में विकास वित्तीय संस्थाओं के संघ (एडफिएप) द्वारा ''सर्वश्रेष्ठ वेबसाइट पुरस्कार'' से सम्मानित किया गया है.

निधि अंतरण प्राइसिंग (एफटीपी), परिसंपत्ति देयता प्रबंधन (एएलएम) तथा आयोजना के लिए आईडीबीआई बैंक के ऑरेकल प्रणाली कार्यान्वयन को सर्वोत्तम आंकड़ा एवं विश्लेषण परियोजना श्रेणी में प्रतिष्ठित 'एशियाई बैंकर 2011 प्रौद्योगिकी कार्यान्वयन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है.

यह ग्राहकों के लाभ के लिए अभिनव उत्पाद एवं सेवाएं प्रारंभ करने में प्रौद्योगिकी के प्रयोग में सबसे आगे रहने के बैंक के प्रयासों को दर्शाता है.



कॉरपोरेट अभिशासन का दर्शन

बैंक अपने परिचालनों में कॉरपोरेट अभिशासन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है. बैंक की नीतियां व पद्धतियां न सिर्फ सांविधिक अपेक्षाओं के अनुरूप हैं, बल्कि अपने अंशधारकों के सर्वोत्तम हित में काम करने की हमारी प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करती हैं. अभिशासन के उच्च मानकों को बनाये रखने का दायित्व आपके बैंक के निदेशक मंडल तथा बोर्ड की विभिन्न समितियों पर है जिन्हें विधिक एवं विनियामक प्रावधानों तथा बैंकिंग परंपराओं के ढांचे के भीतर आवश्यक प्रकटीकरण करने सहित बेहतरीन कॉरपोरेट अभिशासन पद्धतियों के कार्यान्वयन पर निगरानी रखने के अधिकार प्राप्त हैं.

इस दिशा में बैंक यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि बैंक के निदेशक मंडल का गठन निर्धारित मानदंडों के अनुसार होता रहे, निर्धारित अंतराल पर इसकी नियमित बैठकें हों, यह प्रभावी नेतृत्व प्रदान करे, प्रबंधन पर नियंत्रण रखे, कार्यपालकों के कार्य-निष्पादन पर निगरानी रखे तथा समुचित प्रकटीकरण करे. इसके अतिरिक्त, रणनीतिक नियंत्रण ढांचे की स्थापना और इसकी प्रभावशीलता की निरंतर समीक्षा तथा नीति निर्माण, कार्यान्वयन और समीक्षा के लिए स्पष्ट दस्तावेजीकृत तथा पारदर्शी प्रबंध प्रक्रियाओं की स्थापना, निर्णयन, निगरानी, नियंत्रण तथा रिपोर्टिंग आदि अन्य नीतिगत दिशा-निर्देश हैं. बैंक बोर्ड को सभी संबद्ध जानकारी, सूचनाएं तथा संसाधन उपलब्ध कराता है जिससे वे अपनी भूमिका को प्रभावशाली ढंग से निभा सकें.

निदेशक मंडल

बैंक के निदेशक मंडल का दायरा व्यापक है और इसका गठन बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949, कंपनी अधिनियम, 1956 एवं बैंक के संस्था अन्तर्नियमों से शासित है तथा यह स्टॉक एक्सचेंज के साथ सूचीबद्धता करार में वर्णित कॉरपोरेट अभिशासन की अपेक्षाओं को पूरा करता है. बोर्ड स्वयं और बैंक के महत्वपूर्ण कार्यक्षेत्रों पर अधिक ध्यान देने के लिए गठित बोर्ड की विभिन्न समितियों के माध्यम से कार्य करता है.

31 मार्च 2011 को बोर्ड में 10 निदेशक थे, जिनमें दो कार्यपालक निदेशक (अध्यक्ष सहित), दो-गैर-कार्यपालक निदेशक और छः स्वतंत्र निदेशक थे. 31 मार्च 2011 को बोर्ड में कार्यपालक अध्यक्ष के रूप में श्री आर.एम. मल्ला, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक; पूर्णकालिक निदेशक के रूप में श्री बी.पी.सिंह, उप प्रबंध निदेशक; गैर-कार्यपालक निदेशकों के रूप में श्री राकेश सिंह और श्री आर.पी. सिंह, केंद्र सरकार के अधिकारी; तथा स्वतंत्र निदेशकों के रूप में श्री अनलजीत सिंह, श्रीमती लीला फिरोज पूनावाला, श्री के. नरसिम्ह मूर्ति, श्री एच.एल. जुत्सी, श्री सुभाष तुली और डॉ. बी.एस. बिष्ट बोर्ड में शामिल थे.

निदेशकों के बीच परस्पर संबंध

आपके बैंक के बोर्ड में कोई भी निदेशक बैंक के बोर्ड के अन्य निदेशक से किसी भी रूप में संबद्ध नहीं है.

बोर्ड की आठ समितियां हैं, अर्थात कार्यपालक समिति, लेखा परीक्षा समिति, शेयरधारक/निवेशक शिकायत निवारण समिति, धोखाधड़ी निगरानी समिति, जोखिम प्रबंध समिति, ग्राहक सेवा समिति, सूचना प्रौद्योगिकी समिति और पारिश्रमिक समिति.

निदेशक मंडल की बैठकें

समीक्षाधीन अवधि (01 अप्रैल 2010 - 31 मार्च 2011) के दौरान बोर्ड की कुल 7 बैठकें हुईं जो 30 अप्रैल 2010, 30 जून 2010, 22 जुलाई 2010, 09 सितंबर 2010, 28 अक्तूबर 2010, 03 दिसंबर 2010 और 25 जनवरी 2011 को संपन्न हुईं. सभी सातों बैठकें मुंबई में आयोजित हुईं.

आपके बैंक के प्रत्येक निदेशक की बोर्ड की बैठकों में उपस्थिति, गत वार्षिक महासभा (एजीएम) में उपस्थिति, अन्य कंपनियों में निदेशकता और समितियों में सदस्यता का ब्योरा **तालिका 6** में दिया गया है.

बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

31 मार्च 2011 को बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति (एसीबी) में एक कार्यपालक निदेशक और चार स्वतंत्र निदेशकों सहित पांच सदस्य थे. श्री सुभाष तुली, सनदी लेखाकार लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष थे तथा श्री बी. पी. सिंह, उप प्रबंध निदेशक, श्री अनलजीत सिंह, श्रीमती लीला फिरोज पूनावाला एवं डॉ. बी.एस. बिष्ट इसके अन्य सदस्य थे. श्री बी. पी. सिंह कार्यपालक निदेशक थे और शेष चार सदस्य स्वतंत्र गैर-कार्यपालक निदेशक थे. एसीबी की भूमिका और उसके अधिकार कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 292ए के प्रावधानों, रिज़र्व बैंक के संबंधित दिशानिर्देशों और सूचीबद्धता करार के संशोधित खंड 49 के अनुसार थे, जो नीचे उल्लिखित हैं:

लेखा-परीक्षा समिति के अधिकार (संशोधित खंड 49 के अनुसार)

1. विचारार्थ विषयों के अंतर्गत किसी भी कार्यकलाप की जांच-पड़ताल करना
2. किसी भी कर्मचारी से सूचना मांगना
3. जहाँ कहीं आवश्यक हो, बाहरी कानूनी या व्यावसायिक सलाह लेना
4. आवश्यक समझे जाने पर संबद्ध क्षेत्र की विशेषज्ञता रखने वाले बाहरी व्यक्ति की उपस्थिति सुनिश्चित करना.

तालिका 6 : बोर्ड की बैठकों एवं वार्षिक महासभा में निदेशकों की उपस्थिति, उनकी निदेशकता और समितियों की सदस्यता				
निदेशकों के नाम	बैंक के बोर्ड की बैठकों में उपस्थिति (आयोजित बैठकों की कुल संख्या-7)	22 जुलाई 2010 को संपन्न गत वार्षिक महासभा में उपस्थिति	अन्य कंपनियों में निदेशकता	अन्य कंपनियों में एसीबी / एसजीसी सदस्यता (अध्यक्षता)
पूर्णकालिक निदेशक				
श्री आर. एम. मल्ला, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (09.07. 10 से)	5	उपस्थित	6	शून्य
श्री योगेश अग्रवाल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (05.06.10 तक)	1	लागू नहीं	6	शून्य
श्री बी पी सिंह, उप प्रबंध निदेशक	7	उपस्थित	3	1
गैर-कार्यपालक निदेशक				
श्री जी सी चतुर्वेदी (29.10. 10 तक)	2	अनुपस्थित	1	शून्य
श्री राकेश सिंह (29.10. 10 से)	1	लागू नहीं	शून्य	शून्य
श्री आर पी सिंह	1	अनुपस्थित	2	शून्य
स्वतंत्र निदेशक				
श्री अनलजीत सिंह	0	अनुपस्थित	13	शून्य
श्रीमती लीला फिरोज पूनावाला	5	उपस्थित	4	1(1)
श्री के नरसिम्हं मूर्ति	7	उपस्थित	5	4(3)
श्री एच एल जुत्शी	6	उपस्थित	4	1(1)
श्री सुभाष तुली	7	उपस्थित	शून्य	शून्य
डॉ शैलेंद्र नारायण (04.11.10 तक)	4	उपस्थित	1	शून्य
डॉ. बी. एस. बिष्ट (22.07.10 से)	2	लागू नहीं	शून्य	शून्य

अंतिम कॉलम में कोष्ठक में दिए गए आंकड़े समितियों की अध्यक्षता की संख्या दर्शाते हैं.

लेखा-परीक्षा समिति की भूमिका (संशोधित खंड 49 के अनुसार)

1. वित्तीय विवरणों की शुद्धता, पर्याप्तता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की जाँच तथा इसकी वित्तीय सूचनाओं का प्रकटीकरण
2. रिजर्व बैंक और शेयरधारकों से अनुमोदन की शर्त पर बोर्ड को नियुक्ति, पुनः नियुक्ति और लेखा परीक्षा शुल्क निर्धारण की सिफारिश करना.
3. सांविधिक लेखा-परीक्षकों द्वारा दी गई अन्य सेवाओं, यदि कोई हो, के लिए भुगतान की सिफारिश करना.
4. वार्षिक वित्तीय विवरणों को बोर्ड के पास अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करने से पहले निम्नलिखित संदर्भों में प्रबंधन के साथ समीक्षा करनाः
   (क) कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 के खंड (2एए) की शर्तों के अनुसार निदेशक के दायित्व संबंधी विवरण में शामिल किए जाने वाले विषयों को बोर्ड की रिपोर्ट में शामिल करना,
   (ख) लेखांकन से जुड़ी नीतियों और पद्धतियों में बदलाव, यदि कोई हो, तथा उसके कारण
   (ग) प्रबंधन के निर्णय के प्रयोग पर आधारित प्रमुख लेखा प्रविष्टियां
   (घ) लेखा-परीक्षा निष्कर्षों के आधार पर वित्तीय विवरणों में किए गए महत्वपूर्ण समायोजन
   (ङ) सूचीबद्धता तथा वित्तीय विवरणों से संबंधित अन्य कानूनी अपेक्षाओं का अनुपालन
   (च) किसी संबद्ध पार्टी के साथ लेन-देनों का प्रकटीकरण
   (छ) लेखा-परीक्षा रिपोर्ट के मसौदे में शर्तें

5. बोर्ड के पास अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करने से पहले तिमाही वित्तीय विवरणों की प्रबंधन के साथ समीक्षा

6. सांविधिक और आंतरिक लेखा-परीक्षकों के कार्यनिष्पादन तथा आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की पर्याप्तता के बारे में प्रबंधन के साथ समीक्षा

7. आंतरिक लेखा-परीक्षा कार्य, यदि कोई हो, की पर्याप्तता के बारे में समीक्षा, जिसमें आंतरिक लेखा-परीक्षा विभाग की संरचना, स्टाफ की संख्या तथा विभाग का नेतृत्व करने वाले अधिकारी की वरिष्ठता, रिपोर्टिंग ढांचे और आंतरिक लेखा-परीक्षा की आवधिकता शामिल हो.

8. किसी महत्वपूर्ण निष्कर्ष और उस पर अनुवर्ती कार्रवाई पर आंतरिक लेखा-परीक्षकों के साथ विचार-विमर्श.

9. लेखा परीक्षा के स्वरूप और कार्य-क्षेत्र के बारे में सांविधिक लेखा-परीक्षकों के साथ विचार-विमर्श और साथ ही चिंताजनक विषय का पता लागने के लिए लेखा परीक्षा के उपरांत विचार-विमर्श.

10. लेखा-परीक्षा समिति के विचारार्थ विषयों में उल्लिखित कोई अन्य कार्य.

लेखा परीक्षा समिति द्वारा सूचना की समीक्षा (संशोधित खंड 49 के अनुसार)

1. प्रबंधन से विचार-विमर्श तथा वित्तीय स्थिति और परिचालन परिणामों की समीक्षा

2. प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत विशेष महत्व वाले संबद्ध पक्ष लेन-देनों का विवरण (लेखा-परीक्षा समिति द्वारा परिभाषित किए गए अनुसार)

3. सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा जारी प्रबंधन संबंधी पत्र / आंतरिक नियंत्रण में शिथिलता संबंधी पत्र

4. आंतरिक नियंत्रण संबंधी शिथिलता के बारे में आंतरिक लेखा-परीक्षा रिपोर्ट.

बैठकों की संख्या

1अप्रैल 2010 से 31 मार्च 2011 तक की अवधि के दौरान एसीबी की 10 बैठकें हुईं, जो 30 अप्रैल 2010 (दो बार), 30 जून 2010, 22 जुलाई 2010, 23 जुलाई 2010, 16 अगस्त 2010, 28 अक्तूबर 2010, 24 जनवरी 2011, 25 जनवरी 2011 और 18 मार्च 2011 को हुई.

एसीबी की बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति का ब्योरा **तालिका 7** में दिया गया है.

तालिका 7 : एसीबी की बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति

निदेशकों के नाम	सदस्य के कार्यकाल में आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति
श्री सुभाष तुली, अध्यक्ष	10	10
श्री बी. पी. सिंह, उप प्रबंध निदेशक	10	10
श्री एच एल जुत्शी (27.10.10 तक)	6	6
श्रीमती लीला फिरोज पूनावाला	10	10
श्री अनलजीत सिंह (28.10.10 से)	4	शून्य
डॉ. बी. एस बिष्ट (28.10.10 से)	4	2
डॉ. शैलेंद्र नारायण (28.10.10 से 04.11.10 तक)	1	शून्य

निदेशकों को पारिश्रमिक

पारिश्रमिक नीति

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा उप प्रबंध निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है और उनका पारिश्रमिक एवं परिलब्धियां भारत सरकार द्वरा तय की जाती हैं. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और उप प्रबंध निदेशकों को प्रदत्त पारिश्रमिक का विवरण **तालिका** 8 में दिया गया है. अन्य स्वतंत्र निदेशकों और उप प्रबंध निदेशकों को बोर्ड / समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए प्रति बैठक ₹5,000 (बोर्ड, कार्यपालक समिति और लेखा परीक्षा समिति की बैठकों के लिए) और प्रति बैठक ₹2,500 (बोर्ड की अन्य समितियों की बैठक) की दर से केवल बैठक शुल्क अदा किया गया है. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा उप प्रबंध निदेशकों को पारिश्रमिक और स्वतंत्र निदेशकों को बैठक शुल्क के अलावा बैंक द्वारा उनकी यात्रा, रहने तथा परिवहन पर हुए खर्च को छोड़कर, निदेशकों को कोई और पारिश्रमिक अदा नहीं किया गया. गैर-कार्यपालक निदेशकों के बैंक के साथ समीक्षाधीन अवधि के दौरान आर्थिक संबंध/लेन-देन शून्य रहे.

तालिका 8 : अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा उप प्रबंध निदेशकों के पारिश्रमिक के घटक

वेतन और भत्ते	श्री आर. एम. मल्ला, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक - ₹ 80,000/- प्रति माह का वेतन और 35% की दर से ₹ 28,000 महंगाई भत्ता-कुल ₹ 1,08,000 श्री बी. पी. सिंह, उप प्रबंध निदेशक - ₹ 68,960/- प्रति माह का वेतन और 27% की दर से ₹ 18,619.20 महंगाई भत्ता-कुल ₹ 87,579.20
आतिथ्य	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और उप प्रबंध निदेशक, दोनों के संबंध में प्रत्येक के लिए ₹ 6000 प्रति वर्ष की अधिकतम सीमा के अधीन वास्तविक आतिथ्य (क्लब की सदस्यता उपर्युक्त अधिकतम सीमा के भीतर समायोज्य).
आवास	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा उप प्रबंध निदेशक दोनों को किराया-मुक्त सज्जित आवास.
छुट्टी यात्रा रियायत	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा उप प्रबंध निदेशक दोनों के लिए आधिकारिक दौरे हेतु लागू पात्रता श्रेणी के अनुसार स्वयं एवं परिवार के लिए भारत में किसी भी स्थान की यात्रा के लिए 2 वर्षों के ब्लॉक में एक बार.
पेंशन	बैंक, जहां वे कैरियर पद पर हैं, के नियमों और विनियमों के अनुसार कैरियर पद में (बोर्ड स्तर से नीचे) स्वीकार्य पेंशन, यदि कोई है, प्राप्त करने के लिए पात्र हैं.
ग्रेच्युटी	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक / उप प्रबंध निदेशक के रूप में सेवा के प्रत्येक पूर्ण किए वर्ष अथवा 6 माह से अधिक की सेवा के लिए आधे माह के वेतन की दर से.
कार्यकाल	श्री आर. एम. मल्ला - 07 जुलाई 2010 की भारत सरकार की अधिसूचना एफ.सं. 9/12/2009-बीओ. I द्वारा 9 जुलाई 2010 से 31.05.2013 तक अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त. श्री बी. पी. सिंह - 19 फरवरी 2010 की भारत सरकार की अधिसूचना एफ.सं.9/14/2009-बीओ. I द्वारा 20 फरवरी 2010 से उनकी अधिवर्षिता आयु (31.01.2012) तक अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, उप प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त.
कार्य-निष्पादन संबद्ध प्रोत्साहन राशि / स्टॉक ऑप्शन	बैंक के अध्यक्ष और पूर्णकालिक निदेशकों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान करने से संबंधित भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसरण में बोर्ड की पारिश्रमिक समिति ने 18 जनवरी 2011 को संपन्न अपनी बैठक में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और उप प्रबंध निदेशकों को वित्तीय वर्ष 2009-10 के लिए कार्य-निष्पादन संबद्ध प्रोत्साहन राशि प्रदान करने का अनुमोदन दिया था.

बोर्ड की जोखिम प्रबंध समिति

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

31 मार्च 2011 को आपके बैंक में पाँच सदस्यों वाली जोखिम प्रबंध समिति थी. श्री एच. एल. जुत्शी इस समिति के अध्यक्ष थे और श्री बी. पी. सिंह, उप प्रबंध निदेशक, श्री आर. पी. सिंह, सरकारी निदेशक, श्री अनलजीत सिंह और श्रीमती लीला फिरोज़ पूनावाला दोनों निदेशक इसके सदस्य थे. यह समिति आपके बैंक के कारोबार से जुड़े विभिन्न जोखिमों का आकलन, उनमें कमी लाने और परिसंपत्ति देयता असंतुलन से जुड़े मुद्दों का भी समाधान करती है.

बैठकों की संख्या

1 अप्रैल 2010 से 31 मार्च 2011 तक की अवधि के दौरान जोखिम प्रबंध समिति की तीन बैठकें - 30 जून 2010, 25 जनवरी 2011 और 17 मार्च 2011 को हुई.

बोर्ड की शेयरधारक / निवेशक शिकायत निवारण समिति

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

31 मार्च 2011 को आपके बैंक की चार सदस्यों वाली शेयरधारक / निवेशक शिकायत निवारण समिति में एक कार्यपालक निदेशक और तीन स्वतंत्र

गैर-कार्यपालक निदेशक यथा सर्वश्री बी. पी. सिंह, उप प्रबंध निदेशक, के. नरसिम्ह मूर्ति, सुभाष तुली तथा डॉ. बी. एस. बिष्ट सदस्य के रूप में शामिल थे.

इस समिति का गठन शेयर-अंतरण, वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त न होने, घोषित लाभांश प्राप्त न होने आदि से संबंधित शेयरधारकों एवं निवेशकों की शिकायतों का निवारण करने के लिए किया गया है.

बैठकों की संख्या

1 अप्रैल 2010 से 31 मार्च 2011 की अवधि के दौरान इस समिति की तीन बैठकें - 30 जून 2010, 09 सितंबर 2010 और 25 जनवरी 2011 को हुईं.

बोर्ड की कार्यपालक समिति

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

बोर्ड के अलावा आपके बैंक की कार्यपालक समिति भी कार्यरत है, जो नीतिगत मामलों के साथ-साथ खास तौर पर ऐसे मामलों, जिन पर बोर्ड द्वारा विचार किया जाना अपेक्षित है, पर विचार करती है और बोर्ड द्वारा इसे प्रत्यायोजित अन्य शक्तियों का प्रयोग करती है. 31 मार्च 2011 को इस समिति के अध्यक्ष श्री आर.एम. मल्ला, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक थे और सर्वश्री बी पी सिंह, उप प्रबंध निदेशक, के. नरसिम्ह मूर्ति, एच. एल. जुत्शी, सुभाष तुली और डॉ. बी.एस. बिष्ट इसके सदस्य थे.

बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि 1 अप्रैल 2010 - 31 मार्च 2011 के दौरान कार्यपालक समिति की 9 बैठकें - 30 अप्रैल 2010, 26 मई 2010, 30 जून 2010, 22 जुलाई 2010, 09 सिंतबर 2010, 28 अक्तूबर 2010, 03 दिसंबर 2010, 24 जनवरी 2011 और 17 मार्च 2011 को हुईं.

बोर्ड की धोखाधड़ी निगरानी समिति

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

बैंक में धोखाधड़ी से संबंधित पहलुओं को देखने के लिए धोखाधड़ी निगरानी समिति गठित की गई थी. 31 मार्च 2011 को इस समिति के अध्यक्ष श्री आर. एम. मल्ला, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक थे और सर्वश्री बी पी सिंह, उप प्रबंध निदेशक, के नरसिम्ह मूर्ति और सुभाष तुली इसके सदस्य थे.

बैठकों की संख्या

1 अप्रैल 2010 से 31 मार्च 2011 की अवधि के दौरान धोखाधड़ी निगरानी समिति की छः बैठकें - 30 अप्रैल 2010, 23 जुलाई 2010, 09 सितंबर 2010, 03 दिसंबर 2010, 25 जनवरी 2011 और 17 मार्च 2011 को हुईं.

बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

रिटेल बैंकिंग खंड में ग्राहकों की शिकायतों का निवारण करने और ग्राहकों को कारगर सेवा देने के लिए आपके बैंक द्वारा एक ग्राहक सेवा समिति का गठन किया गया था. 31 मार्च 2011 को श्रीमती लीला फिरोज पूनावाला इसकी अध्यक्ष थीं और सर्वश्री बी पी सिंह, उप प्रबंध निदेशक, आर. पी. सिंह, सरकारी निदेशक और डॉ. बी. एस. बिष्ट इसके सदस्य थे.

बैठकों की संख्या

1 अप्रैल 2010 से 31 मार्च 2011 के दौरान ग्राहक सेवा समिति की दो बैठकें 23 जुलाई 2010 और 18 मार्च 2011 को हुईं.

बोर्ड की सूचना प्रौद्योगिकी समिति

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

ग्राहकों को विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्रदान करने, दृष्टिकोण को सुसंगत बनाने में सहायता करने, योजनाएं शुरू करने और सेवाओं का प्रावधान करने हेतु प्रौद्योगिकीय प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए आपके बैंक द्वारा उठाये गये कदमों को ध्यान में रखते हुए आपके बैंक ने सूचना प्रौद्योगिकी समिति का गठन किया था. 31 मार्च 2011 को श्री के. नरसिम्ह मूर्ति इस समिति के अध्यक्ष थे और सर्वश्री बी पी सिंह, उप प्रबंध निदेशक, आर. पी, सिंह, सरकारी निदेशक, एच एल जुत्शी और श्रीमती लीला फिरोज पूनावाला इसके सदस्य थे.

बैठकों की संख्या

1 अप्रैल 2010 से 31 मार्च 2011 के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी समिति की तीन बैठकें - 26 मई 2010, 09 सितंबर 2010 और 17 मार्च 2011 को हुईं.

बोर्ड की परिश्रमिक समिति

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा उप प्रबंध निदेशकों को वार्षिक कार्य-निष्पादन संबद्ध प्रोत्साहन पर विचार करने और उसके भुगतान का अनुमोदन करने के लिए एक पारिश्रमिक समिति का गठन किया गया है. 31 मार्च 2011 को श्री राकेश सिंह, सरकारी निदेशक इस समिति के अध्यक्ष थे तथा श्री आर. पी. सिंह, सरकारी निदेशक, श्री एच.एल. जुत्शी, श्री अनलजीत सिंह, श्री के. नरसिम्ह मूर्ति और श्रीमती लीला फिरोज पूनावाला इसके सदस्य थे.

1 अप्रैल 2010 से 31 मार्च 2011 की अवधि के दौरान वित्तीय वर्ष 2009-10 के लिए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा उप प्रबंध निदेशकों को वार्षिक कार्य-निष्पादन संबद्ध प्रोत्साहन राशि की अदायगी का अनुमोदन करने के लिए पारिश्रमिक समिति की दो बैठकें 10 जून 2010 और 18 जनवरी 2011 को हुईं.

महासभा की बैठकें

आपके बैंक की पिछली वार्षिक महासभा (एजीएम) 22 जुलाई 2010 को हुई थी. आईडीबीआई बैंक लि. की वार्षिक महासभाओं का विवरण **तालिका 9** में दिया गया है.

तालिका 9 : वार्षिक महासभाओं का विवरण	
गत तीन वार्षिक महासभाओं के आयोजन का स्थान व समय	1) 22 जुलाई 2008 को अपराह्न 3.30 बजे नेहरू सेन्टर ऑडिटोरियम, वरली, मुंबई - 400 018 में (बैंक की चौथी वार्षिक महासभा) 2) 15 जुलाई 2009 को अपराह्न 3.30 बजे नेहरू सेन्टर ऑडिटोरियम, वरली, मुंबई - 400 018 में (बैंक की पांचवीं वार्षिक महासभा) 3) 22 जुलाई 2010 को अपराह्न 3.30 बजे यशवंतराव चव्हाण सेंटर ऑडिटोरियम, जगन्नाथराव भोंसले मार्ग, मुंबई - 400 021 में (बैंक की छठी वार्षिक महासभा)
क्या पिछली वार्षिक महासभा में विशेष संकल्प पारित किये गये थे.	हां, 22 जुलाई 2010 को संपन्न बैंक की पिछली वार्षिक महासभा में (i) अधिनियम की धारा 224ए के अंतर्गत सांविधिक लेखा परीक्षकों की नियुक्ति हेतु तथा (ii) बैंक की प्राधिकृत पूंजी ₹ 1250 करोड़ से बढ़ाकर ₹ 2000 करोड़ करने के संबंध में विशिष्ट निर्णय लेने के लिए बोर्ड को प्राधिकृत करने के प्रस्ताव का शेयरधारकों से अनुमोदन प्राप्त करने हेतु विशेष संकल्प पारित किए गए थे.
क्या कोई विशेष संकल्प डाक मतपत्र के माध्यम से पारित करने का प्रस्ताव है	नहीं
क्या गत वर्ष डाक मतपत्रों के जरिए विशेष संकल्प प्रस्तुत किये गये थे तथा मतदान पद्धति का ब्योरा	नहीं
व्यक्ति, जिसने डाक मतदान का कार्य संचालित किया	
डाक मतदान हेतु प्रक्रिया	

प्रकटन

1 अप्रैल 2010 - 31 मार्च 2011 के दौरान ऐसी किसी भी कंपनी को सहायता प्रदान नहीं की गई, जिसमें आपके बैंक के किसी निदेशक की हितबद्धता थी. आपका बैंक नियमित रूप से सूचीबद्धता करार के संशोधित खंड 49 की अनिवार्य अपेक्षाओं का पालन करता है. जैसे - (i) संबद्ध पक्ष लेने-देनों, यदि कोई हों, की जानकारी बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति को दी जाती है; (ii) लेखांकन पद्धति का स्पष्ट प्रकटन वित्तीय विवरणों में किया जाता है; (iii) बैंक जोखिम आकलन और उन्हें न्यूनतम रखने की पद्धतियों की समीक्षा बोर्ड को प्रस्तुत करता है.

31 जुलाई 2010 को भारत सरकार को ₹ 10 प्रत्येक मूल्य के 25,95,09,110 इक्विटी शेयरों का ₹ 110.19 प्रीमियम पर ₹ 3119.04 करोड़ का अधिमान्य निर्गम जारी किया गया.

पिछले तीन वर्षों के दौरान गैर-अनुपालन / दंड आदि की स्थिति शून्य रही.

आचार संहिता और सदाचार

आपके बैंक के निदेशक मंडल ने निदेशकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए आचार संहिता तथा सदाचार को अपनाया है. सूचीबद्धता करार के संशोधित खंड 49 की अपेक्षाओं के अनुपालन में, आपके बैंक के निदेशक मंडल के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्यपालकों द्वारा आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि के बारे में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित घोषणा नीचे दी गई है:

मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा घोषणा

सूचीबद्धता करार के खंड 49 के प्रावधानों के अनुसरण में, सभी संबंधित व्यक्तियों की जानकारी के लिए एतद्द्वारा घोषणा की जाती है कि वित्तीय वर्ष 2010-11 में आईडीबीआई बैंक लि. के निदेशक मंडल के सभी सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्यपालकों ने आईडीबीआई बैंक लि. के निदेशकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है.

ह/-

आर.एम. मल्ला

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

18 अप्रैल 2011

भेदिया व्यापार की रोकथाम

सेबी (भेदिया व्यापार निषेध) विनियम, 1992 की अपेक्षाओं के अनुसरण में बैंक ने भेदिया व्यापार की रोकथाम के लिए व्यापक आचार संहिता बनाई है.

सीईओ / सीएफओ द्वारा प्रमाणन

सूचीबद्धता करार के संशोधित खंड 49 के अनुसार वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित वित्तीय विवरणों और आंतरिक नियंत्रणों पर सीईओ और सीएफओ से प्रमाणन प्राप्त कर बोर्ड को प्रस्तुत कर दिया गया है.

विसल ब्लोअर नीति

आपके बैंक के बोर्ड ने विसल ब्लोअर नीति को अपनाया है. इस नीति के अनुसार कर्मचारी बैंक के परिचालनों से संबंधित मुद्दों, यदि कोई हैं, को उठाने और निर्दिष्ट चैनलों के जरिये लेखा परीक्षा समिति को रिपोर्ट करने के लिए स्वतंत्र हैं. इस व्यवस्था के संबंध में परिपत्र जारी किया गया है और बैंक के इंट्रानेट पर भी रखा गया है.

सहायक कंपनियां

31 मार्च 2011 को आपके बैंक के पूर्ण स्वामित्ववाली चार सहायक कंपनियां थीं, जिनके नाम हैं : आईडीबीआई इंटेक लि., आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि. और आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लि. भारत सरकार के कंपनी कार्य मंत्रालय के 8 अप्रैल 2011 के आदेश द्वारा कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 391-394 के तहत बैंक के पूर्ण स्वामित्व वाली दो कंपनियों यथा आईडीबीआई होम फाइनेंस लि. और आईडीबीआई गिल्ट्स लि. का बैंक के साथ समामेलन कर दिया गया. समामेलन योजना की नियत तारीख 1 जनवरी 2011 अनुमोदित की गई. कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 394 (3) के अनुसार भारत सरकार का उपर्युक्त आदेश मानक फॉर्म 21 के जरिए कंपनी रजिस्ट्रार को 26 अप्रैल 2011 को प्रस्तुत कर दिया गया है. आपके बैंक के बोर्ड के किसी भी स्वतंत्र निदेशक को इसकी सहायक कंपनियों के बोर्ड में रखने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि कोई भी सहायक कंपनी संशोधित खंड 49 के अंतर्गत परिभाषित किये अनुसार तात्विक रूप से असूचीबद्ध सहायक कंपनी नहीं हैं. बैंक की लेखा परीक्षा समिति वित्तीय विवरणों, विशेष रूप से असूचीबद्ध सहायक कंपनियों द्वारा किये गये निवेशों की समीक्षा करती है. असूचीबद्ध सहायक कंपनियों की बोर्ड बैठकों के कार्यवृत्त आपके बैंक की बोर्ड बैठकों में नियमित रूप से प्रस्तुत किये जाते हैं.

सहायक कंपनियों के वार्षिक लेखे

कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 212 के अनुसार नियंत्रक कंपनी को अपनी सहायक कंपनियों के वार्षिक लेखे व अन्य दस्तावेज अपने तुलन पत्र के साथ संलग्न करने चाहिए. इस संबंध में भारत सरकार के कंपनी कार्य के मंत्रालय (एससीए) ने दिनांक 8 फरवरी 2011 के परिपत्र सं. 5/12/2007-सीएल-III द्वारा उक्त परिपत्र में निहित शर्तों को पूरा करनेवाली कंपनियों को कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 212 (8) के तहत प्रकटन से सामान्य छूट प्रदान की है. तदनुसार बैंक ने इस छूट को लेते हुए अपनी सहायक कंपनियों के वार्षिक लेखे व अन्य दस्तावेज अपने तुलन पत्र के साथ संलग्न नहीं किए हैं. प्रत्येक सहायक कंपनी की सारांशीकृत वित्तीय जानकारी बैंक के समेकित वित्तीय विवरणों में प्रकट की गई है.

बैंक की प्रत्येक सहायक कंपनी के वार्षिक लेखे और अन्य संबंधित विस्तृत जानकारी नियंत्रक व सहायक कंपनियों के शेयरधारकों को किसी भी समय माँगने पर उपलब्ध करायी जाएगी. इस संबंध में इच्छुक शेयरधारक बैंक के बोर्ड विभाग को लिख सकते हैं.

बैंक की प्रत्येक सहायक कंपनी के वार्षिक लेखे और अन्य संबंधित विस्तृत जानकारी नियंत्रक व सहायक कंपनियों के शेयरधारकों को किसी भी समय माँगने पर उनके प्रधान कार्यालय में अवलोकनार्थ उपलब्ध रहेगी. बैंक और इसकी सहायक कंपनियों के पते कॉरपोरेट अभिशासन अध्याय के अंत में दिए गए हैं.

सूचना के साधन

आपके बैंक के कामकाज पर विस्तृत वार्षिक रिपोर्ट, जिसमें निदेशकों की रिपोर्ट (जिसमें प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण होता है) और वार्षिक लेखे शामिल हैं, उपलब्ध कराने के अलावा आपका बैंक अपने शेयरधारकों की जानकारी के लिए तिमाही कार्य-परिणामों को राष्ट्रव्यापी प्रसार वाले एक अंग्रेजी समाचार पत्र में और एक क्षेत्रीय भाषा के समाचार पत्र में नियमित रूप से प्रकाशित करता है. उपर्युक्त जानकारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति तथा संस्थागत निवेशकों और विश्लेषकों के समक्ष की गई प्रस्तुतियों के साथ आपके बैंक की वेबसाइट (**www.idbi.com**) पर भी उपलब्ध कराई गई थी.

ऐसे दस्तावेज, जो वर्णित हैं लेकिन वार्षिक महासभा की सूचना पाने के पात्र व्यक्तियों को भेजे नहीं गये हैं, वार्षिक महासभा की तारीख से 21 दिन पहले से बैंक के पंजीकृत कार्यालय में कार्य समय के दौरान शेयरधारकों के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगे

आम शेयरधारकों के लिए सूचना

1 अप्रैल 2010 से 31 मार्च 2011 के दौरान शेयर मूल्य में उतार-चढ़ाव तथा शेयरधारकों से संबंधित अन्य सामान्य सूचनाओं का ब्योरा क्रमशः **रेखाचित्र 3, तालिका 10 और तालिका 11** में दिया गया है.

तालिका 10: बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में आईडीबीआई बैंक लि. के शेयर मूल्य में उतार-चढ़ाव : अप्रैल 2010-मार्च 2011

(₹)

माह	उच्च	निम्न	माह	उच्च	निम्न
अप्रैल-10	127.25	115.25	अक्तूबर-10	188.40	153.55
मई-10	128.85	105.85	नवंबर-10	202.25	146.55
जून-10	128.90	109.10	दिसंबर-10	173.80	144.95
जुलाई-10	126.60	116.10	जनवरी-11	168.30	136.25
अगस्त-10	133.90	117.05	फरवरी-11	143.00	122.65
सितंबर-10	155.50	122.05	मार्च-11	147.10	131.20

रेखाचित्र 3: आईडीबीआई बैंक लि. का शेयर मूल्य (₹) और बीएसई सूचकांक: अप्रैल 2010 - मार्च 2011



तालिका 11 : आम शेयरधारकों के लिए सूचना	
वित्तीय कैलेंडर	1 अप्रैल 2010 से 31 मार्च 2011 तक
	1) 30 जून 2010 को समाप्त तिमाही के परिणामों पर 22 जुलाई 2010 को विचार किया गया. 2) 30 सितंबर 2010 को समाप्त तिमाही / छमाही के परिणामों पर 28 अक्तूबर 2010 को विचार किया गया. 3) 31 दिसंबर 2010 को समाप्त तीसरी तिमाही / नौमाही के परिणामों पर 25 जनवरी 2011 को विचार किया गया 4) 31 मार्च 2011 को समाप्त वर्ष के लेखा परीक्षित परिणामों पर 19 अप्रैल 2011 को विचार किया गया.
लेखाबहियों के बंद रहने की तारीख	06 सितंबर 2011 से 08 सितंबर 2011 तक
प्रॉक्सी फॉर्म प्राप्त होने की अंतिम तारीख	06 सितंबर 2011
वार्षिक महासभा की तारीख, समय व स्थान	गुरुवार 08 सितंबर 2011 को अपराह्न 3.30 बजे, नेहरू सेन्टर ऑडिटोरियम, वरली, मुंबई - 400 018
लाभांश भुगतान की तारीख	04 अक्टूबर 2011
लाभांश वारंट प्रेषण की तारीख	27 सितंबर 2011
तिमाही परिणामों पर विचार करने के लिए बोर्ड की बैठक	संबंधित तिमाही की समाप्ति से एक माह के भीतर
स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्धता	बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लि. (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. (एनएसई)
स्टॉक कोड / प्रतीक	बीएसई - 500116, एनएसई - आईडीबीआई /ईक्यू
रजिस्ट्रार एवं अंतरण एजेंट	इन्वेस्टर सर्विसेज ऑफ इंडिया लि., दूसरी मंजिल, ए विंग, आईडीबीआई बिल्डिंग, सेक्टर 11, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई- 400 614
शेयर अंतरण प्रणाली	शेयरों के अंतरण का अनुमोदन कार्यपालक निदेशक / मुख्य महा प्रबंधक से युक्त एक आंतरिक समिति द्वारा साप्ताहिक आधार पर किया जाता है.
गैर-कार्यपालक निदेशकों द्वारा धारित शेयरों तथा परिवर्तनीय लिखतों की संख्या	शून्य

शेयरधारिता का वितरण

मार्च 2011 के अंत में आपके बैंक के शेयरधारकों की प्रमुख श्रेणियों द्वारा शेयरधारिता का ब्योरा और वितरण अनुसूची नीचे **तालिका 12** और **तालिका 13** में दी गई है.

तालिका 12 : मार्च 2011 के अंत में शेयरधारिता का स्वरूप

शेयरधारकों की श्रेणी	धारित शेयरों की संख्या	कुल का %
भारत सरकार	641287110	65.13
कर्मचारी	1313391	0.13
जनता	109825430	11.15
हिन्दू अविभक्त परिवार	2962194	0.30
कंपनी निकाय	34291521	3.48
संस्थाएं (अर्थात् बैंक, विदेशी संस्थागत निवेशक, रावि निगम, वित्तीय संस्थाएं, म्यूचुअल फंड एवं विदेशी कंपनी निकाय)	115008467	11.68
सोसायटी	28960	0.00
न्यास	585328	0.07
बीमा कंपनियां	71899636	7.30
अनिवासी भारतीय	5823775	0.59
निदेशक एवं रिश्तेदार	640	0.00
एनएसडीएल (अंतरणाधीन)	1541647	0.17
कुल योग	**984568099**	**100.00**

तालिका 13: मार्च 2011 के अंत में वितरण अनुसूची

क्रम सं.	श्रेणी		शेयरधारकों की संख्या	कुल शेयरधारकों का %	राशि (₹)	कुल राशि का %
	से	तक				
1	1	5000	412806	92.38	615680480	6.25
2	5001	10000	20602	4.61	158482900	1.61
3	10001	20000	7728	1.73	114174160	1.16
4	20001	30000	2062	0.46	52540610	0.53
5	30001	40000	833	0.19	29894440	0.30
6	40001	50000	713	0.16	33689820	0.34
7	50001	100000	1061	0.24	78548580	0.80
8	100001 व अधिक		1033	0.23	8762670000	89.01
कुल			**446838**	**100.00**	**9845680990**	**100.00**

शेयर अंतरण प्रणाली और निवेशक शिकायत निवारण

शेयर अंतरण प्रक्रिया को शीघ्र निपटाने के उद्देश्य से अंतरण ज्ञापन (एमओटी) को साप्ताहिक आधार पर अनुमोदित करने के लिए कार्यपालक निदेशक / मुख्य महा प्रबंधक की आंतरिक समिति गठित की गई है. आपके बैंक ने श्री पवन अग्रवाल को बैंक के कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी के रूप में नामित किया है.

1 अप्रैल 2010 को 716 निवेशक शिकायतों का निवारण लंबित था और 1 अप्रैल 2010 से 31 मार्च 2011 के दौरान आपके बैंक के रजिस्ट्रार और



अंतरण एजेंटों को शेयरधारकों/निवेशकों से 19,061 शिकायतें प्राप्त हुईं. वर्ष के दौरान 19775 शिकायतों का निवारण किया गया और 31 मार्च 2011 को 2 शिकायतों का निवारण लंबित था. शेयरों/बांडों के संबंध में 1 अप्रैल 2010 को अंतरण के लिए 87 मामले लंबित थे. 1 अप्रैल 2010 से 31 मार्च 2011 की अवधि के दौरान आपके बैंक के रजिस्ट्रार और अंतरण एजेंटों को शेयरों / बांडों के अंतरण के लिए 3129 अनुरोध प्राप्त हुए. इनमें से 3158 पर कार्रवाई की गई और 31 मार्च 2011 को 58 मामले लंबित थे.

अदावी उचंत खाते के विवरण का प्रकटन (सूचीबद्धता करार के खंड 5ए के अधीन)

सूचीबद्धता करार के संशोधित खंड 5ए के अनुसार बैंक भौतिक रूप में उपलब्ध अदावी शेयर प्रमाण-पत्रों के संबंध में 'अदावी उचंत खाता' खोलने के लिए निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन कर रहा है. संबंधित शेयरधारकों को 10 फरवरी 2011, 24 फरवरी 2011 और 10 मार्च 2011 को तीन स्मरण-पत्र भेजे गए थे. शेयरधारकों से मिले जवाब के आधार पर 31 मार्च 2011 को 5489 शेयरधारकों से संबंधित 1306817 शेयरों की आईडीबीआई बैंक में खोले जानेवाले अदावी उचंत खाते में जमा किए जाने हेतु पहचान की गई. बैंक के बोर्ड ने 19 अप्रैल 2011 की अपनी बैठक में डीमेट खाता खोलने का अनुमोदन प्रदान कर दिया है. इस प्रकार उपर्युक्त डीमेट खाता 31 मार्च 2011 के बाद खोला जाएगा तथा सूचीबद्धता करार के खंड 5ए (एच) के अनुसार अदावी उचंत खाते के विवरण का प्रकटन वित्तीय वर्ष 2011-12 की वार्षिक रिपोर्ट से आरंभ किया जाएगा.

तालिका 14: डिमटेरियलाजेशन का विवरण तथा पत्राचार के लिए पता	
शेयरों का डिमटेरियलाइजेशन और चलनिधि	आईडीबीआई बैंक लि. की पूर्णतः प्रदत्त पूंजी ₹ 984.56 करोड़ है जिसमें ₹ 10 प्रत्येक के 98.45 करोड़ इक्विटी शेयर शामिल हैं. कुल लगभग 4.46 लाख निवेशकों में से 3.59 लाख निवेशकों द्वारा 96.44 करोड़ शेयर इलेक्ट्रॉनिक रूप में धारित हैं. इलेक्ट्रॉनिक रूप में धारित शेयरों का प्रतिशत 97.96% है. आईडीबीआई बैंक के स्क्रिप की बीएसई एवं एनएसई पर सक्रिय रूप से ट्रेडिंग होती है. वर्ष 2011-12 की सूचीबद्धता फीस इन एक्सचेंजों को अदा कर दी गई है.
बकाया जीडीआर/एडीआर/वारंट अथवा परिवर्तनीय लिखत, परिवर्तन की तारीख तथा इक्विटी पर संभावित प्रभाव	आईडीबीआई बैंक लि. ने जीडीआर/एडीआर/वारंट अथवा परिवर्तनीय लिखत जारी नहीं किए हैं.
प्लांट का स्थान	लागू नहीं. तथापि, बैंक की शाखाओं के स्थान के बारे में जानकारी बैंक की वेबसाइट **www.idbi.com** पर उपलब्ध है.
पत्राचार हेतु पते	आईडीबीआई बैंक लि. इक्विटी कक्ष - बोर्ड विभाग, बीसवीं मंज़िल, आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई - 400 005 फोन : 022-66552779, 66553062, 66552620 फैक्स: 022-2218 2352 ई-मेल :- idbiequity@idbi.co.in रजिस्ट्रार एवं अंतरण एजेंट इंवेस्टर सर्विसेज ऑफ इंडिया लि., दूसरी मंजिल, ए विंग, आईडीबीआई बिल्डिंग, सेक्टर 11, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई - 400 614 फोन : 022-27571615, 27579636-44 फैक्स : 022-27579645 ई-मेल : idbiequity@isilindia.com

तालिका 14: डिमटेरियलाजेशन का विवरण तथा पत्राचार के लिए पता *(जारी...)*	
सहायक कंपनियों के पते	आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लिमिटेड 5वीं मंज़िल, मफतलाल सेंटर नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021 आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड आईडीबीआई बिल्डिंग, पहली मंजिल, प्लॉट नं. 39-41 सेक्टर 11, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई - 400 614 आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई - 400 005 आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लिमिटेड आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई - 400 005 टिप्पणी: आईडीबीआई होम फाइनेंस लि. और आईडीबीआई गिल्ट्स लि. (भारत सरकार के 08 अप्रैल 2011 के आदेश के अनुसार आईडीबीआई बैंक के साथ समामेलन अनुमोदित).



कॉरपोरेट अभिशासन पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के सदस्यगण,

हमने आईडीबीआई बैंक लिमिटेड (इसमें इसके पश्चात बैंक के रूप में निर्दिष्ट) के भारतीय स्टॉक एक्सचेंज के साथ सूचीबद्धता करार के खंड 49 में बताये अनुसार 31 मार्च 2011 को समाप्त वर्ष के लिए उपर्युक्त बैंक द्वारा कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों के अनुपालन की जांच की है.

कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन करना प्रबंधन की जिम्मेदारी है. हमारी जांच कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए बैंक द्वारा अपनाई गई प्रक्रियाओं और उनके कार्यान्वयन की समीक्षा तक सीमित थी. यह न तो लेखा परीक्षा है और न ही बैंक के वित्तीय विवरणों पर राय जाहिर करना है.

हमारी राय में और हमारी अधिकतम जानकारी तथा निदेशकों एवं प्रबंधन द्वारा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों व प्रस्तुत प्रतिवेदनों के आधार पर हम प्रमाणित करते हैं कि बैंक ने उपर्युक्त सूचीबद्धता करार की शर्तों के अनुसार कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन किया है.

हम स्पष्ट करते हैं कि यह अनुपालन न तो बैंक की भावी अर्थक्षमता का आश्वासन है और न ही प्रबंधन की बैंक के कार्यों को संचालित करने की कार्यकुशलता अथवा प्रभावशीलता का द्योतक है.

